दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल
रायपुर, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025 शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 66 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

सायकल वाले भैया अखिलेश यादव का कहना है कि ईडी जैसे विभाग को खत्म कर देना चाहिए। उनका कहना है कि कांग्रेस ने ईडी बनाई थी और अब उसे ही ईडी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए ईडी को खत्म कर देना चाहिए। वैसे उनका कहना सही भी है। ईडी की कार्यवाही का कोई नतीजा नहीं निकल रहा है। भ्रष्टाचार के आरोपी नेताओं से बस पूछताछ होती है। ऐसे आरोपी कुछ ही समय में जमानत पर छूट भी जाते हैं। जब किसी भ्रष्टाचारी को सजा नहीं होती तो फिर ईडी आखिर किस काम की है?

'सुपर संसद की तरह काम कर रहे जज, राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकती हैं अदालतें'

नई दिल्ली/ए.। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश की कड़ी आलोचना की है, जिसमें राष्ट्रपति को राज्यपालों की ओर से विचार के लिए भेजे गए विधेयकों पर डेडलाइन के भीतर एक्शन लेने का निर्देश दिया गया है। इसे लेकर उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत में कभी भी ऐसा लोकतंत्र नहीं रहा, जहां न्यायाधीश किसी लॉ मेकर, कार्यपालिका और यहां तक कि 'सुपर संसद÷ के रूप में काम करें।

राष्ट्रपति का स्थान बहुत ऊंचा

: राज्यसभा इंटर्न के ग्रुप को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में एक फैसले में राष्ट्रपति को निर्देश दिया गया है, हम कहां जा रहे हैं? देश में क्या हो रहा है? संवैधानिक सीमाओं के उल्लंघन पर चिंता जताते हुए उपराष्ट्रपति ने वहां मौजूद लोगों को राष्ट्रपति की शपथ की याद दिलाई और इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रपति का स्थान बहुत ऊंचा है, जबकि अन्य लोग सिर्फ संविधान का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यायाधीश यशवंत वर्मा के नकदी प्रकरण पर खुलासा होना चाहिए : धनखड़

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि न्यायाधीश यशवंत वर्मा के घर से मिली नकदी प्रकरण का खुलासा होना चाहिए क्योंकि 'न्यायपालिका की स्वतंत्रता' किसी न्यायिक अधिकारी की जांच, अन्वेषण और छानबीन के विरुद्ध कोई अभेद्य कवच नहीं है। धनखड़ ने यहां उपराष्ट्रपति निवास में राज्यसभा के 6वें बैच के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्मा प्रकरण को एक महीना बीत चुका है, लेकिन कुछ भी सार्वजनिक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मामले में अभी तक प्राथमिकी भी दर्ज नहीं की गयी है जबकि भारतीय संविधान ने केवल राष्ट्रपति और राज्यपालों को ही अभियोजन से प्रतिरक्षा प्रदान की है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिए थे निर्देश

पिछले हफ़्ते सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि जब राज्यपाल संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति के पास कोई विधेयक सुरक्षित रखते हैं, तो तीन महीने के भीतर एक्शन लिया जाना चाहिए। यह डेडलाइन उस फैसले का हिस्सा थी जिसमें तमिलनाडु के राज्यपाल की लंबे समय से निष्क्रियता और राज्य के विधेयकों को मंजूरी न देने को लेकर कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। अदालत ने इस बात पर ज़ोर दिया कि राष्ट्रपति के पास 'पॉकेट वीटो' नहीं है और उन्हें विधानसभा से पारित विधेयकों को समय पर मंजूरी देनी चाहिए या खारिज करना चाहिए।

मनरेगा मज़दूरी नहीं बढ़ाना श्रमिक अधिकार पर आघात : खड़गे

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी नहीं बढ़ाना कामगारों के साथ अन्याय है और ऐसा नहीं करके मोदी सरकार अपनी श्रमिक विरोधी नीति के कारण मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है।

खड़गे ने कहा, ऐसा लगता है कि जनविरोधी मोदी सरकार ने मनरेगा की मजदूरी बढ़ाने से इनकार कर दिया है। ये मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों पर कुल्हाड़ी चलाना है। हाल ही, में संयुक्त संसदीय समिति ने मनरेगा श्रमिकों की रोज़ाना मजदूरी को 400 रुपये करने की सिफारिश की थी। वर्ष 2023 में बनी अमरजीत सिन्हा की उच्च स्तरीय समिति ने भी मजदूरी बढ़ाने और मनरेगा का बजट बढ़ाने का सुझाव दिया था। पर ग़रीब विरोधी मोदी सरकार, एक के बाद एक मनरेगा मज़दूरों पर जुल्म ढ़ाने पर उतारू है। क़रीब सात करोड़ पंजीकृत वर्करों को मनरेगा से आधार आधारित भुगतान की शर्त लगा बाहर करना हो, या फिर 10 सालों में मनरेगा बजट का पूरे बजट के हिस्से में सब से कम आवंटन करना हो, मोदी सरकार ने मनरेगा पर लगातार चोट मारने का काम किया है।

अगले सप्ताह अमेरिका जायेंगे राहुल

नई दिल्ली(वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अगले सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका की यात्रा पर जायेंगे और इस दौरान वह ब्राउन यूनिवर्सिटी में शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करेंगे। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी साझा की।

सौरव कोठारी ने आईबीएसएफ विश्व बिलियड्र्स खिताब जीता

कोलकाता/वार्ता। कोलकाता के सौरव कोठारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईबीएसएफ विश्व बिलियड्र्स चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है। बुधवार को आयरलैंड के कार्लो में खेले गये फाइनल मुकाबले में चालीस वर्षीय कोठारी ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी और दिग्गज बिलियड्र्स खिलाड़ी पंकज आडवाणी को 725-480 से हराकर विश्व बिलियड्र्स चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। कोठारी का यह दूसरा विश्व खिताब है।

लेखिका रोज केरकेट्टा का निधन

रांची/नवप्रदेश। झारखंड की लेखिका और आदिवासी अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली रोज केरकेट्टा का आज यहां निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार चल रही थीं। उनकी उम्र 84 वर्ष थी। उन्हें प्रभावती सम्मान, रानी दुर्गावती सम्मान और अयोध्या प्रसाद खत्री सम्मान से भी नवाजा गया था। उनका कहानी संग्रह पगहा जोरी-जोरी रे घाटो काफी चर्चित रहा है। इस बीच लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने रोज केरकेट्टा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से झारखंड को अपूरणीय क्षति हुई है।

वक्फ कानून पर सुप्रीम सुनवाई

केन्द्र को जवाब देने के लिए 7 दिन का समय

■ **अगली तारीख तक यथास्थिति बनी रहेगी**

नई दिल्ली(ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ से केंद्र की मांग पर सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए सात दिन का समय दिया। सरकार ने यह भी आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई तक उपयोगकर्ता की ओर से वक्फ या दस्तावेजों की ओर से वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यदि किसी वक्फ संपत्ति का पंजीकरण 1995 के अधिनियम के तहत हुआ है, तो उन संपत्तियों को 5 मई को अगली सुनवाई तक गैर-अधिसूचित नहीं किया जा सकता। इसके बाद कोर्ट ने मामले की अगली तारीख 5 मई तय की।

सरकार की दलील

सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार लोगों के प्रति जवाबदेह है। सरकार को लाखों-लाखों प्रतिनिधि मिले, गांव-गांव वक्फ में शामिल किए गए। इतनी सारी जमीनों पर वक्फ का दावा किया जाता है। इसे कानून का हिस्सा माना जाता है। अंतरिम रोक की राय पर मेहता ने कहा कि कानून पर रोक लगाना एक कठोर कदम होगा। उन्होंने अदालत के सामने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसने कहा था कि कानून में कुछ सकारात्मक बातें हैं और इस पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती। वह नहीं चाहता कि मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव हो। कोर्ट ने कहा कि जब मामला कोर्ट में लंबित है, तो हमे यह सुनिश्चित करना होगा कि मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव न हो।

नए वक्फ कानून को बताया ऐतिहासिक कदम
दाऊदी बोहरा समुदाय ने पीएम मोदी से की मुलाकात

दाऊदी बोहरा समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नए वक्फ कानून को लागू करने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। साथ ही इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया। समुदाय के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह उनकी लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे अब पूरा किया गया है। दाऊदी बोहरा समुदाय ने आगे प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के विजन पर भी विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि वे इस सोच के साथ खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। बता दें कि दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रतिनिधिमंडल की पीएम मोदी के साथ मुलाकात के दौरान केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद रहे।

साय कैबिनेट बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

वैट देनदारियां माफ, नया रायपुर में एनआईएफटी कैंपस को मंजूरी

■ **भारत अर्थ मूवर्स लि.को राज्य में संयंत्र स्थापित करने की सैद्धांतिक मंजूरी**

■ **प्रदेश के छोटे व्यापारियों के लिए सरकार का बड़ा फैसला**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद की बैठक में परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के हित में निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल एवं विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड, सरगुजा/बस्तर/बिलासपुर द्वारा आयोजित परीक्षाओं में छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी जो परीक्षा अथवा साक्षात्कार में उपस्थित होंगे उन्हें उनके द्वारा दी गई परीक्षा शुल्क की राशि वापस की जाएगी।

एनआईएफटी के कैम्पस को मंजूरी

कैबिनेट की बैठक में नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ में एन.आई.एफटी. के कैम्पस को मंजूरी प्रदान की गई। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान का नया कैम्पस छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में स्थापित किया जाएगा। कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसार इस परियोजना की कुल संभावित लागत करीब 271.18 करोड़ रुपये होगी। इसमें भूमि क्रय हेतु 21.18 करोड़, भवन निर्माण के लिए 200 करोड़ और मशीनरी, फर्नीचर आदि के लिए 50 करोड़ रुपये का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छोटे व्यापारियों के हित में बड़ा फैसला

इससे सिरियस केन्डीडेट की परीक्षा में उपस्थिति का प्रतिशत बढ़ेगा, वहीं नॉन सिरियस केन्डीडेट और इनइलिजिबल केन्डीडेट परीक्षा फॉर्म नहीं भरेंगे और इनके कारण राज्य शासन को होने वाली आर्थिक क्षति भी कम होगी। कैबिनेट की बैठक में राज्य के छोटे व्यापारियों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान (संशोधन) अध्यादेश-2025 के प्रारूप में निहित संशोधन का अनुमोदन किया गया। जिसके अनुसार राज्य सरकार छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहित करेगी और 10 साल से अधिक पुराने लंबित मामलों में 25 हजार रूपए तक की वैट देनदरियों को माफ करेगी। इससे 40 हजार से अधिक व्यापारियों को लाभ होगा और 62 हजार से अधिक मुकदमेबाजी के मामलों में कमी आएगी।

रायपुर और महासमुंद में 5 स्थानों पर एक साथ छापेमारी, दस्तावेज जब्त

■ **सीजीपीएससी घोटाले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई**

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग घोटाले की जांच में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रायपुर और महासमुंद में एक साथ पांच ठिकानों पर छापेमारी की है। इस छापेमारी में कई अहम दस्तावेज और तकनीकी साक्ष्य जब्त किए गए हैं।

सीबीआई की टीम ने रायपुर के फूल चौक स्थित एक निजी होटल, सिविल लाइन इलाके के एक कोचिंग सेंटर और महासमुंद में एक सरकारी डॉक्टर के आवास पर दबिश दी। इसके अलावा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ईडी की कार्रवाई, सुनील स्पंज की 77.51 लाख की संपत्ति सीज

ईडी ने सुनील स्पंज प्राइवेट लिमिटेड की 77 लाख 51 हजार रुपए की अचल संपत्ति को सीज किया है। यह कार्रवाई पीएमएलए एक्ट के तहत की गई है। ईडी ने अपने एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी है। बताया जा रहा कि मनी लॉन्ड्रिंग के तहत संपत्ति कुर्क की गई है।

फडणवीस सरकार का बड़ा फैसला

कक्षा 1-5 के लिए हिंदी अनिवार्य तीसरी भाषा; मनसे ने जताया ऐतराज

मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र सरकार ने फैसला किया है कि राज्य भर के मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ना अनिवार्य होगा। यह दो भाषाओं के अध्ययन की प्रथा से अलग है। वहीं राज्य की राजनीतिक दल महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने सरकार के इस फैसले की निंदा की है। मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी इस फैसले का कड़ा विरोध करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि इसे लागू न किया जाए।

ट्रंप-मेलोनी की बैठक में टैरिफ मांगों को मंजूरी की उम्मीद : यूरोपीय संघ

मॉस्को (वार्ता)। यूरोपीय संघ (ईयू) के व्यापार वार्ताकारों को उम्मीद है कि इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की वाशिंगटन यात्रा और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ उनकी बैठक अमेरिकी टैरिफ मांगों पर मंजूरी मिल सकती है।

नक्सलियों के उन्मूलन में सीआरपीएफ की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी : अमित शाह

नीमच (वार्ता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि देश में 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों के पूरी तरह खात्मे का संकल्प केंद्र सरकार ने लिया है और इसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

शाह ने मध्यप्रदेश के नीमच जिला मुख्यालय पर 86वें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल दिवस परेड 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्रप्रताप सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

शाह ने अपने संबोधन में सीआरपीएफ के अधिकारियों और जवानों की गौरव गाथा के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि इस बल की कोबरा बटालियन के जवानों की बदौलत देश में नक्सली सिमटकर अब सिर्फ चार जिलों में रह गए हैं। उन्होंने कहा कि ये ■ शेष पृष्ठ 6 पर

5 किलो आईईडी, जवानों ने किया डिफ्यूज

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जवानों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम किया है। सर्चिंग अभियान के दौरान गट्टाकाल के जंगल से पांच किलो वजनी कुकर प्रेसर आईईडी बरामद किया गया है। नक्सलियों ने यह आईईडी जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए प्लांट किया था। दरअसल, पुलिस अधीक्षक नारायणपुर प्रभात कुमार ने माओवादियों के लगाये गये आईईडी विस्फोट की घटना से हो रही नुकसान को देखते हुए क्षेत्र में आईईडी खोजने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल भारत-वियतनाम के बीच सैन्य संबंध मजबूत ; 700 मिलियन डॉलर का सौदा होगा!

भारत को और समृद्ध करेगा 'ब्रह्मोस'

■ **चीन की दादागिरी से फिलीपींस, वियतनाम, ताइवान और मलेशिया जैसे देशों के समुद्री इलाकों पर कब्जे का खतरा बढ़ा**

नई दिल्ली/ए.। फिलीपींस के बाद वियतनाम अब भारत की ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने वाला एशिया का दूसरा देश बन जाएगा। ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस डील की कुल कीमत 700 मिलियन डॉलर यानि लगभग 1,000 करोड़ रुपये हो सकती है। 5990 करोड़ रु. सूत्रों का कहना है कि इस सौदे पर जल्द ही कोई बड़ा फैसला हो सकता है।

फिलीपींस की तरह वियतनाम का भी दक्षिण चीन सागर में समुद्री सीमा को लेकर चीन के साथ विवाद है। इस वजह से वियतनाम अपनी सेना को मजबूत करने के प्रयास कर रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत और वियतनाम के बीच सैन्य संबंध मजबूत हुए हैं। इससे पहले फिलीपींस ने भारत के साथ तीन ब्रह्मोस मिसाइल बैटरियों के लिए 375 मिलियन डॉलर का समझौता किया था। अब भारत ने फिलीपींस को भी इन मिसाइलों की आपूर्ति शुरू कर दी है।

इसके बाद कहा जा रहा है कि वियतनाम के साथ ब्रह्मोस मिसाइल का सौदा भी अंतिम चरण में पहुंच गया है। वहीं, इंडोनेशिया के साथ भी इस मिसाइल को लेकर चर्चा चल रही है। बताया जाता है कि यह सौदा लगभग 450 मिलियन डॉलर का है। इसके अलावा मध्य एशिया, दक्षिण अमेरिका और मध्य पूर्व के कई देशों ने भी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शेयर बाजार में बंपर उछाल

■ **सेंसेक्स और 1500 अंक चढ़ा, निफ्टी 23800 के पार**

नई दिल्ली(ए.)। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गुरुवार को लगभग 2 प्रतिशत की तेजी आई। पारस्परिक टैरिफ पर अमेरिका-जापान व्यापार वार्ता में सफलता की उम्मीद के बीच बाजार लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ। इस दौरान, विदेशी निवेशकों के घरेलू शेयर बाजारों में लौटने से बाजार का रुझान सकारात्मक हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,508.91 अंक या 1.96 प्रतिशत उछलकर 78,000 के स्तर पर पहुंच गया। अंत में यह 78,553.20 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह 1,572.48 अंक या 2.04 प्रतिशत बढ़कर 78,616.77 पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 414.45 अंक या 1.77 प्रतिशत बढ़कर 23,851.65 अंक पर पहुंच गया। गुरुवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 27 पैसे की बढ़त के साथ 85.37 रुपये के स्तर पर बंद हुआ।

देवप्रयाग-जानसू के बीच बन रही रेल टनल की तकनीकी दक्षता सराहनीय : वैष्णव

■ **मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रहे मौजूद**

देहरादून। केंद्रीय रेल मंत्री बुधवार को एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और उसके बाद देवप्रयाग और जानसू के बीच बन रही जानसू टनल का भी दौरा किया, जिसका बुधवार को ही ब्रेकथ्रू हुआ। इस दौरान उन्होंने रेलवे अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश भी दिए।

देवप्रयाग और जानसू के बीच ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना के अंतर्गत बन रही सबसे लंबी 14.57 किमी की टी-8 और टी-8एम डबल ट्यूब सुरंगों का ब्रेकथ्रू

सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनासू रेलवे स्टेशन पहुंचकर सुरंग निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस मौके पर गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी और राज्य के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी मौजूद रहे। 14.57 किलोमीटर लंबी इन सुरंगों का निर्माण अत्याधुनिक टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) की मदद से किया गया है, जो परियोजना की तकनीकी दक्षता को दर्शाता है। वहीं, परियोजना की शेष सुरंगों का निर्माण पारंपरिक ड्रिल एंड ब्लास्ट तकनीक से किया जा रहा है। क्षेत्र की जटिल भूगर्भीय परिस्थितियों को देखते हुए सुरंगों की खुदाई के लिए विशेष टीबीएम मशीनें जर्मनी से मंगाई गई थीं। इसके अलावा जनासू से लगभग 1.5 किलोमीटर दूर एक वर्टिकल शाफ्ट (कुआंनुमा सुरंग) भी बनाई गई है, जिससे खुदाई और निर्माण कार्य में सहायता मिल सके। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सुरंग निर्माण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह परियोजना उत्तराखंड के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो पहाड़ी क्षेत्रों में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की आधुनिक तकनीक से सुरंग निर्माण भविष्य की परियोजनाओं के लिए मिसाल बनेगा।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री श्री वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज का दिन इसलिए भी ऐतिहासिक है क्यूंकि आज ही के दिन भारत में 1853 को पहली रेल बोरीबंदर से ठाणे के बीच चली थी और आज ही भारत की सबसे लम्बी ट्रांसपोर्टेशन टनल जानसू टनल का ब्रेकथ्रू भी हुआ है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहाड़ पर रेल लाने का जो सपना था, वह अब साकार होता नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में यह सुरंग पूरी तरह से तैयार हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने सुरंग निर्माण में लगे सभी इंजीनियरों, तकनीकी विशेषज्ञों और श्रमिकों को इस ब्रेकथ्रू के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इसे तकनीकी प्रगति, परिश्रम और सामूहिक प्रयासों का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाले समय में प्रदेश के लिए विकास और कनेक्टिविटी के नए रास्ते खोलेगी।

पाकिस्तानी सेना के प्रमुख का दावा –उनकी संस्कृति और विचारधारा बेहतर

'हम हिंदुओं से अलग', पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने उगला नफरती जहर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की बुनियाद नफरत के आधार पर रखी गई और आज उसकी स्थिति दुनिया के सामने है। पाकिस्तान बर्बादी के कगार पर है, लेकिन हैरानी है कि उसकी ये नफरती सोच अभी तक नहीं बदली है। अब पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने हिंदुओं के खिलाफ अपनी नफरत जाहिर की है और कहा है कि हम हिंदुओं से अलग हैं। आसिम मुनीर ने टू नेशन थ्योरी को सही ठहराया है। इतना ही नहीं पाकिस्तानी सेना के प्रमुख ने ये भी दावा कर दिया है कि उनकी संस्कृति और विचारधारा बेहतर है।

बड़बोलेपन में जानिए क्या-क्या बोले पाकिस्तानी सेना प्रमुख

बुधवार को ओवरसीज पाकिस्तानियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए पाकिस्तानी सेना के प्रमुख आसिम मुनीर ने कहा कि 'हमारे पूर्वजों का मानना था कि हम हिंदुओं से हर मामले में अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं, हमारी परंपराएं और हमारे विचार भी अलग हैं। हमारी महत्वकांक्षाएं अलग हैं और यही द्वि-राष्ट्र सिद्धांत (टू नेशन थ्योरी) का आधार था। जिसमें माना गया कि हम दो देश हैं, एक नहीं।' आसिम मुनीर ने अपनी छोटी सोच दिखाते हुए विदेशों में रह रहे पाकिस्तानियों से अपील की कि वे अपने बच्चों को भी भारत और हिंदुओं से भेदभाव करना सिखाएं।

मुनीर ने कहा कि 'हम एक देश नहीं हैं, हमारे पूर्वजों ने इस देश को बनाने में काफी संघर्ष किया। हम जानते हैं कि इसकी कैसे रक्षा की जानी है। आपको अपने बच्चों को यह बताना चाहिए कि वे कभी भी पाकिस्तान की कहानी को न भूलें। न भूलें कि पाकिस्तान किस आधार पर बना ताकि उनका पाकिस्तान के साथ नाता कमजोर न हो सके।'

'जब भारतीय सेना हमें नहीं डरा पाई, तो...'

आसिम मुनीर यहीं नहीं रुके और विदेशों में रह रहे पाकिस्तानियों से कहा कि 'वे इस बात को न भूलें कि वे बेहतर विचारधारा और बेहतर संस्कृति से ताल्लुक रखते हैं।' पाकिस्तान में बढ़ रहे आतंकी हमलों पर मुनीर ने कहा कि 'क्या आतंकी हमारे देश से हमारी किस्मत छीन सकते हैं? जब 13 लाख की मजबूत भारतीय सेना, हमारे नहीं डरा सकती तो कुछ आतंकी क्या हमें हरा सकते हैं?' पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने बलूचिस्तान में बढ़ रहे विद्रोह पर कहा कि 'बलूचिस्तान पाकिस्तान का गर्व है और आपको लगता है कि आप इसे आसानी से ले सकते हैं? आपकी दस पीढ़ियां भी इसे नहीं ले पाएंगी। हम जल्द ही आतंकियों को हरा देंगे।'

पाक आर्मी चीफ के कश्मीर वाले बयान पर भारत का करारा जवाब

नई दिल्ली। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने हाल ही में एक बयान में कहा कि "कश्मीर इस्लामाबाद की गले की नस है"। इस पर भारत ने सख्त प्रतिक्रिया दी है. भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने पाकिस्तान के इस दावे को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि "कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और पाकिस्तान का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

विदेश मंत्रालय ने कहा, "पाकिस्तान का कश्मीर से एकमात्र संबंध अवैध रूप से कब्जा किए गए क्षेत्र को खाली करना है"। उन्होंने यह भी पूछा कि "कोई विदेशी चीज गले की नस में कैसे फंस सकती है?÷ दरअसल, यह बयान सीधे तौर पर पाकिस्तान के उस लंबे समय से चले आ रहे

रुख पर करारा प्रहार है, जिसमें वह कश्मीर को अपना हिस्सा बताता आया है। दरअसल भारत की कश्मीर नीति हमेशा स्पष्ट रही है. यह भारत का केंद्र शासित प्रदेश है और इसमें बाहरी दखल की कोई गुंजाइश नहीं है. भारत के तरफ से ये बयान न केवल कूटनीतिक दृष्टि से अहम है बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह संदेश भी देता है कि भारत कश्मीर को लेकर किसी भी तरह की बयानबाजी या दखल को बर्दाश्त नहीं करेगा।

तमिलनाडु में गठबंधन सरकार का चलन नहीं

चेन्नई(ए.)। तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है, जिसको लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी बीच अन्नाद्रमुक (एआईएडीएमके) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद एम. थंबीदुरई ने कहा है कि तमिलनाडु में गठबंधन सरकार के लिए कोई जगह नहीं है और अगर उनकी पार्टी 2026 के विधानसभा चुनाव में जीतती है, तो एडप्पाडी के. पलानीस्वामी अकेले सरकार बनाएंगे।

भाजपा के साथ गठबंधन पर साफ किया रूख–गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए थंबीदुरई ने साफ किया कि भले ही भाजपा उनके गठबंधन में शामिल हो, लेकिन सत्ता में साझेदारी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में आज तक कभी गठबंधन सरकार नहीं बनी है। चाहे वो कांग्रेस के नेता सी. राजगोपालाचारी, के. कामराज, या द्रविड़ नेता एम.जी. रामचंद्रन और करुणानिधि हों सभी ने अकेले सरकार चलाई है। थंबीदुरई ने कहा कि 2026 में भी एडप्पाडीयार (पलानीस्वामी) अकेले सरकार बनाएंगे। गठबंधन सरकार की कोई जरूरत नहीं है और न ही इसकी परंपरा है।

गठबंधन पर पलानीस्वामी का बयान –तमिलनाडु में गठबंधन की सरकार को लेकर इससे पहले बुधवार को एआईएडीएमके प्रमुख पलानीस्वामी ने भी इस बात को दोहराया कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कभी यह नहीं कहा कि तमिलनाडु में गठबंधन सरकार बनेगी। उन्होंने मीडिया पर आरोप लगाते हुए कहा कि मीडिया ने बात को तोड़-मरोड़ कर पेश किया। अमित शाह ने सिर्फ यह कहा था कि एआईएडीएमके-बीजेपी गठबंधन चुनाव जीतेगा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि मिलकर सरकार चलाएंगे।

दुनिया को शांति, समृद्धि का मार्ग दिखाएगा, नई पुस्तक 'दि हिन्दू मैनिफेस्टो'

नई दिल्ली(वार्ता)। हिन्दू धर्मशास्त्रों एवं सांस्कृतिक जीवन मूल्यों के आधार पर एक सशक्त, टिकाऊ एवं समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के बुनियादी सूत्रों को उद्भासित करने वाली एक नयी पुस्तक 'दि हिन्दू मैनिफेस्टो' या हिंदू घोषणापत्र का लोकार्पण इस माह की 26 तारीख को राजधानी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत करेंगे।

इस पुस्तक को लिखा है एक ऐसे संन्यासी ने जिसने आरंभिक शिक्षा विज्ञान एवं तकनीक के उत्कृष्ट संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से ग्रहण की। तकनीक की दुनिया में कई वर्षों तक काम किया और फिर सब छोड़ दिया। यहां तक कि उन्होंने सांसारिक जीवन त्याग करके संन्यास ग्रहण किया और गुरु शिष्य परंपरा से अष्टाध्यायी और पाणिनी के व्याकरण पर महारत हासिल की। उन्होंने पाणिनी व्याकरण और दर्शन में आचार्य और विद्यावारिधि की उपाधि अर्जित की।

इसी कारण उनके गुरु ने उन्हें संन्यास पश्चात विज्ञानानंद का नाम प्रदान



किया। वर्तमान में विश्व हिन्दू परिषद में वरिष्ठतम संयुक्त महामंत्री स्वामी विज्ञानानंद, अंतर्राष्ट्रीय समन्वय विभाग के प्रमुख की भूमिका में वह दुनिया भर में हिंदू पुनरुत्थान और संगठनात्मक पहल को संचालित करते हैं। स्वामी विज्ञानानंद ने वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस के नाम से एक ऐसे प्रभावशाली मंच की स्थापना की है जो हिंदुओं को हिंदू पुनरुत्थान को जोड़ने, साझा करने, प्रेरित करने और गति तेज करने के लिए एक वैश्विक मंच है। इसी मंच का एक अंग है, विश्व हिंदू आर्थिक मंच (डब्ल्यूएचईएफ) जिसका लक्ष्य समाज को समृद्ध बनाने का है। उन्होंने दिल्ली, शिकागो, बैंकॉक, हांगकांग, लंदन, लॉस एंजिल्स और मुंबई में कुल नौ डब्ल्यूएचईएफसम्मेलनों का आयोजन किया है। अपनी पुस्तक के बारे में चर्चा करते हुए स्वामी विज्ञानानंद ने कहा कि दि हिन्दू मैनिफेस्टो, हिंदू शास्त्रों के शाश्वत ज्ञान के साथ समाज को फिर से संगठित करने का आह्वान है, जो समृद्धि, शासन और न्याय के लिए एक परिवर्तनकारी ढांचा प्रदान करता है।

न्यायालय नायब तहसीलदार
04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00005 गनियारी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430100800004

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00005 के अंतर्गत ग्राम गनियारी के वर्तमान भूमिस्वामी पुनुराम पिता/पति बलदेव देशमुख पता डाडेसरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 92(0.1300), 557(0.2300), 707(0.0600), 708(0.1700) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अशोक कुमार देशमुख पिता/पति स्व. पुनुराम देशमुख पता डांडेसरा, ईश्वर लाल देशमुख पिता/पति स्व. पुनुराम देशमुख पता डांडेसरा, ललित देशमुख पिता/पति स्व. पुनुराम देशमुख पता डांडेसरा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला
क्रमांकः 202503101000159/अ-6अ/सन्- 2024-25
मामले की श्रेणी-राजस्व
कोहका प.ह.न. 00045 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- करण कुमार
अनावेदक पक्षकार -
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक करण कुमार पिता/पति/विभाग-स्व0 श्याम लाल देशमुख पता-कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.म. कोहका, तहसील व् जिला दुर्ग की भूमि ख.न.4558 रकबा 0.06 है. भूमि को आवेदक द्वारा खाताविभाजन कराकर ऋष्टा पुस्तिका प्राप्त कर लिया गया है। उक्त भूमि का बटाकन नही किया गया है जिसे त्रुटी सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति-संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 16/05/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है! निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला
क्रमांकः 202504100700046/अ-6/सन्- 2024-25
मामले की श्रेणी-राजस्व
दुर्ग प.ह.न. 00019(1044/34(0.0020 हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-महेजाबीन खान
अनावेदक पक्षकार - मो. यासीन दीवान, राहत जबीन
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका महेजाबीन खान पिता स्व. शब्बीर अहमद खान निवासी वार्ड नं.-08, तकियापारा, द्वर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1044/34 रकबा 0.002 में भूमि. मोहम्मद यासीन पिता स्व जानु मोहम्मद दीवान, राहत जबीन पति मोहम्मद यासीन दीवान के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/हिबानामाकर्तागण मोहम्मद यासीन पिता स्व. जान मोहम्मद दीवान, राहत जबीन पति मोहम्मद यासीन ववव.नं. 1055/परकना0-0016. दीवान के द्वारा आवेदिका के पक्ष में दिनांक 05/04/2025 को हिबानामा निष्पादित किया गया है। हिबानामा के आधार पर हिबाकर्तागण का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर आवेदिका (हिबा पाने वाली) का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05/05/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार, तहसील दुर्ग**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला
क्रमांकः 202504100700022/अ-6/सन्- 2024-25
मामले की श्रेणी-राजस्व
कातुलबोर्ड प.ह.न. 00042(157/27(0.0200 हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- कामिल टोप्पो, नवीश टोप्पो, शुचिता टोप्पो, सुमिता टोप्पो,
अनावेदक पक्षकार - मारगेट पीटर
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक कामिल टोप्पो पिता स्व. मसीह टोप्पो निवासी म.नं.-11, सड़क नं.-04 नेहरू नगर पश्चिम भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोड़ तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 157/27 रकबा 0.020 हे./2400 वर्गफीट भूमि बयनामा कीमत तथा बाजार मूल्य 1,30,500/-रूपये भूमि को आवेदक की पत्नि के द्वारा विक्रेता मांगरेट पीटर पिता स्व. एस. एस. पीटर निवासी ग्राम-रिसदा तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 29/12/2000 को क्रय किया गया। जिसका प्रमाणीकरण भूलवश नहीं कराये जाने पर आवेदक द्वारा पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदित भूमि का क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण करते हुये, किन्तु आवेदक की पत्नि फिलोमिना टोप्पो पति कामिल टोप्पो की मृत्यु दिनांक 30/05/2024 को फौत हो जाने पर उनके सभी विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार, तहसील दुर्ग**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202504103300008 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.कें. 20250410330 0008/1-6/वर्ष 2024-25 आवेदिका देवहुती बाई वर्मा पति स्व. हरमीत सिंह वमां निवासी ग्राम बनीद, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम थनौद प.ह.नं. 24 रा.नि.म. अंजोरा ख तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 310/3 रकबा 0.250 हे. भूमि आवेदिका के पति हरमीत सिंह वर्मा के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के खालेदार भूमिस्वामी हरमीत सिंह वर्मा कि मृत्यु दिनांक 14/01/2025 को हो जाने पर राजस्व अभिलेख से मृतक भूमिस्वामी के नाम को विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह वियत दिनांक 25/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 09.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202503103000099 /ब-121/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुर्गादास पाटिल पिता द्वारिका निवासी ग्राम घुघसीडीह तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा इन्द्रा बाई के मृत्यु पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिष्ट्रार (जन्म / मृत्यु) को जन्म-मृत्यु रजिष्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छत्तीसगढ़ राज्य) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन किया है। प्रार्थना पत्र के संकथन जो कि / शपथ-पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र जो कमांक 14/22.01.2025 पर आधारित है से संतुष्ट हूँ कि इन्द्राबाई जौजे द्वारिका का मृत्यु ग्राम घुघसीडीह पर दिनांक 18/09/1991 अक्षरी अ?ठ्ठारह सितम्बर सन् उन्नीस सौ इन्कायनबे को हुई है। अतः इस आदेश द्वारा मैं निर्देशित करता हूँ कि इन्द्राबाई जौजे द्वारिका के मृत्यु की प्रविष्टि को संबध रजिष्टर में दर्ज किये जाने आवेदन प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27/03/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202503103000097 /ब-121/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुर्गादास पाटिल पिता द्वारिका निवासी ग्राम घुघसीडीह तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा फूल सिंह के मृत्यु पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिष्ट्रार (जन्म/मृत्यु) को जन्म-मृत्यु रजिष्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छत्तीसगढ़ राज्य) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन किया है। प्रार्थना पत्र के संकथन जो कि / शपथ-पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र जो कमांक पर आधारित है से संतुष्ट हूँ कि इन्द्राबाई जौजे द्वारिका का मृत्यु ग्राम घुघसीडीह पर दिनांक 16/02/2008 अक्षरी सोलह फरवरी सन् दो हजार आठ को हुई है। अतः इस आदेश द्वारा मैं निर्देशित करता हूँ कि इन्द्राबाई जौजे द्वारिका के मृत्यु की प्रविष्टि को संबध रजिष्टर में दर्ज किये जाने आवेदन प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27/03/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202504104700008 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती विजय लक्ष्मी ठाकुर पति- श्री स्व. चन्दन सिंह ठाकुर निवासी मकान नबर-435, स्ट्रीट-5/बी, शांति नगर सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा-जुनवानी, प.ह.नं.- 56/21, रा.नि.म.- जुनवानी स्थित भूमि खसरा नंबर 834/7, रकबा 0.015 हे. भूमि आवेदिका के पति श्री चन्दन सिंह ठाकुर पिता- श्री बुधराम सिंह ठाकुर के नाम पर दर्ज है। खातेदार चन्दन सिंह ठाकुर का स्वर्गवास दिनांक 22/04/2021 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08/04/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग-01 (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.2025041012000 /अ-74/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका फर्म बी.एस.के बिल्डकान पार्टनर शिवशंकर बघेल पिता/पति शोभाराम बघेल निवासी बिरेझर के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनके भूमिस्वामी हक की भूमि मौजा ग्राम कुथरेल प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 461/5 रकबा 0.087 हे. भूमि दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है जिसका द्वितीय प्रति में ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 30.04.2025 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202504101200019 /अ-74/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका फर्म बजरंग एसोसिशन पार्टनर रामप्रताप बंसल पिता/पति मदनलाल बंसल निवासी खुर्सीपार भिलाई के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनके भूमिस्वामी हक की भूमि मौजा ग्राम कुथरेल प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 459/1, 460, 461/6, 462 रकबा कुल 1.38 हे. भूमि दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है जिसका द्वितीय प्रति में ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 30.04.2025 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202503103000065 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहनलाल ढीमर पिता दसरू ढीमर उम्र 60 वर्ष पता वार्ड नं. 42, नेवई बस्ती भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदक के पिता दसरू पिता लतेल के नाम से मौजा कातरो प.ह.नं. 57 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग में भूमिस्वामी हक में जमीन स्थित है। जिसका खसरा नंबर 255/1 एवं 278 कुल रकबा 1.10 हेक्टेयर भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखो में दर्ज है। आवेदक के पिता दसरू पिता लतेल कि मृत्यु दिनांक 29/11/2016 को हो चुकि है जिससे उनकी फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों मोहन लाल ढीमर पुत्र, जोहन लाल ढीमर-पुत्र, बेदन- पुत्री, दुलारा बाई पत्नि, पत्नि दुलारा बाई पति स्व. दसरू राम कि मृत्यु दिनांक 21/03/2023 को हो चुकी है। पिता कि मृत्यु पश्चात् उनकी फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों के नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/03/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
अण्डा दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202504101200024 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार पिता स्व. माखनलाल निवासी कुथरेल मौजा कुथरेल प.ह.न 34 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 33/18, 33/19 रकबा कुल 0.040 हे. विसहत के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 28.01.24 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 02.05.2025 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
अण्डा दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202504101200026 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक डोमेन्द्र कुमार पिता बिसहत निषाद निवासी रिसामा तह. व जिला दुर्ग मौजा रिसामा प.ह.न 33 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 672, 678 रकबा कुल 0.2400 हे. विसहत के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 01.03.23 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 02.05.2025 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
अण्डा दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202504101200016 /अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रतीक कुमार साहू पिता डोरीलाल साहू, निवासी ग्राम मतवारी तह. व जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम मतवारी प.ह.न. 33 रा.नि.म. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में भूमिस्वामी हक की जमीन है जिसका खसरा नंबर 453 एवं 468 रकबा कुल रकबा 0.850 हे. भूमि वर्तमान अभिलेखो में दर्ज है जिसमे मेरा नाम त्रुटिवश खेमचंद पिता डोरी लाल दर्ज हो गया है। जो कि त्रुटी है। तथा मेरे नाम से संचालित समस्त अभिलेखो में नाम प्रतीक कुमार साहू पिता डोरी लाल साहू दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है तथा जिसके आधार पर मै राजस्व अभिलेखो में दर्ज नाम खेमचंद पिता डोरीलाल का सुधार कर सही नाम प्रतीक कुमार साहू पिता डोरीलाल साहू दर्ज करवाना चाहूता हूं। आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अत्तएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.04.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 04.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम सरस्वती द्विवेदी अन्य-1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202504100400115/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका सरस्वती द्विवेदी अन्य 01 आ. श्री अरुण द्विवेदी निवासी गिरधारी नगर दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	856/28	0.0110 हें 1200 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

पंजी. नं. 202504100600017 /अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका श्रीमती किरण गोस्वामी पिता/पति श्री संजय गिरी गोस्वामी, निवासी- आदर्श नगर उतई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.), के द्वारा ग्राम-पुनईडीह, प.ह.न. 22, तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 5/1 रकबा 0.4600 हे.. अर्थात् 4650 वर्गफीट भूमि पर व्यवसायिक प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 24.104.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

संक्षिप्त खबरें

पदभार ग्रहण करने के पूर्व श्रीवास्तव अटल चौक पहुंचे, श्रद्धासुमन अर्पित किया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव आज बीटीआई ग्राउंड में पदभार ग्रहण करने के पूर्व अवंती विहार स्थित अटल चौक पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धाङ्क्सुमन अर्पित किया,उक्त जानकारी देते हुए व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया कि नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव आज अटल चौक पहुंचकर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य श्री बाजपाई की देन है एवं आज भारतीय जनता पार्टी अटल बिहारी बाजपाई की विचारधारा पर चलकर केंद्र में तीसरी बार एवं राज्य में चौथी बार सरकार बनाई है। अटल चौक पर संजय श्रीवास्तव का स्वागत व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी, महामंत्री किशोर नायक,उपाध्यक्ष सुब्रत घोष, संतोष श्रीवास्तव,अभिषेक गुप्ता, सुजीत परिहार, विकास मिश्रा,जयराम कुकरेजा, अखिल चटर्जी, इंद्रपाल सिंह तोमर, राधेश्याम शर्मा, मोनू आहूजा,राजू रोहित राघव, अशोक गुप्ता, संजय नागर, अक्षत शर्मा सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित थे।

पुलिस ने दबिश देकर 3 गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

आरंग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गांजा-शराब तस्करों का सुरक्षित ठीकाना बना हुआ है। देश भर में अवैध मादक पदार्थों की सप्लाई के लिए रायपुर कारिडोर बना हुआ है। पुलिस ने एक बार फिर सूखे नशे की तस्करी करने वालों पर शिकंजा कसा है। कराए के मकान में दबिश देकर पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को दबोचा. आरोपियों के कब्जे से 30 किलों अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया है। कार्रवाई में गिरफ्तार मुख्य आरोपी पहले भी गांजा तस्करी में पहले भी पकड़ा जा चुका है।आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बैहार में संतोष साहू के मकान में दबिश दी, उसने अपना मकान किराए से दे रखा था. तलाशी के दौरान आरोपी तुषार देवांगन, बलराम साहू और मोहन साहू मकान में मौजूद थे. इस दौरान पुलिस को स्टील में एक बड़े पेटी में से 30 पैकेट में 30 किलो गांजा मिला. साथ ही 1 इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन भी बरामद किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने मेकाहारा में चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के दिए निर्देश

रायपुर (ए.)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार जनकल्याण के संकल्प के साथ काम कर रही है, और हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को सुलभ, सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज मंत्रालय नवा रायपुर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर में चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशानिर्देश देते हुए यह बात कही। बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में अस्पताल की संरचना और सेवाओं को आधुनिक और जनसुलभ बनाने के लिए विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक में मंत्री जायसवाल ने निर्देश दिए कि चिकित्सालय में आवश्यक सभी चिकित्सा उपकरण, तकनीकी संसाधन, और मरीजों की सुविधाओं की उपलब्धता को प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में विस्तारीकरण और विद्युतीकरण के कार्यों में विभागीय समन्वय मजबूत किया जाए, ताकि निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण परिणाम प्राप्त हो सकें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा सुश्री किरण कौशल, चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के डीन, अस्पताल प्रबंधन प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

हेल्थी बेबी कॉम्पिटिशन का आयोजन 19 को

रायपुर/नवप्रदेश। कल्याण पब्लिक हा से स्कूल में कल्याण शिक्षा प्रसार समिति द्वारा हेल्थी बेबी कॉम्पिटिशन (स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता) का आयोजन 19 अप्रैल 2025 को 2 से 5 बजे तक किया जा रहा है।यह प्रतियोगिता 2 समूहों में आयोजित की जा रही है ग्रुप ड्ड - 0 से 3 साल के बच्चों के लिए ओर ग्रुप ड्ढ - 3 ह्यद्द 6 साल के बच्चों के लिए। इस प्रतियोगिता में बच्चों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिशु विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा। जो शिशु पूर्ण स्वस्थ पाए जाने पर दोनों ग्रुप में 1ह्यह्ल , 2ठ्ठस्र, 3ह्म्स्र पुरस्कार भी दिया जाएगा, साथ ही cute smile, best dress-up, shiny skin, sparking eye, chubby cheeks जैसे टैग द्वारा भी पुरुस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। यह प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क है। ये जानकारी कार्यक्रम के आयोजद्म राजेश sa&ena से प्राप्त हुई द्य कार्यक्रम कि विस्तृत जानकारी हेतु 7000571602. 9826183247. पर संपर्क करे।

गांववासियों की अनुशासन और देश भक्ति भी काबिले तारीफ

हर घर जल योजना से 'ग्रीन गांव' गबोद की बदली तस्वीर

रायपुर/नवप्रदेश। हर घर जल योजना के तहत् महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखण्ड का ग्राम गबोद, में तस्वीर बदल गई है। उल्लेखनीय है कि ग्राम गबोद हरियाली और स्वच्छता के लिए ग्रीन गांव के नाम से प्रसिद्ध है। जल जीवन मिशन के द्वारा हर घर नल हर घर जल योजना से हुए सफलता पूर्वक कार्यों के कारण अब गबोद एक और बड़ी उपलब्धि के साथ नई पहचान बना रहा है।

यह गांव अब हर घर जल ग्राम घोषित हो चुका है। 14 जनवरी 2025 को गबोद गांव को यह उपाधि तब मिली जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना के तहत यहां हर घर में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई। यहां गांववासियों का अनुशासन और देशभक्ति भी तारीफे काबिल है। हर सुबह 7:30 बजे गांव का हर नागरिक अपने घर के बाहर आकर राष्ट्रगान में भाग लेता है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 89.39 लाख रुपये की लागत से गांव में 40 किलोलीटर की उच्चस्तरीय जलागार और 760 मीटर पाइपलाइन के साथ 138 घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए गए। इस योजना के तहत अब गांव के हर घर तक शुद्ध जल पहुंच रहा है। इससे पहले महिलाओं और बच्चों को गांव के 5 हैंडपंप और कुछ कुओं से पानी लाना पड़ता था। बरसात के समय पानी लाने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था, और कभी-कभी विवाद भी हो जाते थे।

स्वच्छ जल मिलने से स्वास्थ्य में सुधार

महिलाओं को स्वच्छ जल मिलने से स्वास्थ्य में सुधार हुआ है और समय की बचत होने से वे अब आर्थिक गतिविधियों में भाग ले रही हैं। बच्चों को प?ाई का समय मिलने लगा है और गर्भवती महिलाओं को भी विशेष लाभ मिला है, जिससे गर्भपात जैसी समस्याएं कम हुई हैं। गांव के लोग अब जल संरक्षण और पौधारोपण जैसे कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। ग्रीन गाँव का यह उदाहरण अन्य गांवों के लिए प्रेरणा बन रहा है।गांव की महिला पूजा सिंह ठाकुर ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि, अब पानी की वह समस्या नहीं रही जो पहले होती थी। हम सब सरकार के आभारी हैं। गबोद ग्राम के समस्त नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस उपलब्धि के लिए धन्यवाद दिया है।

दिव्यांग दम्पत्ति के लिए मनरेगा का सहारा, आर्थिक तंगी से मिली राहत

■ मनरेगा श्रमिकों को पानी पिलाकर कर रहे जीवन यापन

रायपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना बनी दिव्यांग दंपति का सहारा। यह कहानी ग्राम पंचायत खजुरी जनपद पंचायत प्रतापपुर जिला सूरजपुर के दिव्यांग पति व पत्नी की है। जो जन्म से ही आंखों की रोशनी खो चुके हैं विवाह के बाद जीवन यापन में आई आर्थिक तंगी मे मनरेगा योजना सहारा बना है। जन्म से ही इस दिव्यांगता के अभिशाप को ढोकर चल रहे दंपत्ति के सामने आर्थिक मदद के तौर पर स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं के पहल से जिला प्रशासन के द्वारा इनकी जीवन शैली में सुधार हेतु कई योजनाओं का लाभ देते हुए इस दंपत्ति का मनरेगा में जॉब कार्ड बनाया गया और दंपत्ति कार्यस्थल पर मजदूरों को पानी पिलाकर अपने कर्तव्य का निर्वहन भी कर रहे हैं। ग्राम पंचायत खजुरी में श्यामसाय पैकरा एवं उनकी पत्नी निरपति दोनो आंखों से दिव्यांग है। इनके पास कोई काम नहीं होने की स्थिति में सोसायटी से मिलने वाला राशन एवं निरपति को मिलने वाला पेंशन ही इनके जीवन निर्वाह करने का साधन था। बढ़ती महंगाई में दम्पत्ति को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था, जिससें जिला प्रशासन के सामने गुहार लगाकर अपने लिए रोजगार सृजन किया व मनरेगा में जाबकार्ड बनवा कर मजदूरों को पानी पिलाकर जीवनयापन कर रहे हैं। आर्थिक और कई समस्याओं से जूझ रहे इस दिव्यांग जोड़े के नाम जॉबकार्ड जारी होने तथा अब मजदूरी मिलने के बाद इनके सामने भरण पोषण की समस्या खत्म हो गई है।

जिला प्रशासन के नजर में आने से इनको जिला प्रशासन की ओर से प्रोत्साहन राशि भी प्रदान किया जा रहा हैं। बहरहाल जन्म से ही इस दिव्यांग दंपत्ति के सामने आर्थिक मदद के तौर पर मनरेगा जॉबकार्ड जारी कर रोजगार उपलब्ध करा दिया गया है। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि इस दम्पत्ति ने विकट परिस्थिति में भी भीख मांगकर गुजारा करने की बजाय अपने लिए रोजगार का सृजन किया है और कार्यस्थल पर मजदूरों को पानी पिलाकर अपने कर्तव्य का निर्वहन भी कर रहे हैं। शासन की मंशानुरूप मनरेगा इस बेसहारा परिवार के लिए बड़ा सहारा बन गया है।

बेटी अनुष्का की छठी में महतारी वंदन योजना बनी खुशियों की वजह

रायपुर/नवप्रदेश। जंगलों से घिरे कोरबा जिले के लेमरू ब्लॉक के घोंघीबहरा गांव की दिलेशरी मंझुवार के घर हाल ही में खुशियों की लहर दौड़ गई। बेटी अनुष्का की छठी का आयोजन ऐसे समय हुआ, जब यह परिवार आर्थिक रूप से कमजोर था। लेकिन इन खुशियों के पीछे एक मजबूत सहारा बनी छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना, जिसके तहत श्रीमती दिलेशरी को हर महीने एक हजार की आर्थिक मदद मिल रही है। गर्भावस्था के दौरान श्रीमती दिलेशरी को कई तरह की चिंताएं सताती थीं। घर की माली हालत ऐसी नहीं थी कि बच्चे के जन्म के बाद कोई खास आयोजन कर सकें। लेकिन जब मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई, तो श्रीमती दिलेशरी ने भी आवेदन किया। योजना का लाभ मिलना शुरू हुआ और गर्भावस्था के दौरान यह राशि उनके लिए राहत बन गई। बेटी अनुष्का के जन्म के बाद जब छठी का समय आया, तो खाते में जमा योजना की राशि ने उनकी सारी चिंता दूर कर दी। श्रीमती दिलेशरी ने खुशी-खुशी छठी का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के लिए किसी से उधार नहीं लेना पड़ा, न ही किसी से मदद मांगनी प?ी। मजदूरी पर आधारित आय वाले इस परिवार के लिए यह योजना अब केवल एक सहायता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया गया कदम है। श्रीमती दिलेशरी अब घर से लगे जमीन को समतल कर खेत बनाना चाहती हैं और इसके लिए भी योजना की राशि बचा रही हैं। महतारी वंदन योजना हमारे जैसे गरीब परिवारों के लिए जीवन की सबसे बड़ी ताकत बनकर आई है, श्रीमती दिलेशरी कहती हैं। यह योजना हमें आत्मसम्मान के साथ जीने का हक देती है। जरूरत के समय अब हमें किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ता।

हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा दुनिया की सबसे अनूठी परंपरा

एससीईआरटी में शुरुआत

रायपुर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रमुख अनुशंसा - प्राथमिक शिक्षा में बुनियादी रूप से भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेश के अनुपालन में राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद् के संचालक दिव्या उमेश मिश्रा के दिशाबोध में अभिनव अकादमिक पहल की जा रही है।

अब प्रत्येक माह मानव-शिक्षा के प्रमुख अनुशासनों जैसे -समाज, भाषा व साहित्य, कला, संस्कृति, चिंतन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, धर्म, अध्यात्म, दर्शन, मनोविज्ञान, चिकित्सा, खगोलशास्त्र, धातुकर्म विज्ञान, संहिता, सौदर्य शास्त्र, लोक एवं वाचिक परंपरा, इतिहास एवं पुरातत्व, पर्यावरण एवं जनजातीय समुदाय के पारंपरिक ज्ञान आदि विषयों के राष्ट्रीय स्तर के बौद्धिक विशेषज्ञों के साथ राज्य के प्रशिक्षकों, छात्रा-अध्यापकों के परस्पर संवाद का आयोजन किया जाएगा, ताकि वे शिक्षण-प्रशिक्षण कार्य में स्वयं को भी अद्यतन बना सकें।इसी कड़ी की शुरुआत करते हुए पहला व्याख्यान संपन्न हुआ, जिसमें भारतीय मिथकों के विशेषज्ञ और सुप्रसिद्ध रचनाकार, संस्कृतिविद् व भारत सरकार के प्रसार भारती दूरदर्शन के पूर्व उपमहानिदेशक उद्भ्रांत (रमाकांत शर्मा, दिल्ली) शामिल हुए। मुख्य वक्ता उद्भ्रांत ने कहा कि हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा दुनिया की सबसे अनूठी परंपरा है जिसमें धर्म, अध्यात्म, ज्ञान, विज्ञान कला, संस्कृति,जीवन का हर पहलू शामिल है। 'वसुधैव कुटुंबकम' अर्थात पूरी वसुधा ही हमारी कुटुंब है, इस समग्रता में देखती है। भारतीय ज्ञान सिर्फ सूचना नहीं है बल्कि यह उसे आत्म साक्षात्कार नैतिक उत्थान और विश्व कल्याण की बुनियादी शिक्षा है। यह प्रकृति, ब्रह्मांड, मानव जीवन और नैतिकता के गहरे सवालों से रूबरू कराती है। इसकी जड़ें केवल धर्म और अध्यात्म तक ही नहीं, वरण गणित, खगोल शास्त्र, चिकित्सा, योग, दर्शन, भाषा, साहित्य कला, सौंदर्यशास्त्र जैसे ज्ञान के सभी क्षेत्रों में गहरी धँसी हुई है।भारतीय ज्ञान जितना लिखित है उतना ही अलिखित, जो शताब्दियों से सतत् प्रवाहमान है . यह मौखिक परंपरा अर्थात् वाचिक साहित्य और वेदों, उपनिषदों, महाकाव्यों से लेकर आज तक रचे गये सतसाहित्य में सतत् प्रवाहशील है । इसे आधुनिक विज्ञान की तकनीकि और नित-प्रतिदिन अपडेट होते टूल्स जैसे एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) के माध्यम से भी कैसे विकसित किया जा सकता है, यह शिक्षाविदों के लिए विचारणीय है। इसके पूर्व राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्, रायपुर के अतिरिक्त संचालक जयप्रकाश रथ ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि उद्भ्रांत देश के उन कुछ बौद्धिक रचनाकारों हैं, जिन्होंने हिंदी साहित्य के लगभग सभी विधाओं में अपना लोहा मनवाया है।

व्यापारियों को राहत, अस्थायी बिजली कनेक्शन के लिए ऑनलाइन सिस्टम, घर बैठे कर सकते हैं आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने एक अभिनव कदम उठाते हुए व्यापारियों के लिए अस्थायी बिजली कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सरल बना दिया है। स्टेट सिंगल विंडो पोर्टल के माध्यम से शुरू की गई इस ऑनलाइन प्रणाली का उद्देश्य नियमों में सुधार करना और कठिन प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। इस पहल से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि व्यवसायियों को समय और लागत की बचत भी होगी। छत्तीसगढ़ सरकार की इस पहल को उद्यमियों और व्यापारियों ने खूब सराहा है।

नई प्रणाली के तहत व्यवसायी अब घर बैठे ही स्टेट सिंगल विंडो पोर्टल पर अस्थायी बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की स्थिति को रीयल-टाइम में ट्रैक करने की सुविधा ने प्रक्रिया को और भी पारदर्शी बना दिया है। पहले जहां कागजी कार्रवाई और कई दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे।वहीं अब यह काम कुछ ही क्लिक में पूरा हो जाएगा

कागजी कार्रवाई खत्म

सीएम ने कहा, इस डिजिटल प्रणाली ने कागजी कार्रवाई और बार-बार सरकारी दफ्तरों के दौरे की जरूरत को खत्म कर दिया है, जिससे प्रशासनिक खर्चों में भारी कमी आई है। छोटे और मझोले उद्यमी, जो पहले जटिल प्रक्रियाओं से जूझते थे, अब इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। रायपुर के एक युवा व्यवसायी हरीश पटेल ने बताया, पहले कनेक्शन लेने में कई हफ्ते लग जाते थे, लेकिन अब यह काम कुछ ही दिनों में हो जाता है।

व्यवसायियों को दो फायदे

यह सिस्टम न केवल तेज और सुगम है, बल्कि पूरी तरह नियमों के अनुरूप भी है। डिजिटल रिकॉर्ड-कीपिंग से ऑडिट प्रक्रिया आसान हो गई है, जिससे सरकारी विभागों और व्यवसायियों दोनों को फायदा होगा। सरकार का कहना है कि यह डिजिटलीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। भविष्य में अन्य सरकारी सेवाओं को भी इसी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी बनाने की योजना है। छत्तीसगढ़ सरकार की इस पहल से न केवल व्यवसायियों को राहत मिली है, बल्कि यह राज्य को निवेश के लिए और आकर्षक बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वसूली का माध्यम : कन्हैया

■ नंबर प्लेट लगाने के लिए सरकार हर वार्ड में शिविर लगवाए

■ नंबर प्लेट के लिए निर्धारित राशि भी कम की जाए

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की तिथि एक माह बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि नंबर प्लेट लगाने के लिए परिवहन विभाग हर शहर गांव में वार्ड वार्ड में शिविर लगवा कर न्यूनतम शुल्क में नंबर प्लेट उपलब्ध करवाए....

उन्होंने कहा कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के नाम पर हाई लेवल पर जो धंधा किया जा रहा है उसकी मार उपभोक्ताओं पर नहीं पड़नी चाहिए । नंबर प्लेट बदलने का निर्णय सरकार ने लिया है तो शुल्क भी सरकार को वहन करना चाहिए ,यदि शुल्क लिया भी जाना है तो न्यूनतम शुल्क निर्धारित किया जाना चाहिए और प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर वाहन चालकों को नंबर प्लेट लगाने की सुविधा दी जानी चाहिए । इस बीच में ट्रैफिक्र पुलिस के द्वारा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के नाम पर जांच या चालान का काम तत्काल प्रभाव से बंद किया जाना चाहिए अन्यथा इस मामले में शासन प्रशासन को विरोध का सामना करना पड़ेगा ।

गिरोह सक्रिय... एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर पुलिस सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने अभियान चला रही

सट्टे के जद में 18-20 साल के युवा, तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश । रायपुर पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 1.25 लाख रुपये कीमत के तीन मोबाइल फोन जब्त किए हैं, जिनका उपयोग सट्टा संचालन में किया जा रहा था। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर रायपुर पुलिस जुआ और सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में 16 अप्रैल 2025 को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को सूचना मिली कि गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के महतारी चौक के पास कुछ लोग आईपीएल मैच के दौरान मोबाइल फोन के जरिए ऑनलाइन सट्टा चला रहे हैं।

सूचना के आधार पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और गुढ़ियारी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर छापा मारा. वहां मौजूद तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया, जिनकी पहचान जगमोहन साहू (20 वर्ष), गोपीचंद गुप्ता (18 वर्ष 8 माह), और सांईराम साहू (18 वर्ष 4 माह) के रूप में हुई. तीनों गुढ़ियारी के गोकुल नगर क्षेत्र के निवासी हैं।

पुलिस ने उनके मोबाइल फोन की जांच की, जिसमें आईपीएल मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा चलाने के सबूत मिले। इसके बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके खिलाफ थाना गुढ़ियारी में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया.

जब्त सामग्री-3 मोबाइल फोन (कीमत करीब 1,25,000 रुपये)इनकों पुलिस ने किया गिरफ्तार-जगमोहन साहू, उम्र 20 वर्ष, गोकुल नगर, गली नंबर 05, रामनगर, गुढ़ियारी, गोपीचंद गुप्ता, उम्र 18 वर्ष 8 माह, गोकुल नगर, गली नंबर 02, रामनगर, गुढ़ियारी, सांईराम साहू, उम्र 18 वर्ष 4 माह, गोकुल नगर, गली नंबर 02, रामनगर, गुढ़ियारी।

सुविचार

शोर मचाने वाले को मजबूत और शांत रहने वाले को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए क्योंकि सिक्के ही आवाज करते हैं नोट नहीं। - अज्ञात

फिर निशाने पर केन्द्रीय ऐजेंसियां

बहुचर्चित नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम चार्जशीट में जोड़ा है। इसके साथ ही कांग्रेस सहित आईडीआईए में शामिल अन्य विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश कहा है कि केन्द्र सरकार राजनीतिक बदले की भावना से सोनिया गांधी और राहुल गांधी को ईडी के माध्यम से परेशान कर रही है ताकि देश में बढ़ती गरीबी , बेराजगारी और महंगाई जैसी समस्याओं से जनता का ध्यान भटकाया जा सके। गौरतलब है कि नेशनल हेराल्ड मामले में पहले भी सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ की गई थी। उस समय भी कांग्रेस पार्टी ने इस मामले को लेकर खूब हंगामा मचाया था और केन्द्र सरकार पर केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाया था। जबकि वास्तविकता तो यह है कि नेशनल हेराल्ड मामले में 2013 में एक जनहित याचिका कोर्ट में दाखिल की गई थी और इसके बाद ही मामले की जांच शुरू हुई थी। 2013 में भाजपा की केन्द्र में सरकार ही नहीं थी। उस समय यूपीए की सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। ऐसी स्थिति में कांग्रेस नेताओं का यह आरोप समझ से परे है कि नेशनल हेराल्ड मामले में मौजूदा भाजपा सरकार केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों का दुरूपयोग कर सोनिया गांधी और राहुल गांधी को परेशान कर रही है। कांग्रेस नेताओं के अलावा समाजवादी पार्टी ने भी ईडी कार्यवाही पर सवालिया निशान लगाया है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने तो यहां तक कह दिया है कि ईडी विभाग को खत्म कर देना चाहिए। उन्होंने एक बयान में कहा है कि कांग्रेस ने ही ईडी विभाग बनाया था और आज कांग्रेस को ही ईडी परेशान कर रही है। इसलिए ईडी को खत्म कर देना चाहिए। इधर कांग्रेस से मतभेद के बावजूद आम आदमी पार्टी ने भी ईडी की कार्यवाही पर उंगली उठाई है। आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा है कि विपक्षी नेताओं को परेशान करने के लिए ईडी जैसी केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों का केन्द्र सरकार दुरूपयोग कर रही है। नई दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी ईडी ने लंबे समय तक जेल में रखा था लेकिन सत्य की जीत हुई और दोनों ही नेता जमानत पर छूट गये हैं।अन्य विपक्षी पार्टियों ने भी केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों की कार्यप्रणाली पर आपत्ति दर्ज कराई है। इनमें से ज्यादातर पार्टियां ऐसी हैं जिनके नेता भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हुए हैं। ऐसी पार्टियों के नेता केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों पर लगातार सवाल खड़ा करते रहे हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि जब उनके नेता निर्दोश हैं तो आखिर उन्हें किसी भी तरह की जांच से दिक्कत क्या है। ईडी हो या सीबीआई यदि वे किसी मामले की जांच कर रहे हैं तो उसे सरकार की बदले की कार्यवाही किस आधार पर कहा जाता है। यदि उनपर झूठा आरोप लगा है तो न्यायालय में इस बात का फैसला हो जाएगा। जहां दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता है। किन्तु विपक्षी पार्टियां केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों की लगातार खिलाफत कर रही है। गैर एनडीए शासित कई राज्यों में तो सीबीआई को राज्य सरकार से अनुमति लेनी पड़ती है तभी वे किसी मामले की जांच कर पाती है। कई बार तो ऐसे राज्यों में किसी मामले की केन्द्रीय ऐजेंसियों से जांच कराने का निर्देश संबंधित राज्यों के हाईकोर्ट को जारी करना पड़ता है। सीधी सी बात है कि केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों की कार्यवाही का विरोध करने वालों को अपनी पोल खुलने का खतरा महसूस होता है इसे ही कहते हैं चोर की दाढ़ी में तिनका। बेहतर होगा कि केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाकर विपक्षी पार्टियां व्यर्थ का बवाल खड़ा न करें।

पाकिस्तान को एस जयशंकर की खरी-खरी

आतंकवाद का पर्याय बन चुके पड़ोसी देश पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उसे खरी-खरी सुनाई है। उन्होंने ठीक ही कहा है कि पाकिस्तान अपने ही बुने जाल में खुद फंस गया है। गौरतलब है कि अफगानिस्तान में तालीबान को पाकिस्तान ने ही बढ़ावा दिया था। लेकिन अफगानिस्तान ने जब तालिबान का शासन कायम हो गया तो उसने पाकिस्तान के इशारे पर नाचने से न सिर्फ इंकार कर दिया बल्कि पाकिस्तान के कुछ इलाकों पर कब्जा करने की कोशिश शुरू कर दी। पाकिस्तानी हुकमरानों ने सोचा था कि वे तालिबान का उपयोग भारत के खिलाफ करेंगे। लेकिन अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार ने भारत के साथ बेहतर संबंधों को प्राथमिकता दी और पाकिस्तान के खिलाफ ही तालिबान आक्रामक हो गया। इस बारे में एस जयशंकर ने यह भी सही कहा है कि तालिबान पर दोहरा चरित्र अपनाना पाकिस्तान को महंगा पड़ गया है। अफगानिस्तान में पाकिस्तान दोहरा खेल खेल रहा था लेकिन जब अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना वापस चली गई और अपने अरबों रूपये से हथियार वहीं छोड़ गई तो तालिबान ने उन हथियारों की बदौलत अपनी ताकत बढ़ा ली और अब वह पाकिस्तान को ही आंखे दिखा रहा है। वैसै भी आतंकवाद की आग को हवा देने वाला पाकिस्तान अब खुद अपनी लगाई आग में झुलस रहा है। पाकिस्तान ने उसमें जिन आतंकवादी संगठनों को पाला पोशा है वे अब पाकिस्तान के लिए ही भस्मासुर साबित हो रहे हैं। नतीजतन पाकिस्तान के कई सूबों में गृह युद्ध के हालात निर्मित हो रहे हैं और पाकिस्तान की सरकार तथा वहां की सेना के खिलाफ लोगों में आक्रोश फैल रहा है। इसके बावजूद पाकिस्तान के हुकमरान सबक सिखने के लिए तैयार ही नहीं है।

प्रेरक प्रसंग

स्वर्ग प्राप्ति का राजमार्ग

एक दिन एक गृहस्थ ने महात्मा रामानुज से प्रश्न किया कि महात्मन् ! क्या ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि यह संसार भी न छोड़ना पड़े और स्वर्ग भी पा लूँ।

रामानुज हँसे और बोले- हाँ, है ऐसा मार्ग। तुम जो कुछ कमाओ, ईमानदारी से कमाओ और जो कुछ व्यय करो-सदा दूसरों की भलाई के लिए करो। गृहस्थ को संदेह हुआ उसने पूछा- मगर ऐसे कठिन मार्ग पर कौन चल सकता है ?

रामानुज ने दृढ़ विश्वास के साथ कहा- जो नारकीय यातनाओं से बचना चाहता होगा और जिसे ईश्वर प्राप्ति की सच्ची लगन होगी।

आज का पंचांग

सूर्योदय : : 06:06, सूर्यास्तः : 06:48, चन्द्रोदयः : 22:57, चन्द्रास्तः :08:04, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः : वसंत, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि : पञ्चमी, नक्षत्र : ज्येष्ठा, योग : परिघ, प्रथम करण : बालव (15:23 तक), द्वितीय करण : कौलव (28:18 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : वृश्चिक, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:51 से 12:42, अमृत काल : 22:39 से 24:25, सर्वार्थ सिद्धि योग : 05:48 से 05:55, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:18, गोधूलि मुहूर्त : 18:44 से 19:06, सायाह्न सन्ध्या : 18:45 से 19:51, निशिता मुहूर्त : 23:54 से 24:38, राहुकाल : 10:30 से 12:00, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 05:48 से 07:25, दुर्मुहूर्त : 10:07 से 10:59, होमाहुति : मंगल, दिशा शूल : दक्षिण, नक्षत्र शूल : पूर्व (05:55 से), अग्निवास : आकाश, चन्द्र वास : उत्तर, शिववास : कैलाश पर (15:23 से नन्दी पर)।

संजीव ठाकुर

अब इस चिप्स को लेने के लिए चीन को अमेरिका की सरकारी मंजूरी लेनी होगी और यह प्रतिबंध आगे आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। दूसरी तरफनिरंतर मजबूत सार्वजनिक खर्च और आसान मौद्रिक नीति के कारण भारत की अर्थव्यवस्था में 2025 में 6.5ब्व की दर से बढ़ोतरी हो सकती है जो की 2024 की सिक्स पॉइंट नाइन प्रतिशत की वृद्धि से थोड़ा कम है किंतु भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में रहेगी। संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट में कहा गया कि बढ़ते व्यावसायिक तनाव और निरंतर और निश्चिंत्यता के कारण पूरा विश्व अर्थव्यवस्था मंदी के रास्ते पर है जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था नीचे गिर सकती है और टैरिफयुद्ध से पूरा वैश्विक बाजार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। टैरिफयुद्ध के चलते एवं वैश्विक आर्थिक अवस्था के कारण भारत में सोना एक नए रिकॉर्ड की ऊंचाई पर पहुंच गया है अमेरिका चीन व्यावसायिक युद्ध के कारण सोने में रिकॉर्ड तेजी हुई है। यह तो तय है कि भारत तेजी से उभरती हुई आर्थिक अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है किंतु चीन अमेरिका टैरिफयुद्ध पूरे विश्व के लिए आर्थिक मंदी लाने वाला होगा जिसके परिणाम सबसे ज्यादा विकासशील देशों को भुगतना पड़ेगा।

चीन-अमेरिका टैरिफवार में आमने-सामने

भारत की अर्थव्यवस्था में सुधार

डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद 100 दिनों में डोनाल्ड ट्रंप की सनक ही सामने आती दिखाई दी है। मूलतः बड़े व्यवसाय से जुड़े व्यापारी से राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की अर्थव्यवस्था को सुधारने में पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को डाँवाडोल कर चुके हैं।

यह भी बताया जाता है कि उनके व्यावसायिक सलाहकार टेस्ला के मालिक एलन मस्क को उनकी इस व्यापारिक नीति पर अरबों का नुकसान हुआ है जिसके चलते एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप में गहरे व्यावसायिक मतभेद उभर आए हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति जो बाईडेन ने चुनाव के लगभग 100 दिन बाद अपनी आधिकारिक सभा में कहा की डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने 100 दिनों से कम समय में ही आश्चर्यजनक रूप से भारी नुकसान तथा विनाश किया है पूर्व राष्ट्रपति ने दावा किया की ट्रंप ने सामाजिक सुरक्षा प्रशासन के विरुद्ध द्वेषपूर्ण बर्ताव कर लगभग 7000 कर्मचारियों की छटनी करके अमेरिका को एक झटका दिया है उन्होंने कहा की कई अमेरिकी भोजन के लिए सामाजिक सुरक्षा पर भरोसा करते हैं और इसमें यह कटौती लाखों लोगों के लिए विनाशकारी होगी, उन्होंने आगे कहा की अमेरिकी प्रशासन ने पूरे विश्व में टैरिफयुद्ध लाकर आर्थिक अस्थिरता पैदा कर दी है। अमेरिका ने पहले चीन पर भारी 145% टैरिफलगाया था जवाब में चीन ने 125% टैरिफलगाने पर अमेरिका ने फिर जवाबी कार्रवाई कर 245% टैरिफचीन पर ठोक दिया है ट्रम्प प्रशासन के प्रवक्ता के अनुसार चीन ने बहुत सारे रेयर अर्थ पदार्थ पर अमेरिका भेजने पर प्रतिबंध लगा दिया था इन सब रेयर अर्थ पदार्थ पर अमेरिका की आत्मनिर्भरता खत्म हो गई थी जिसमें उल्लेखनीय है कि गैलियम,जर्मेनियम, एंटीमनी जैसे कुछ तकनीक के निर्यात पर चीन ने प्रतिबंध लगाकर अमेरिका को मजबूर कर दिया था अमेरिका के व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने दावा किया है कि इस तरह के निर्यात को प्रतिबंधित करने में चीन की मंशा दुनिया के ऑटो मार्क्स एयरोस्पेस निर्माता, सेमीकंडक्टर कंपनियों एवं अन्य सैन्य ठेकेदार को महत्वपूर्ण सामग्री पूर्ति करने से रोकने के लिए की गई है। पहले अमेरिका का चीन सामरिक दुश्मन नंबर एक था ताइवान के मामले में अमेरिका और चीन एक दूसरे के आमने-सामने डटकर खड़े हुए थे पर कुछ कूटनीतिक तकनीकी के कारण अमेरिका ताइवान चीन के दावे पर सीधा हस्तक्षेप नहीं कर रहा था किंतु अब वैश्विक आर्थिक महायुद्ध में चीन पर 245 प्रतिशत टैरिफ लगाकर यह युद्ध अब सीधे-सीधे अमेरिका तथा चीन के मध्य केंद्रित हो गया है। चीन ने अमेरिकी हस्तक्षेप के जवाब में नहले पर दहला मारकर पिछले हफ्ते ऑटो मार्क्स के लिए सेंट्रल कमांड के लिए 6 दुर्लभ धातुओं के साथ बड़ी चुंबकों के निर्यात पर भी रोक लगा दिया माना जाता है कि यह दुनिया भर के एयरोस्पेस निर्माता सेमीकंडक्टर कंपनियां एवं अन्य सैया सामग्रियों के इस्तेमाल करने वाली कंपनियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है।

यह संसाधित खनिज अमेरिका रक्षा उद्योग के लिए अत्यंत अहम है जिसमें जेट इंजन मिसाइल मार्गदर्शन प्रणाली, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर तथा अल्ट्रा एडवांस रडार सिस्टम जैसे एपरेटस के निर्माण में इनका अनुप्रयोग किया जाता है और महत्वपूर्ण बात यह है इन सब की आपूर्ति रुक जाने से ट्रंप प्रशासन तिलमिलाकर चीन से कुपित हो गया है। ट्रम्प प्रशासन के प्रवक्ता के अनुसार लगभग 75 देश पहले से ही नए व्यापार समझौते पर गहन चर्चा हेतु चीन के अलावा सहमत हो चुके हैं इन पर लगे व्यापारिक अतिरिक्त शुल्क को फिलहाल 90 दिनों के लिए रोक दिया गया है। ट्रम्प प्रशासन के अनुसार चीन बोइंग विमान के सौदे से साफ-साफ मुकर गया है और अमेरिका ने अपने वैधानिक अधिकारों और हितों तथा अंतरराष्ट्रीय न्याय की रक्षा हेतु जवाबी कदम उठाते हुए 245 प्रतिशत टैरिफ चीन पर लगा दिए हैं जिसे उन्होंने उचित और संवैधानिक बताया है। यह तो तय है कि 245% टैरिफ से भविष्य में चीन को भारी नुकसान होने वाला और इससे उसकी अर्थव्यवस्था पूरी तरह डगमगा जाएगी। दूसरी तरफ चीन की प्रवक्ता एजेंसी रेडियो फ्री एशिया के अनुसार अमेरिका ने चीन को एनवीडीया के द्व20 चिप्स का निर्यात रोक दिया है इसे अंतरराष्ट्रीय जगत में चीन पर दबाव बनाने हेतु उठाया गया कदम बताया जाता है।

अब इस चिप्स को लेने के लिए चीन को अमेरिका की सरकारी मंजूरी लेनी होगी और यह प्रतिबंध आगे आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। दूसरी तरफ निरंतर मजबूत सार्वजनिक खर्च और आसान मौद्रिक नीति के कारण भारत की अर्थव्यवस्था में 2025 में 6.5% की दर से बढ़ोतरी हो सकती है जो की 2024 की सिक्स पॉइंट नाइन प्रतिशत की वृद्धि से थोड़ा कम है किंतु भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में रहेगी। संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट में कहा गया कि बढ़ते व्यावसायिक तनाव और निरंतर और निश्चिंत्यता के कारण पूरा विश्व अर्थव्यवस्था मंदी के रास्ते पर है जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था नीचे गिर सकती है और टैरिफ युद्ध से पूरा वैश्विक बाजार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। टैरिफ युद्ध के चलते एवं वैश्विक आर्थिक अवस्था के कारण भारत में सोना एक नए रिकॉर्ड की ऊंचाई पर पहुंच गया है अमेरिका चीन व्यावसायिक युद्ध के कारण सोने में रिकॉर्ड तेजी हुई है। यह तो तय है कि भारत तेजी से उभरती हुई आर्थिक अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है किंतु चीन अमेरिका टैरिफ युद्ध पूरे विश्व के लिए आर्थिक मंदी लाने वाला होगा जिसके परिणाम सबसे ज्यादा विकासशील देशों को भुगतना पड़ेगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 612 में आज ही के दिन शाहजहां ने मुमताज से निकाह किया था। 1859 में क्रांति का बिगुल फूंकने वाले तात्या टोपे को फांसी पर लटकाया गया था। 1902 में अपराधियों की पहचान के लिए डेनमार्क ने सबसे पहले फिंगरप्रिंट दर्ज करना स्टार्ट किया था। 1917 में गांधी जी ने अपने सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत के लिए बिहार के चंपारण का चयन किया था।1950 में विनोबा भावे ने आंध्र प्रदेश (तेलंगाना) के पचमपल्ली गांव से भूदान आंदोलन की शुरुआत की थी। 1955 में आज ही के दिन वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का 76 साल की उम्र में प्रिंसटन के एक हॉस्पिटल में निधन हुआ था। 1968 में अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया था। 1971 में भारत का पहला जंबो जेट बोइंग 747 मुंबई पहुंचा था और इसे सम्राट अशोक नाम दिया गया 1978 में आधुनिक नई दिल्ली का निर्माण करने वाले सोभा सिंह का निधन आज के ही दिन हुआ था। 1991 में आज ही के दिन केरल को देश का पहला पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया गया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कश्मीर फाइल्स

कश्मीर फाइल्स और केरल फाइल्स में डायरेक्टर एक्टर और राइटर अलग-अलग थे. कुछ आंख के अंधों को यह कहानी लगी होगी ये है बंगाल फाइल्स डायरेक्टर भी खुद. लेखक भी खुद और एक्टर भी खुद भी खुद डायरेक्ट एक्शन जब रक्षक ही भक्षक बन जाए बोल तुझे कौन बचाए - **मनोज स्वाइन**

कहने को बहुत

कहने को बहुत कुछ था, मगर ,कह नही पाये। ज़िंदगी गुज़रती रही, लौट नही पाये। कहते हैं लोग, गोल है दुनियाँ, आता वही है घूम कर, मगर बिछड़ कर फिर कभी हम मिल नही पाये।

\- **शिखा लाहिरी**

ख़ास पाती | वार औ प्रहार चोट, संग में आघात

वार औ प्रहार चोट, संग में आघात मित्र, एक अर्थ भाव धरि, छंद गीत गाइए। मनहरण कवित्त ,वर्ण छंद की प्रकृति, काव्य नदी धार वृत्ति, प्रीति मीत गाइए।। भाव सोच शब्द अर्थ ,केंद्र बिंदु छंद कथ्य, मम्मट के नवों रस, भाव जीत गाइए। भेषभूषा अलंकार, सुन्दर विचार संग, अहंकार से विमुक्त ,गुणातीत गाइए।। **राजकिशोर मिश्र**

ऐसा भी नहीं था कि तू किस्मत में नहीं



ऐसा भी नहीं था कि तू किस्मत में नहीं था मैं ही जहाँ से लड़ने की हालत में नहीं था तुमने भी मुझे मिलने की कोशिश न की कभी और जोशे जुनून मेरी भी वहशत में नहीं था मुमकिन था लौट आता मैं, आवाज़ तो देते मुड़ मुड़ के देखना मेरी आदत में नहीं था कुछ तुमने भी आना नहीं छोड़ा ख़याल में और तुझको भूलना मेरी फ़ितरत में नहीं था दिल को क़रार देने लगीं बेकरारियां फ़ुरकत में जितना लुत्फ़ है चाहत में नहीं था। -**अनु मित्तल**

कोई लम्हा आए आए भी तो जिन्दगी

कोई लम्हा आए भी तो ज़िन्दगी में मुस्कुरा दे दिल हमारा भी खुशी में बस दिखावे की हंसी को जी रहे हैं कट रही है उम्र लेकिन बेबसी में हम तो संजीदा रहे पर खुश नहीं थे मस्त हैं कुछ लोग तो आवारगी में तीरगी देकर गया जो उम्र भर की देखते थे रोशनी उसकी खुशी में एक पल को चुप नहीं रहता था जो अब बात करता ही नहीं नाराज़गी में। - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

चल मन कुछ अपनी लिखती हूँ

चल मन कुछ अपनी लिखती हूँ, भूलीद्धबिसरी यादों में खो जाती हूँ, मैं भी कभी छोटी सी गुड़िया थी, चहकती फुद्कती सी चिड़िया थी, आंगन की रौनक कहते बाबा मुझको, दिल का टुकड़ा कहती अम्मा मुझको, खेल खेल में दिन बीता बचपन का, याद आती सखियाँ वो छुटपन का, बाबुल का घर जब से हुआ पराया, जीवन का दर्शन हुआ है गहराया, काम काज ने ऐसा नाता जोड़ा है, मुझको ही मुझसे नाता तोड़ा है, थोड़ी सी फुर्सत मिली जो मुझको, आ कविता कुछ पल मिलूँ मैं तुझको, तुमको लिखकर मैं खुश हो लेती हूँ, कथा-व्यथा में कुछ रो भी लेती हूँ, ओ कविता! मेरी भावनाओं को समझती हो तुम, मैंद्धभीद्धनारीद्धतूद्धभीद्धनारी, मेरी अंतरंग सहेली हो तुम। - **पूनम झा 'प्रथमा'**

पश्चिम बंगाल मे केंद्र के कानून को न

पश्चिम बंगाल मे केंद्र के कानून को न लागू करना ,एक वर्ग को दूसरे वर्ग की खुलेआम हत्या ,बलात्कार,लूट ,संपत्तियो को आग लगाने का अधिकार देना ,पुलिस को दंगाईयो का मूक सहयोगी बना देना आज भीमराव अंबेडकर होते तो उसे लोकतंत्र की विफलता और नेतृत्व को अक्षम मानकर राष्ट्रपति शासन की मांग करते। डॉक्टर साहब ने अनुच्छेद 254,256 बनाया है इन्ही सब की आशंका रही होगी। डॉक्टर साहब इसे कभी माफ नही करते । - **ऐडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

जल जल कर जो जल रहे विष

जल जल कर जो जल रहे विष शब्दों से उगल रहे है चलो तुम उगलते रहो मुझको हलाहल करते रहो मैं अपने धुन में रमता जोगी मैं इसका विषपान करूँ तू उगल उगल कर थक जायेगा शेषनाग जैसा झुक जायेगा रब का हाथ हो सर पर जिसका उसे डर है अब किसका। - **प्रीति श्रीवास्तव**

QUIZ TIME

1) हाल ही में किस राज्य को वन्यजीव पर्यटन के लिए अभयारण्य एशिया पुरस्कार प्राप्त हुआ?

2) हाल ही में किस शहर को यूनेस्को रचनात्मक शहर में सम्मिलित किया गया है?

3) सावरकर हिन्दू महासभा के अध्यक्ष किस वर्ष बने?

4) एचटीएमएल किस प्रकार की भाषा है?

5) भारतीय स्पर्धा आयोग की पहली महिला अध्यक्ष कौन है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मध्यप्रदेश (2) ग्वालियर और कोझिकोड (3) 1937 (4) मार्कअप (5) रवनीत कौर

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आपको किसी ना किसी कारण मानसिक क्लेश बना रहेगा। प्रत्येक कार्य को देख-भाल कर ही करेंगे फिर भी सफलता निश्चित नहीं रहेगी।

वृषः आज का दिन आनंददायक रहेगा। आज आप लगभग प्रत्येक क्षेत्र पर सफल रहेंगे। सफलता के पीछे परिजनों का भी विशेष योगदान रहेगा।

मिथुनः आज के दिन आप अपने ही गैरजिम्मेदार व्यवहार के कारण कष्ट उठाएंगे। कार्यो में लापरवाही भी अधिक रहेगी।

कर्कः आज के दिन आपके अपने ही बनते कार्यो में अड़चन डाल सकते है जिससे नया विवाद खड़ा होगा।

सिंहः आज के दिन आपको संयमित व्यवहार करने की सलाह है। स्वाभाव में उग्रता रहने से स्वयं जनों से मन दुःख के प्रसंग बन सकते है।

कन्याः आज का दिन आपकी अपेक्षाओं के अनुसार रहेगा। सामाजिक एवं पारिवारिक क्षेत्र पर आज आप भाग्यशाली माने जाएंगे।

तुलाः आज का दिन आपको मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में शारीरिक रूप से असमर्थ रहेंगे आलस्य अधिक रहने से उत्साह की कमी रहेगी।

वृश्चिकः आज आपके मन के विचार थोड़ी-थोड़ी देर में बदलते रहेंगे जिससे कोई भी ठोस निर्णय लेने में दिक्कत आएगी।

धनुः आपका आज का दिन भी थोड़ा उतार चढ़ाव वाला रहेगा। संबंधो में चाह कर भी मधुरता नहीं रख पाएंगे।

मकरः आज घर एवं सामाजिक क्षेत्र पर आपके विचारों को पसंद किया जाएगा। अनजान लोग भी आपकी बातों से प्रभावित होंगे नए मित्र एवं जनसंपर्क बनेंगे।

कुंभः आज के दिन कार्य क्षेत्र के साथ साथ घरेलु कार्य अधिक रहने से व्यस्तता बढ़ेगी। मध्यान का समय धन लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

मीनः आज आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से बेहतर अनुभव करेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 020 का हल

महत्वपूर्ण उपलब्धि : भिलाई इस्पात संयंत्र के संसाधनों से बनाई लैडल फर्नेस ट्रांसफर कार

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल - भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) में लैडल फर्नेस ट्रांसफर कार का आतंरिक संसाधनों से निर्माण कर एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि हासिल की गई है। इससे प्रति कार बड़ी लागत की महत्वपूर्ण बचत तय हुई है। यह संयंत्र के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

एसएमएस-3 में तीन बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस (कन्वर्टर) हैं, जिनमें हॉट मेटल को परिष्कृत कर स्टील में परिवर्तित किया जाता है। कन्वर्टर से टैप किए गए तरल स्टील को ट्रांसफर कारों के माध्यम से स्टील लैडल्स में डालकर सेकेंडरी रिफाइनिंग यूनिट में भेजा जाता है। यहां तीन लैडल फर्नेस में अंतिम रिफाइनिंग कर उच्च गुणवत्ता का स्टील उत्पादित किया जाता है। हर लैडल फर्नेस के लिए एक ट्रांसफर कार उपलब्ध है, जिसकी भार क्षमता 80 मीट्रिक टन है। एसएमएस-3 के पास कोई अतिरिक्त लैडल ट्रांसफर कार न होने के कारण एक अतिरिक्त कार का निर्माण किया गया। एसएमएस-3 के मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में शॉप एसएमएस-3 ने मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल एंड यूटिलिटीज) बीके बेहेरा के अनुमोदन और इंजीनियरिंग डिवीजन के तकनीकी परामर्श से ट्रांसफर कार का आंतरिक संसाधनों से निर्माण किया। मौजूदा लैडल कार की ड्रॉइंग को विकसित कर रिवैम्पिंग सेल में इसकी बॉडी तैयार की गई और मशीन शॉप की सहायता से निर्माण किया गया। आतंरिक संसाधनों से निर्मित लैडल ट्रांसफर कार का विधिवत उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार द्वारा किया गया। इस प्रोजेक्ट के सफल क्रियान्वयन में महाप्रबंधक (मार्स) एचके सचदेव, महाप्रबंधक (रिवैम्पिंग सेल) नाबर्शी रॉय, वरिष्ठ प्रबंधक (रिवैम्पिंग सेल) प्रमोद कुमार, सहायक महाप्रबंधक (ईडीडी) गीतेश देवांगन, महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा, पी. सतपथी, संजीव मिश्रा, अजित नारायण, वरिष्ठ प्रबंधक अभिषेक झा, सहायक महाप्रबंधक किरण कुमार, महाप्रबंधक डीके वार्ष्णेय, सहायक महाप्रबंधक केके तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक आशुतोष सिंह, सहायक प्रबंधक लक्ष्मी नारायण रेड्डी, सहायक महाप्रबंधक (एसएमएस-3) मुनीम खान, प्रबंधक गौरव पटेल सहित एसएमएस-3 के अन्य अधिकारियों का सक्रिय योगदान रहा। इस परियोजना को सफल बनाने में मेसर्स केएमसी और मेसर्स इनोमोटिक्स ने भी विशेष सहयोग प्रदान किया।

पीएम आवासों में जलसंकट : बाल्टी लेकर पहुंची महिलाओं ने नगर निगम में किया प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। गर्मी बढने के साथ ही शहर के कई इलाकों में पानी की किल्लत शुरू हो गई है। पोटिया रोड के किनारे बने पीएम आवासों में कई दिनों से जारी जलसंकट के विरोध में आज यहां की महिलाओं ने बच्चों के साथ निगम मुख्यालय में प्रदर्शन किया। खाली बाल्टियों के साथ निगम मुख्यालय पहुंची महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। महिलाओं ने कहा कि कई बार जानकारी देने के बावजूद जलसंकट दूर नहीं किया जा रहा है। यहां बने पीएम आवासों में करीब 65 परिवार निवास करते हैं। नई पाइपलाइन बिछाकर पानी सप्लाई शुरू करने की बजाय पुरानी पाइपलाइन से ही सप्लाई की जा रही है। गर्मी के मौसम में यहां के नागरिकों को बमुश्किल एक दो-बाल्टी पानी ही मिल पाता है। नागरिकों के साथ प्रदर्शन में मौजूद नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने कहा कि निगम प्रशासन को आम नागरिकों की परवाह नहीं है। निगम के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अफसर जलसंकट से निपटने में नाकाम हैं। वार्ड 41 के पूर्व पार्षद हमीद खोखर ने बताया कि नगर निगम के अफसर नई पाइपलाइन बिछाने में कई दिनों से टालमटोल कर रहे हैं। सड़क खोदने के लिये पीडब्लूडी से परमीशन न मिलने का हवाला देकर पाइपलाइन नहीं बिछाई जा रही है। बढ़ती गर्मी के साथ जलसंकट भी लगातार बढ़ रहा है लेकिन नगर निगम प्रशासन को आम जनता की परवाह नहीं है।

न्यूज गैलरी

टैक्स वसूलने सुबह 8 बजे से खुलेंगे नगर निगम के काउंटर

भिलाईनगर। बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर निगम भिलाई के काउंटर सुबह 8 बजे से खुल रहे हैं। छुट्टी के दिन भी संपत्ति कर, भू-भाटक, जलकर इत्यादि का शुल्क जमा किया जा सकता है। भिलाई नगर निगम में संपत्ति कर जमा करने के लिये सुबह 8 से शाम 5 बजे तक काउंटर खुले रहेंगे। वित्तीय वर्ष 2025-26 का संपत्तिकर जमा करने वाले करदाताओं को 6.25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। शासन द्वारा वर्ष 2024-25 के संपत्ति कर दाताओं को माह अप्रैल तक बकाया संपत्तिकर जमा करने विशेष राहत दी गई है।

भिलाई निगम के 5 कर्मचारी पदोन्नत

भिलाई नगर। पदोन्नति के लिये नियमित पद न होने के कारण नगर निगम भिलाई में काफी समय से निगम के कर्मचारियों की पदोन्नति लटकी थी। पद रिक्त होने पर निगम कमिश्नर राजीव पाण्डेय के निर्देश पर छानबीन समिति द्वारा सीनियारिटी और योग्यता को आधार मानते हुए 5 कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया। पदोन्नत कर्मचारियों को निगम कमिश्नर ने पदोन्नति पत्र प्रदान किया। राजस्व निरीक्षक अनिल मेश्राम को सहायक राजस्व अधिकारी, चौकीदार शशिभूषण मोहंती को सहायक ग्रेड-3, संतराम देवांगन, दिनेश बेलचंदन और कोमल पटेल को चौकीदार पद से पदोन्नत करते हुए सहायक राजस्व निरीक्षक बनाया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने पदोन्नत कर्मचारियों को शुभकामना देते हुए उनसे नए पद के अनुरूप बेहतर कार्य करने कहा।

बीएसपी ने दी वित्तीय सहायता

भिलाई। बीएसपी के रावघाट लौह अयस्क खदान द्वारा मुख्य महाप्रबंधक (रावघाट) अरूण कुमार और महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट के प्रयासों से खड़कागांव और बिंजली ग्राम को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। वित्तीय सहायता के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन के लिये बिंजली की सरपंच गमिता कुमेटी को 50 हजार रुपए और खड़कागांव की सरपंच जुनाय सलाम को ग्राम में जात्रा अनुष्ठान के आयोजन के लिए 50 हजार रुपए का चेक सहायक महाप्रबंधक (रावघाट) डीएन रस्तोगी द्वारा सौंपा गया।

नगरीय प्रशासन मंत्री से महापौर ने की मुलाकात : विकास कार्यों के लिए मांगी राशि

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। महापौर अलका बाघमार ने डिप्टी सीएम व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। उन्होंने शहर विकास के विभिन्न कार्यों के लिए राशि देने की मांग की।महापौर ने बताया कि शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क डामरीकरण, डब्लूएमएम और पैच रिपेयरिंग के कार्यों को पूरा करने अधोसंरचना मद से स्वीकृत करने की मांग की।

शहर के 14 मुख्य मार्गों का डामरीकरण करने के लिये राशि की मांग की गई। इसके अलावा इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग, गया नगर में खेल मैदान के विकास, वार्ड 18 में जवाहर नगर खेल मैदान के विकास व उन्नयन कार्य, वार्ड 53 महावीर खेल मैदान पोटिया और वार्ड 54 पोटिया दशहरा मैदान में खेल मैदान विकास के कार्यों को स्वीकृति देने की मांग की गई। नगरीय प्रशासन मंत्री से दर्जन भर तालाबों की सफाई व सौंदर्यीकरण, दो स्थानों पर शौचालय निर्माण, पटेल चौक के पास पिंक टॉयलेट निर्माण, इदिरा मार्केट में शौचालय निर्माण कार्य के लिये भी मंजूरी देने की मांग की गई। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर, चंद्रशेखर चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, मनीष साहू, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, गायत्री वर्मा, रजनीश श्रीवास्तव, संभव जैन सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे। डिप्टी सीएम व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने आश्वस्त करते हुए कहा कि शहर के विकास के लिये पर्याप्त राशि दी जाएगी। शहर विकास के सभी प्रस्तावों को जल्द स्वीकृति दी जाएगी।

शासकीय महाविद्यालय में आईक्यूएसी का गठन, व्याख्यान आयोजित

कुम्हारी/ नवप्रदेश। स्व.बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) का गठन विगत 15 अप्रैल को किया गया। इस अवसर पर डॉ.गोवर्धन यदु सहायक संचालक उच्च शिक्षा विभाग (छ.ग.), उच्च शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि व आइक्यूएसी के मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहे व व्याख्यान दिए। ज्ञातव्य हो कि डॉ. गोवर्धन यदु शासकीय महाविद्यालय में गठित आइक्यूएसी के एक्सटर्नल सदस्य भी हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन में दैनंदिनी के व्यवस्थित लेखन के महत्व को समझाया व विस्तार से चर्चा किया तथा सुव्यवस्थित पाठ योजना तैयार किए जाने हेतु दिशा - निर्देश दिए इसके साथ ही एन ई पी 2020 पर प्रतिमाह चर्चा - परिचर्चा करने पर जोर दिए। आगामी समय में महाविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) का ग्रेडेशन किया जाना है। इस हेतु ग्रेडेशन में अनिवार्य सात मापदंडों पर विस्तार से समझाइश दिए और कहा कि नैक में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए महाविद्यालयीन विभिन्न कार्यों के साथ-साथ आपसी सामंजस्य भी अत्यंत आवश्यक है, इसमें विद्यार्थियों की भी सहभागिता आवश्यक है।

पीडीएस भवन से अवैध कब्जा हटाया, कब्जेधारी से वसूला जुर्माना

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। वार्ड 33 बैकुण्ठधाम में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन के लिये पीडीएस के दो भवन बनाए गए थे। इसमें से एक भवन में स्टील नगर महिला स्व सहायता समूह द्वारा शासकीय उचित मुल्य दुकान का संचालन किया जा रहा था। पीडीएस भवन के बगल में सुरेश विश्वकर्मा द्वारा अवैध कब्जा करके वहां टेन्ट हाउस का संचालन किया जा रहा था। जोन आयुक्त सतीश यादव के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन ने नगर निगम की टीम के साथ कब्जा हटाने की कार्रवाई की। निगम अफसरों ने बताया कि सुरेश विश्वकर्मा दिव्यांग हैं और जीविकोपार्जन के लिए सरकारी भवन का उपयोग किया जा रहा था। उससे 2000 अर्थदण्ड वसूल किया गया। भवन में टेंट हाउस की सामग्री, बॉस-बल्ली, फर्नीचर, बर्तन रखे थे। भवन को खाली कराने के बाद स्थानीय लोगों की उपस्थिति में पंचनामा बनाया गया। कार्यवाही के दौरान तोडफ़ोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र बंजारे, दिनेश बेलचंदन, मंगल जांगड़े, राजेन सिंह आदि उपस्थित थे।

जिला हॉकी संघ दुर्ग के अध्यक्ष बने अय्यूब इरफान

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला हॉकी संघ की वार्षिक बैठक में सर्वसम्मति से अय्यूब इरफान को संघ का नया अध्यक्ष चुना गया। जहांगीर खान को हॉकी संघ का सचिव बनाया गया है। अय्यूब और जहांगीर भारतीय रेलवे में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रेलवे और छत्तीसगढ़ का नाम गौरवान्वित किया है। वार्षिक बैठक में पिछले वर्ष के आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। अय्यूब ईरफान ने कहा कि दुर्ग शहर में हॉकी टर्फ ग्राउंड की मांग कई साल से की जा रही है। इस मांग को पूरा करने के लिये हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा। शहर में हॉकी प्रतियोगिता के माध्यम से खेल का बेहतर वातावरण तैयार किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से महापौर ट्रॉफी व खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन शिविर व अन्य खेल आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिला हॉकी संघ के निवर्तमान अध्यक्ष अंसार अहमद जरीन और पूर्व सचिव गुलाम रहमानी के कार्यकाल में किये गये कार्यों का सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सराहना की। इस मौके पर जिला हॉकी संघ के संरक्षक मिर्जा शफी अहमद, विनोद वाघ, नजमुद्दीन, दलबीर सिंग आदि उपस्थित रहे।

पीएम इंटर्नशिप योजना : ज्यादा से ज्यादा युवाओं को लाभ दिलाने पर जोर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2.0 के संबंध में हुई बैठक में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को योजना का लाभ दिया जाएगा। आज उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग में हुई बैठक में अतिरिक्त संचालक तकनीकी शिक्षा संचालनालय नवा रायपुर डॉ. अमिताभ दुबे और प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के नोडल अधिकारी प्रकाश पाण्डे ने इस योजना को अधिक से अधिक युवा वर्ग तक पहुंचाने के लिये पुरजोर प्रयास करने पर जोर दिया। बैठक में उप संचालक जिला रोजगार कार्यालय आरके कुर्रे, संयुक्त संचालक टीएस सतपुते, आईटीआई भिलाई और विभिन्न शासकीय व निजी इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक, आईटीआई छ.ग. स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई और हेमचंद विश्वविद्यालय व स्कूल शिक्षा विभाग के कुल 32 प्रतिनिधि उपस्थित थे। विभिन्न संस्थानों के रिक्तियों को भी साझा भी किया गया, जिससे युवा उन संस्थानों में इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन करते हुए योजना का पूरा लाभ ले सकें।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202504103300006 /अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.कं. 20250410330 0006/अ-6अ/वर्ष 2024-25 आवेदक प्रदीप कुमार पिता कंवल सिंह जाति-हल्बा निवासी मकान नं. 261, वार्ड नं. 12 अंजोरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम खपरी प.ह.नं. 23 रा.नि.म. अंजोरा (ख) तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर 216 रकबा 0.600 हे. भूमि आवेदक के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। उक्त वर्णित भूमि के आनलाईन रिकार्ड में आवेदक की जाति गोड़ दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण दर्ज है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के अनुसार आवेदक की सही जाति हल्बा है। उक्त भूमि में आवेदक की जाति गोड़ के स्थान पर हल्वा दर्ज कर त्रुटिसुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह वियत दिनांक 25/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 09.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- /ब-121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक खेमराज पिता मनीराम साकिन ग्राम रुही प.ह.न. तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि अपने स्व. थनवरा पिता नोहर का मृत्यु दिनांक 08/03/2008 को ग्राम रुही तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने का कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः खेमराज पिता मनीराम साकिन ग्राम रुही प.ह.न. तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर प.ह.न. उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 25/05/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11/04/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202504104700070 /अ-74/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री राधेश्याम ऑडिल पिता/पति स्व. बृजलाल निवासी-वार्ड कमांक 01. जुनवानी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम. जुनवानी प.ह.नं.-43, तह.व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा न.-755 रकबा 0.0100 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की प्रति, बैंकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/04/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202504103500019 /अ-20(1)/ वर्ष 2024-25

आवेदक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग पता-जिला चिकित्सालय के सामने, दुर्ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि दुर्ग नगर स्थित नजूल शीट नं. 7 भूखण्ड क्रमांक 19 क्षेत्रफल 46621 वर्गफुट भूमि का पट्टा बैंक के नाम पर जारी किया गया है। जो कि दिनांक 31/3/2025 तक नवीनीकृत है। उक्त भूमि के पट्टे का आगामी तिथि हेतु नवीनीकरण किये जाने हेतु मय दस्तावेज आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि का आवेदगण के नाम पर नवीनीकरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो वह अपना आपत्ति / दावा प्रकरण में प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग के समक्ष स्वतः अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.04.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुभानी पति श्री युसुफ दादा निवासी रामनगर भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि खसरा नं. 9005/4 रकबा 0.01 हे भूमि आवेदक के पिता के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर उसके वैध विधिक वारीसानों का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 21.04.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.04.2025 के मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202503101000116 /अ-06/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक इन्तखाब आलम आ. द्वस्त्रड्ढ. मुख्तार आलम साकिन सुपेला द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 2872 रकबा 0.010 हे जो हमीदा बानो पति मुख्तार आलम के नाम पर दर्ज है, की फौती दर्ज किये जाने के सबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 08/05/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ढुलेश्वर साहू पिता स्व. बाल गोविंद साहू निवासी बजरंग नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा बालगोविंद साहू पिता गणेश साहू की जन्म/मृत्यु दिनांक 15.06.2023 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.04.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202504101000127 /अ-06/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/केता उर्मिला शर्मा पति शशिरंजन शर्मा निवासी रुआबांधा भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद, प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 492 रकबा 0.010 हे. भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता कोमित कुमार सिन्हा पिता स्व0 खेमलाल सिन्हा से कय किया है कि उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 08/05/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202504101000031 /अ-06/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 202504101000031अ/6वर्ष 2024-25 में आवेदिका/आवेदक अखिलेश दुबे पिता रमेश चंद दुबे (आर.सी. दुबे) निवासी ङ्क पुरानी बस्ती कोहका द्वारा ग्राम- कोहका प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख0नं0 7273/33 रकबा 770 वर्गफीट भूमि रमेश चंद दुबे (आर.सी. दुबे) पिता स्व. यादव राव दुबे के नाम पर दर्ज है। को अखिलेश दुबे पिता रमेश चंद दुबे (आर.सी. दुबे) को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। इस आधार पर आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र मय वसीयतनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को वसीयत प्राप्तकर्ता के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 13/05/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

आम-सूचना

किशोर रणधीर सिंह की स्मृति में रक्तदान शिविर में युवाओं की रही अहम भूमिका

महासमुंद/नवप्रदेश। स्वर्गीय किशोर रणधीर सिंह गौर के स्मृति में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन मंगलवार को जय हिंद कॉलेज परिसर महासमुंद में आयोजित किया गया, जिसे जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक में गंभीर मरीजों के लिए दान किया गया। शिविर का आयोजनकर्ता डॉ. एकता लंगेह समाज सेविका के मार्गदर्शन में किया गया। रक्तदान शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, हुलसी चंद्राकर समाज सेवी, सौरव बाफ्ना शामिल हुए। रक्तदान शिविर के पूर्व रक्तदान दाताओं का वजन रक्त परीक्षण के पश्चात रक्त को जिला ब्लड बैंक में जमा किया गया। शिविर आयोजन में सहयोगी संस्था के रूप में आस्था वेलफेयर सोसाइटी लोकार्पण समिति छत्तीसगढ़ जय हिंद कॉलेज महासमुंद का विशेष सहयोग रहा रक्तदान शिविर आयोजनकर्ता डॉ एकता लंगेह ने अपने पिता स्वर्गीय किशोर रणधीर सिंह का स्मरण करते हुए कहा कि पापा जी के द्वारा समाज के जरुरतमंद विशेषकर गरीब मरीज जिन्हें रक्त की आवश्यकता होती है उन मरीज को मदद करने की प्रेरणा दी गई थी, उन्हें के द्वारा दिए प्रेरणा और विचारों के द्वारा रक्तदान महा शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर से प्राप्त दान रक्त को जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में जमा कराए गई है , जिसे मरीजों को निः शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर स्वर्गीय किशोर रणधीर सिंह जी की स्मृति में प्रति वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किए जाने की घोषणा की गई। रक्तदान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि दुनिया में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं, साथ ही रक्तदान शिविर आयोजन टीम को बधाई दी तथा इस प्रकार के पुनीत कार्य में सहयोग करने की बात कही। रक्तदान शिविर में समाज सेवी संस्थाओं ने सहयोग दिया। जिसमें मुख्य रूप से श्याम बालाजी शिक्षण संस्थान, अल्पसंख्यक सोसाइटी, छत्तीसगढ़ सक्षम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,अपराजिता क्लब, वैभवी वेलफेयर के पदाधिकारी व समाज सेवी तारिणी चंद्राकर, स्माइल खान, निरंजना चंद्राकर, मधु शर्मा, लीना, कमल, शबनम धनवानी, सविता मोहंती, फैजान, शीबा खान, मोहसिन,शबाना रागिनी सुधा रात्रि सुरेखा शर्मा, अदिति चंद्राकर, सविता निषाद, रामू पटेल, प्राचार्य पुष्पलता देशमुख, प्राचार्य शुभ्रा सोलोमन सहित कॉलेज की छात्र छात्राओं का विशेष सहयोग रहा रक्तदान शिविर में जिला ब्लड बैंक जिला प्रभारी डॉ दलजीत कोर टेक्नीशियन सुनील साहू , कमलेश चंद्राकर व पैथालॉजीकल टीम का विशेष सहयोग रहा।

कुरूद बजरंग चौक मंदिर का बंदन विसर्जन के लिए प्रयागराज प्रस्थान

कुरूद/नवप्रदेश। बजरंग चौक कुरूद में सदियों पुरानी दक्षिण मुखी हनुमान जी महाराज जो की कुरूद और उक्त वार्ड की पहचान है। जिनके मुहल्ले के पूर्वजों ने साक्षी रहकर विधि विधान के साथ स्वयंभू बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित करके उस जगह में मंदिर का निर्माण करवाए थे। लगभग 90 वर्ष के बाद हनुमान जी महाराज के चोला उतरने के बाद वास्तविक स्वरूप में दर्शन करने का सौभाग्य लोगों को प्राप्त हुआ है, जिसमे 2.40 क्विंटल बंदन निकाला गया, जिसे प्रयागराज के गंगा नदी मे विसर्जन करने का निर्णय हुआ था, हनुमान जी महाराज में नये चोला चढ़ाने के लिए भजन कीर्तन के बाद पुनः चोला चढ़ाया गया, नवरात्रि पश्चात 2.40 क्विंटल बंदन को विसर्जन के लिए पुजारी एवं मंदिर समिति के टोली के साथ आज प्रयागराज के लिए प्रस्थान हुआ है।

न्यूज गैलरी

सामान्य वन मंडल नगरी में स्टाप डेम निर्माण कराया

नगरी/नवप्रदेश। गर्मियों के में जंगली जानवरों को वन्यजीवों को संरक्षित करने के लिए वन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था की जाती है, इसी तारतम्य में पशुओं हेतु जल संरक्षित करने भिन्न भिन्न स्थानों पर स्टाप डेम निर्माण किया गया है वही मगर स्टॉप डेम निर्माण पुर्ण हुआ तो जिसके एक ही बारिश में नीचे का हिस्सा बह गया, साथ वही विभाग द्वारा गेट लगा भूल गया है जिसका निर्माण देखकर लग रहा है कि नगरी रेंज में यह एक गंभीर प्रकरण के रूप में सामने आया है नगरी समीपस्थ बीट क्रमांक 353 भालूपानी नाला में लाखों रुपए की लागत से स्टाप डेम बनाया गया है जो महज हल्के बारिश में ही क्षतिग्रस्त हो चुका है, उसके बाद जिसने विभाग की पोल पट्टी खोलकर गई उसके बाद वहीं लीपा पोती कर दी गई स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है दूसरे जगह वही नगरी मुख्यालय से 15 किलो मीटर दूर गांव गचकन्हार के जंगलों में बीट क्रमांक 274.273 में स्टॉप डेम निर्माण हुआ था वह भी उसके आस पास के मिट्टी बारिश में बह गया उसके बाद नींव को बचाने के लिए बारिश खत्म होने पर पर विभाग द्वारा उसके बाजू के मिट्टी नींव किनारे फिर डाल दिया गया है उसको देखने से ऐसा लगता बारिश में उसके बाजू से पानी बह कर निकल जायेगा। वन्य जीवों पानी पीने के लिए बनाया गया स्टॉप डेम गेट नहीं पानी बह गया जिसके कारण जंगली जानवरों अब गांव के किनारे पानी की तलाश में आ रहे हैं अब इसका जिम्मेदार कौन है? विभाग के निर्देशन में बनने के बाद इस प्रकार की लापरवाही पूर्ण जिसका निर्माण किया गया है स्टॉप डेम का निर्माण किया गया है में अब जवाब देही कौन है? और आखिर अब इसका जिम्मेदार अधिकारी कौन जो साथ ही वन मंडल अधिकारी के रूप में बैठे अफसर अब किस पर दोषारोपण करेंगे।

चाइल्ड हेल्पलाइन अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों के लिए पात्र-अपात्र सूची जारी

गरियाबंद/नवप्रदेश। मिशन वात्सल्य योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 गरियाबंद में परियोजना समन्वयक, काउंसलर, चाईल्ड हेल्पलाईन सुपरवाईजर एवं केश वर्कर के विभिन्न रिक्त संविदा पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों का पात्र-अपात्र सूची जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा तैयार की गई है। इसकी विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला गरियाबंद के सूचना पटल पर एवं गरियाबंद जिले के वेबसाईट पर देखी जा सकती है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी जिनको इस सूची में कोई आपत्ति हो, तो वे इस संबंध में दावा-आपत्ति 23 अप्रैल तक सायं 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला गरियाबंद के कक्ष क्रमांक- 80 में आवक-जावक शाखा में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्तियों पर चयन समिति के द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

अधिकारी जलसंकट को देखते हुए बोर खनन की देंगे अनुमति :एसडीएम

बिना अनुमति के बोर खनन पर पंडरिया तहसील में बड़ी कार्रवाई, वाहन जब्त

- जिला घोषित है जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र
- नलकूप खनन पर सख्त प्रतिबंध

कवर्धा/नवप्रदेश। गर्मी के मौसम में जिले में पेयजल संकट की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कबीरधाम जिला प्रशासन द्वारा ठोस पहल की गई है। इसी क्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा (आईएएस) एवं पंडरिया एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार संजय मोध्या के द्वारा ग्राम केशलमारा में बिना अनुमति कराए जा रहे बोर खनन पर त्वरित कार्रवाई की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रामीण निरंजन पिता राजेन्द्र द्वारा सिंचाई प्रयोजन के लिए खेत में बोर खनन कराया जा रहा था। सूचना मिलते ही राजस्व अमले ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और बोर खनन कर रही वाहन (क्रमांक KAOIM 7288) को जब्त कर थाना कुंडा को सुपुर्द कर दिया।पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर ने बताया कि इस तहत की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

उल्लेखनीय है कि गर्मी के मौसम में संभावित जलसंकट को देखते हुए कबीरधाम जिले को जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 (कमांक-3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए यह आदेश जारी किया है, जो 10 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक प्रभावशील रहेगा।

जिले में नलकूप खनन की अनुमति प्रदान करने हेतु कलेक्टर वर्मा द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के लिए प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कबीरधाम, कवर्धा नगरपालिका क्षेत्र हेतु; तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) - कवर्धा, सहसपुर लोहारा, पंडरिया और बोड़ला उपविभागों के ग्रामीण क्षेत्रों हेतु अधिकृत किए गए हैं। ये अधिकारी पेयजल संकट की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अनुमति प्रदान करेंगे।

नलकूप खनन पर सख्त प्रतिबंध

जारी आदेश के अनुसार, उक्त अवधि में जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना सक्षम प्राधिकृत अधिकारी की पूर्वानुमति के कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था नलकूप खनन नहीं कर सकेगी, चाहे वह पेयजल हो या अन्य किसी प्रयोजन के लिए। केवल शासकीय एजेंसियों जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा नगर पालिका परिषद कवर्धा एवं जिले की समस्त नगर पंचायतों को पेयजल प्रयोजन हेतु आंशिक छूट दी गई है, परंतु उन्हें भी संबंधित प्राधिकृत अधिकारी को इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से देनी होगी।

वीर हनुमान सेवा समिति ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव

खैरागढ़/नवप्रदेश। तुरकारीपारा स्थित हनुमान मंदिर मे हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया । वीर हनुमान सेवा समिति ने लगातार 15 वे वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन कर सुबह 1 हवन पूजन कर दोपहर विशाल भंडारा का आयोजन किया । शाम को छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध आखाड़ा ,धुमाल,डीजे,बग्गी में राम लक्ष्मण हनुमान जी के साथ शोभायात्रा शहर भ्रमण के लिए निकली । शोभायात्रा के दौरान शहर मे जगह जगह स्वागत कर शोभायात्रा मे शामिल लोगो के लिए जलपान,सरबत की व्यवस्था नागरिको और विभिन्न संघ संगठनो द्वारा की गई । शोभायात्रा के दौरान शहर के विभिन्न चौक चौराहो मे अखाड़ा का जोरदार प्रदर्शन सम्मोहित करते रहा । अखाड़े के दौरान इस बार नारी शक्ति बहनों के द्वारा अखाड़ा का जोरदार प्रदर्शन किया गया । शोभायात्रा के वापस मंदिर परिसर पहुचने पर संगीतमय हनुमान चालीसा के साथ महाआरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया इस अवसर पर विकेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, सुरेश ठाकुर, सुबोधकांत पांडेय, राम यादव, भूपेंद्र गंगबोइर, पंकज यादव, नीकु वास, नरेश यादव, दुर्गेश यादव, सोनू वास, नितिन वर्मा, राम यादव, विक्रम यादव, महेश पटेल, निखिल वास, शौर्य गुप्ता, प्रांजल गुप्ता, वंश गुप्ता, हर्षल गुप्ता, अमन पटवा, शिवम ताम्रकार, लक्की यादव, विकास यादव, प्रीतम ढीमर, अजित यादव, सहित मंदिर समिति के सदस्य और नागरिक मौजूद रहे।

मधुसूदन यादव व भागवत साहू ने मां कर्मा के आदर्शों पर चलने की बात कही

- हमें मां कर्मा से इसी भक्ति को सीखने की जरूरत है : अध्यक्ष

राजनांदगांव/नव प्रदेश। नगर निगम अंतर्गत पुराना ढाबा वार्ड में नगर साहू संघ द्वारा कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने अपने संबोधन में मां कर्मा के आदर्शों पर चलने की बात कही अध्यक्षता कर रहे हैं जिला संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने मां कर्म के आदर्शों पर चलने की आवश्यक बताई।

जिला साहू संघ राजनांदगांव अंतर्गत नगर साहू संघ राजनांदगांव के वार्ड पुराना ढाबा में कर्मा जयंती कार्यक्रम 13अप्रेल दिन रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम शोभा यात्रा में मां कर्मा मूर्ति के साथ वार्ड भ्रमण करते हुए भव्य कलश यात्रा के साथ निकलीं तत् पश्चात् कर्मा की सामूहिक पूजा एवं ध्वजारोहण किया गया जहां मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव जी महापौर राजनांदगांव नगर निगम रहे अध्यक्षता भागवत साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा किया गया विशेष अतिथि पूर्व अध्यक्ष मोती साहू जी महामंत्री नीलमणी साहू नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समाप्ति पश्चात् खिचड़ी प्रसादी भोजन भंडारा आदि वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में जिला साहू संघ अध्यक्ष ने कहा कि मां कर्मा भगवान कृष्ण की महान भक्तों में से एक है हमें मां कर्मा से इसी भक्ति को सीखने की जरूरत है।

इसलिए हमें मां कर्मा के जीवन से कुछ सीखने की जरूरत है तभी हमारा जीवन महान बनेगा। इस मौके पर उन्होंने सभी को मां कर्मा जयंती की बधाई व शुभकामनाएं दी। उमेश साहू गांधी साहू सूरज साहू हुकुम साहू सहित वार्ड के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कमला कॉलेज ग्राऊंड में 2 दिन का टेस्ट मैच खेला गया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव कमला कॉलेज ग्राउंड में दो दिन का अभ्यास मैच आर.सी.ए. और आर.सी.बी. के बीच कमला कॉलेज ग्राउंड में फुल टर्फ विकेट में मैच खेला गया। आर.सी.ए. के आपेनिंग में कप्तान हित देवांगन एवं रीजवान पहला विकेट जल्दी गिर गया। रीजवान के 4 रन के योग पर एल.पी.डब्ल्यू अभय ने किया।

विधायक एवं कलेक्टर ने ली जीवनदीप समिति की बैठक

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में आज जिला अस्पताल के सभाकक्ष में जीवनदीप समिति अंतर्गत कार्यकारिणी सभा की बैठक आयोजित हुई । बैठक में कलेक्टर ने जीवनदीप समिति के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों एवं विभिन्न एजेंडाओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में मरीजों के ईलाज की बेहतर सुविधा एवं जिला अस्पताल में पर्याप्त बिस्तरों की उपलब्धता की जानकारी ली । कलेक्टर ने बैठक में जीवनदीप समिति के बजट की जानकारी लेते हुए आय-व्यय एवं समिति द्वारा नियुक्त कर्मचारियों पर खर्च राशि की भी जानकारी ली। उन्होंने समिति अंतर्गत पिछले दो वित्तीय वर्ष के बचे आय-व्यय का ऑडिट सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने समिति द्वारा नियुक्त कर्मचारियों से भी चर्चा की तथा उन्हें निर्धारित यूनिफार्म में ड्यूटी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अस्पताल में कार्यरत सभी कर्मियों को मोबाईल से फेस रीडिंग आधारित बायोमैट्रिक्स ऑनलाईन उपस्थिति शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जंगल के नैसर्गिक वनोपज कोकून की खरीदी चालू

नगरी/नवप्रदेश। सोमवार को नगरी ब्लॉक के भैसामुडा पंचायत के अंतर्गत ग्राम सभा खुदूरपानी मे जंगल मे नैसर्गिक रूप से उत्पादन हो रहे पंद्रह हजार कोकून का रेशम विभाग द्वारा खरीदी चालू किया गया7ग्राम सभा खुदूरपानी, भैसामुडा, मटियाबहरा, चारगांव एवं चंदनबहरा में सामुदायिक वन संसाधन प्राप्त होने के बाद संरक्षण करने लगे जिससे तीन वर्षो तक जंगल में आग नही लगा और इनके जंगल में कोकून का पैदावार होने लगा जिससे चार सौ पचास परिवार को कम से कम दस हजार से पचास हजार रुपए तक जंगल के कोकून का विक्री किया गया इस प्रक्रिया की जानकारी खोज संस्था के माध्यम से संदर्भ केंद्र खुदूरपानी में कलेक्टर श्री मान अविनाश मिश्रा, जिला सी. ई. ओ. रोमा श्रीवास्तव के समक्ष कोकून खरीदी का प्रस्ताव ग्राम सभा खुदूरपानी द्वारा रखा गया इसे देखते हुए जिला कलेक्टर महोदय रेशम विभाग के डारेक्टर उईके जी को आदेशित किया कि ग्राम खुदूरपानी आस पास संग्रहण कर रहे कोकून को खरीदी जाये और कोकून से रेशम धागाकरण का प्रक्रिया चालू किया जायेगा इसके लिए रेशम विभाग द्वारा दिनाक 15/4/2025 को रेशम धागा निकालने की प्रक्रिया को महिला सदस्यों को रेशम विभाग के डारेक्टर उईके जी के निर्देश अनुसार श्री जय सिंह नेताम जी की टीम रेशम धागा निकालने वाली मशीन की सहायता से धागा निकालने व मशीन को चलने की सभी जानकारी दी गई जिसके लिए इन ग्राम सभा सदस्यों द्वारा जिला कलेक्टर एवम् जिला सी. ई. ओ. मैडम को धन्यवाद भी दिये।

पात्र लाभान्वित हो ... आवेदनों की समीक्षा कर प्राथमिकता एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें

सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

- कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में की शासकीय योजनाओं के प्रगति की समीक्षा

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में शासन की महत्वाकां योजनाओं के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए। कलेक्टर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त विभागवार आवेदनों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। तत्पश्चात विभागवार मिले आवेदनों की समीक्षा करते हुए प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पोर्टल पर सभी आवेदनों को शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने और आवेदनों के निराकरण की वस्तुस्थिति की रिपोर्ट रोजाना प्रस्तुत करने कहा। विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निपटारा करने , मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत और अन्य प्राप्त पत्रों के निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम टंकेश्वर साहू, अविनाश ठाकुर, रेणुका रात्रे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 'मोर दुआर साय सरकार' अभियान शुरू हो रहा है, जो 30 अप्रैल तक चलेगा। शासन द्वारा सभी को आवास मिले, इसके लिए 'आवास प्लस' सर्वे में पात्रता के दायरे को बढ़ाया गया है, जिससे हर किसी के घर का सपना पूरा हो सके। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को आवास प्लस सर्वे का कार्य को अच्छे से करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही छूटने न पाए। साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने जिले भर से से आए लोगों की समस्याएं सुनी और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर से आज जिले के लोगों ने मुलाकात कर निजी एवं सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए।

विधायक एवं कलेक्टर ने चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों का किया निरीक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजिम विधायक रोहित साहू एवं कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज जिला चिकित्सालय पहुंचकर विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों को चिकित्सालय में मिलने वाली चिकित्सकीय एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। जिला चिकित्सालय निरीक्षण के दौरान ओपीडी कक्ष, महिला-पुरूष वार्ड, लैब, प्रसुति वार्ड सहित विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं, साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाले भोजन, मेडिकल स्टाफ सहित अन्य आवश्यक जानकारी ली। विधायक एवं कलेक्टर ने मरीजों से बातचीत की और यहां उपलब्ध कराये जा रहे चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान मरीजों ने बताया कि उन्हें चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ भोजन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्राम तांवरबाहरा की राजबाई साहू व बुधिया बाई, ग्राम गोंदलाबाहरा की रत्ना मरकाम सहित अन्य मरीजों ने बताया कि वे उन्हें अस्पताल में चिकित्सकों एवं नर्स द्वारा चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है तथा दवाई को समय पर सेवन करने के लिए भी कहा जाता है।

निजी अस्पताल में गर्भवती महिला की मौत, न जांच हुई, न कार्यवाही...

■ **युवा कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन**

खैरागढ़/नवप्रदेश । छूईखदान स्थित निजी अस्पताल मे गंडई देवपूरा निवासी महिला एवं उसके गर्भ मे पल रहे शिशु की मौत होने पर बरती गई लापरवाही पर कार्यवाही नही होने को लेकर जिला युंकाध्यक्ष गुलशन तिवारी की अगुवाई मे अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप त्वरित कार्यवाही की मांग की गई । जिला युंकाध्यक्ष गुलशन तिवारी ने ज्ञापन मे बताया कि उक्त मामले मे अस्पताल संचालक चिकित्सक राजधानी के सरकारीअस्पताल मे पदस्थ होने के बाद भी छूईखदान मे निजी अस्पताल का संचालन कर नर्सिंग एक्ट का उल्लघंन कर रहा है । एक ही व्यक्ति एक ही समय मे अपने सरकारी चिकित्सालय से सौ किमी दूर अस्पताल मे एक साथ कैसे इलाज कर सकता है । जिसकी जांच आवश्यक है । तिवारी ने कहा कि निजी अस्पताल मे नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ की जगह दसवी बारहवी तक शिक्षित

कर्मचारियो को कम पैसे देने के नाम पर रखा गया है ताकि इसका अधिक फायदा उठाया जा सके । अस्पताल मे मरीजो के बैठक सहित अन्य व्यवस्था पर्याप्त नही है । चिकित्सा के दौरान अपशिष्ट पदार्थो और दवाईयों के निपटान का प्रबंधन भी उचित ढंग से नही किया जा रहा है । इससे संक्रमण फैलने की आशंका है । ज्ञापन मे बताया गया कि मरीजो को निशुल्क और रियायत दर पर शासन की अनेक योजनाओ का लाभ देने की बजाय उक्त अस्पताल प्रबंधन द्वारा योजनाओ की आड़ मे मरीजो से हजारो रू का बिल बनाकर लूटा जा रहा है । पूर्व मे भी एक मरीज की मौत होने का हवाला देते युंकाईयों ने कहा कि उस मामले की भी आज तक जांच नही हो पाई है । इस मामले मे भी दो सप्ताह का समय बीतने के बाद भी जांच और कार्यवाही नही होने से अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही लगातार बढ़ रही है । युवक कांग्रेस पदाधिकारियो ने मामले मे त्वरित जांच कर दोषी अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सक के खिलाफकड़ी कार्यवाही की मांग की है ।

जैन संत पर हमले के विरोध में समाज ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

दोषियों पर त्वरित कार्यवाही की मांग

खैरागढ़/नवप्रदेश । मप्र मे जैन संत मुनिराज पर विहार में रात्रि विश्राम के लिए रूकने के दौरान असमाजिक तत्वों द्वारा किए गए हमले के विरोध मे शहर मे सकल जैन श्रीसंघ ने मौन रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुँच अपर कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर को प्रधानमंत्री, राष्टपति, केन्द्रीय गृहमंत्री सहित विभिन्न अधिकारियो के नाम ज्ञापन सौंप मामले की गंभीरता से त्वरित जांच और दोषी अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की । ज्ञापन मे जैन समाज ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर जैन साधु संतों को विहार के दौरान पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाए । समाज ने राजस्थान सरकार द्वारा पारित आदेश के तहत जैन साधुसंतो को चातुर्मास और विहार के दौरान सुरक्षा प्रदान करने और भूमि आबंटन के आदेश को पूरे देश मे लागू किए जाने का अनुरोध करते कहा कि इससे संत समाज को किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नही करना पड़ेगा । घटना की कड़ी निंदा करते सकल जैन श्रीसंघ के अध्यक्ष नरेन्द्र जैन ने कहा कि मप्र मे घटी घटना केवल जैन समाज की नही बल्कि पूरे देश की आत्मा पर चोंट है । इस घटना की त्वरित जांच और कठोर कार्यवाही की मांग की गई । इस दौरान बड़ी संख्या मे जैन समाज के पदाधिकारी और महिलाएं मौजूद रही ।

कवर्धा सहकारी केंद्रीय बैंक का पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने किया निरीक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू ने आज जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा, कवर्धा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैंक की व्यवस्थाओं और किसानों को मिल रही सुविधाओं का अवलोकन किया तथा किसानों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए कई निर्देश दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू ने शाखा प्रबंधक को किसानों के लिए पीने के स्वच्छ जल की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा, जिससे लंबी कतार में खड़े किसान असुविधा का सामना न करें। साथ ही, उन्होंने केसीसी (चष्टष्ट) ऋष्टा वितरण प्रक्रिया में तेजी लाने और लंबित भुगतानों को शीघ्र निपटाने के भी निर्देश दिए। किसानों की बढ़ती संख्या और सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू ने छ्वस्यक्क जिला कार्यालय, राजनांदगांव के सीईओ से फोन पर चर्चा कर शाखा में एक अतिरिक्त काउंटर स्थापित करने के निर्देश भी दिए, ताकि भीड़ प्रबंधन बेहतर हो सके और किसानों को लंबा इंतजार न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री साहू ने स्पष्ट रूप से कहा कि ÷किसानों की सेवा ही हमारी प्राथमिकता है। बैंकिंग सुविधाएं सरल, सुलभ और सम्मानजनक होनी चाहिए, तभी विकास की प्रक्रिया सार्थक होगी।

मीरा चौक को तोड़े जाने पर शहर में गरमाई राजनीति

■ **कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता लेकर कहा शासकीय राशि का दुरूपयोग कर रहे सीएमओ**

■ **अटल परिसर बनाने सीएमओ पर नियम विरूद्ध कार्य करने का आरोप**

खैरागढ़/नवप्रदेश । शहर के सिविललाइन स्थित मीरा बाई चौक को अटल परिसर बनाने के लिए नगरपालिका द्वारा किए गए तोडफ़ोड़ को पूरी तरह अवैध बताते कांग्रेस पदाधिकारियो ने इससे दस्तावेजो को सामने रख इसे पालिका प्रशासन की मनमानी करार दिया । विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन की अगुवाई मे नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन सहित कांग्रेस पार्षदों ने प्रेस वार्ता आयोजित कर मीरा चौक को तोडक़र अटल परिसर निर्माण की प्रक्रिया मे की गई लापरवाही और मनमानी को सामने रखा। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि मीरा बाई चौक को तोडने़ से बचाने विरोध कर दो दिन का समय दिया गया था लेकिन प्रशासन इसमे मौन रहा । उक्त चौक को इस तरह हटाने पूरी तरह अवैध है । देवांगन ने कहा कि पालिका मे पीआईसी की बैठक मे उक्त मामले मे हुई चर्चा मे सीएमओ द्वारा गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है । इसमे अटल परिसर निर्माण स्थल को लेकर कोई चर्चा ही नही हूई है । पीआइसी बैठक के एजेड़े को

सार्वजनिक करते देवांगन ने कहा कि स्व अटल बिहारी भारत रत्न है । उनका सम्मान है लेकिन पालिका को पूरे शहर मे कोई दूसरी जगह नही मिली जहाँ अटल परिसर का निर्माण विधिवत तरीके से किया जा सके । मीरा बाई की प्रतिमा हटाना क्षत्रिय राजपूतो और राष्टीय संत तथा महान कवियित्री कृष्ण की भक्त का अपमान है । अटल परिसर बनाने वहाँ हरे भरे पेड़ों को काट दिया गया ।ठेकेदार को टेंडर होने के बाद भी नगरपालिका के कर्मचारी चौक को तुड़वाने मे जूटे रहे जो पूरी तरह सुनियोजित और गलत है । मीरा चौक के लिए पालिका मे लाखो रू का आहरण किया गया है । देवांगन ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार मे बनाए गए कृष्ण कुंज को बंद कर भाजपा ने पहले भगवान कृष्ण का अपमान किया अब उनकी भक्त मीरा बाई का अपमान किया जा रहा है । देवांगन ने आरोप लगाया कि अब मामले मे पालिका के खिलाफ सडक़ की लड़ाई न्यायालय तक लड़ी जाएगी। मीरा बाई सहित क्षत्रिय, यदुवंशियो और मामने वाले लोगो का अपमान बर्दाश्त नही किया जाएगा । प्रेसवार्ता मे नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान ने बताया कि पीआईसी बैठक मे अटल परिसर निर्माण स्थल को लेकर कोई चर्चा नही हूई सीएमओ मामले मे सरासर झूठ बोल रहे है । बैठक मे टेंडर प्रक्रिया के दर अनुमोदन किए गए । शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़ ने कहा कि पूर्व मे उक्त जगह पर दिवंगत विधायक देवव्रत सिंह की प्रतिमा लगाए जाने की चर्चा पर प्रस्ताव के दौरान वहाँ मीराबाई की मूर्ति को नही हटाने और अन्य जगह लगाने का प्रस्ताव हूआ था । नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन ने भी सीएमओ पर आरोप लगाते कहा कि उनकी पदस्थापना के बाद से ही पालिका मे सभी कार्य ठप्प पड़े है । जनता के हितो के कार्य नही हो पा रहे है । पार्षद पुरूषोत्तम देवांगन ने भी कहा कि अंबेडकर जयंती पर मनमानी करते मीरा चौक को तुडवाना अनुचित है कूछ माह पहले ही उक्त चौक का रंगरोगन करने लाखो रू खर्च किए गए थे । कांग्रेस ने भाजपा के दबाव मे उक्त कार्य को अवैध तरीके से करवाने का आरोप लगाते कहा कि इस मामले मे कांग्रेस 21 अप्रेल से बड़ा आंदोलन करेंगी । इस दौरान पार्षद शत्रूहन धृतलहरे, दीलिप लहरे, सुमन पटेल भी मौजूद रही ।

पिपरिया में बाबा अंबेडकर जयंती मनाई गई

पिपरिया (कवर्धा)/नवप्रदेश। 14 अप्रैल को नगर पंचायत पिपरिया अंतर्गत अध्यक्ष घुरवा राम साहू के नेतृत्व में संविधान निर्माण के अग्रणी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई।

इस दिन सुबह 6:00 बजे से सभी वार्डों में वार्ड पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहब के तैलचित्रों की पूजा अर्चना की गई। पार्षदों,भाजपा कार्यकर्ताओं,नगर पंचायत अध्यक्षा,अधिकारी कर्मचारीगण एकजुट होकर भारत माता चौक से झाडू लगाकर शंकर तालाब पचरी तक की सफाई की गई।

बाबा साहब की इस जयंती अवसर पर नगर की सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने का संकल्प लेते हुए समस्त व्यावसायिक तथा अन्य संस्थाओं पर डस्टबिन(कूड़ेदान) का वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित सभा में बोलते हुए अध्यक्ष घुरवाराम साहू ने संविधान अनुरूप बाबा अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलने की अपील की। पिपरिया मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने अपने संबोधन में बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। समूचे कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपाई झगराम साहू,लोकेश साहू,बलराम साहू,गोपाल कुर्रे,दुलार कुर्रे,उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल,सोम पटेल, राजेंद्र गुप्ता पार्षद, कमलकांत नाविक, चित्रबाहु देवांगन,राजेंद्र नाविक,नंदा पाटीला, प्रेमलाल साहू, रविंद्र देवांगन, शत्रुघ्न साहू, नरेश साहू, दुर्गेश साहू पार्षद, तुकाराम साहू, युगल निर्मलकर,गुलाम साहू,लखन साहू, सिद्ध राम यादव, जोधन साहू, दशरथ जायसवाल, सनत कुंभकार, सुनील साहू, दीपक साहू, राजेंद्र राजेश चंद्राकर, भाईराम, उज्जवल दुबे, महेश्वर केसरी, दसरू साहू,जितेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में शामिल रहे।

झिरिया धोबी समाज 56वीं महाअधिवेशन में शामिल हुए सीएम पीए तुलसी कौशिक

■ **धोबी समाज का हिंदू धर्म में विशेष स्थान है,क्योंकि स्वच्छता और पवित्रता हिंदू संस्कृति का मूल आधार है - अंगिरा ध्रुव**

धमतरी/नवप्रदेश। झिरिया धोबी समाज धमतरी राज 56 वी महाधिवेसन परिक्षेत्र- बोरसी, जिला-धमतरी का कार्यक्रम पावन धरा धाम ग्राम अरौद(ली.) आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निज सहायक छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री तुलसी कौशिक रहे, कौशिक ने शिरोमणि गाड़गे महराज के सन्देश , विचार को देश , प्रदेश में फैलाएंगे समाज को ऐसे आयोजन और समाज के लोगों को आगे आने कहा और सभी धार्मिक, सांस्कृतिक, उच्च शिक्षा ,राजनीतिक में भागीदारी बनने को कहा । साथ ही धोबी समाज जयंती के दिन अवकाश के लिए मांग रखी जिससे धोबी समाज का जयंती मनाया धूमधाम से मना सके । अध्यक्षता कर रही जनपद अध्यक्ष धमतरी श्री मति अंगिरा ध्रुव रही । अध्यक्ष महोदया ने हिंदू शास्त्रो में पवित्रता को विशेष महत्व दिया गया है और धोबी समाज ने इसे बनाए रखने में बहुत योगदान है ।

समाज को जागरूक और समाज में व्याप्त कुरीतियों का नाश करना आवश्यक है, समाज में एकजुटता से ही हम अपने सामाजिक और राजनैतिक अधिकारों को हासिल कर सकते हैं । वहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी बच्चों के प्रति ध्यान देने की बात कही।

कार्यकम में अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच श्री मति टिकेश्वरी दीपक साहू ,उपसरपंच ईकेश्वर सिन्हा जी एवम समस्त पंच गण उपस्थित थे।

विधायक ओंकार साहू ने जैन भागवती दीक्षार्थी समारोह में मुकुक्ष सुराना का किया अभिनन्दन

धमतरी/नवप्रदेश। आज धमतरी में जैन भागवती दीक्षार्थी अभिनंदन समारोह का आयोजन जैन स्थानक भवन धमतरी (सिहावा चौक) में रखा गया । जिसका शुभारंभ वरघोड़ा यात्रा व सु - मधुर मंगल गीतों के साथ सुबह 9 बजे सदर बाजार स्थित जैन समाज भवन से हुआ। धमतरी शहर से जैन समाज के मुमुक्ष लिलमचंद जी सुराना ने सांसारिक सुखों का त्याग कर संयम जीवन को अपनानें वैराग्य के पथ पर दीक्षा ग्रहण करनें जा रहे हैं। जिसके बाद वे मोक्ष प्राप्ति के लिये आगे बढ़ेंगे। *उनके अभिनन्दन के लिये धमतरी विधायक ओंकार साहू सिहावा चौक स्थित - स्थानक भवन

पहुंचकर उन्हे साल भेट , व तिलक लगाकर उनका अभिनन्दन किया । यहां पर नन्हे बच्चों नें सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिये मानव जीवन में अध्यात्म को प्रदर्शित कर उनका महत्व बताने का प्रयास किया गया। जिनका उद्देश्य था - आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य को पतन की ओर बढ़ने से रोकता है । विधायक ओंकार साहू नें अपने मंचीय उद्बोधन में कहा दीक्षा जैन धर्म में मोक्ष प्राप्त करने की एक अनमोल परंपरा है जिसमें दीक्षार्थी सांसारिक मोह-माया के बंधन से मुक्त होकर आचार्य के चरणों में रह कर आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करते हैं। जिससे जीवन में आत्मशुद्धि बनी रहती हैं।

अभिनंदन समारोह के दौरान धमतरी विधायक ओंकार साहू , शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आकाश गोलछा , रमन लोढ़ा, रतनचंद सांखला, मदनलाल चौरडिया़ दीपक बाफना, राजेश सांखला, गौतम कोटडिया, नवीन सांखला, शीतल सांखला, अशोक भंडारी, अनिल बैद, सुरेश पारख, जयंती लुकंड़, आकाश गोलछा, अजय लोढ़ा, कपूर नाहर, भरत नाहर, संजय जैन, हुकुमुचंद जैन, दिनेश लोढ़ा, स्वरुप कोटडिया, महेश कोटडिया़, आशीष मिन्नी, रमेश मिन्नी, विशेष लोढ़ा, वैभव लोढ़ा, डायरेन्द्र गोलछा, आशीष बंगानी, भरत नाहर, विनोद चौरडिया, सहित बड़ी संख्या में जैन समाजजन शामिल रहें।

वन विभाग का कारनामा गजराज वाहन से परिवहन कर रहे हैं निर्माण सामग्री

■ **भ्रष्टाचार में लिप्त टाइगर रिजर्व के वन अमला**

■ **वन परिक्षेत्र अरसीकन्हार का मामला**

नगरी/नवप्रदेश। उदन्ती सीतानदी टायगर रिजर्व फारेस्ट के वन परिक्षेत्र अरसीकन्हार का मामला वही गजराज वाहन को हाथी विचरण क्षेत्रों के लिए विशेष तौर पर तैनात किया गया है जिसमें छग का धमतरी जिला भी शामिल है।

लेकिन इस धमतरी जिले के नगरी सिहावा क्षेत्र मे स्थित उदन्ती सीतानदी टायगर रिजर्व फारेस्ट के वन परिक्षेत्र अरसीकन्हार में गजराज वाहन का उपयोग अलग तरीके से किया जाता है।इस वाहन को पुराने ईंटो के परिवहन में उपयोग किया जाता है ।बता दें कि वन कर्मचारियों के लिए बनाए गए पुराने आवास जो डिसमेन्टल हो गया था, वहां के पुराने ईंटो को वन कर्मचारियों के नए आवास निर्माण में शौचालय टंकी निर्माण उपयोग करने का मामला सामने आया है और इन पुराने ईंटो को गजराज वाहन से परिवहन करने का नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है।जंगल में हाथीयो और आम लोगों के सुरक्षा के लिए आरक्षित गजराज वाहन से अवैध रुप से परिवहन करने का मामला सामने आया है, जिससे गजराज वाहन भी क्षतिग्रस्त होकर जर्जर स्थिति में आ गया है।

इस जर्जर गजराज वाहन में लकडी का स्लीपर रख कर उपयोग कर रहे हैं ।बता दे यह मामला वन परिक्षेत्र अरसीकन्हार के ग्राम फरसगांव का है।इस मामले की जानकारी जब हमारे संवाददाता को हुआ तो उन्होंने अरसीकन्हार वन परीक्षेत्र का दौरा किया उसी दरम्यान गजराज वाहन में ईट भरकर परिवहन करते देखा गया। मौके पर मजदूरो व वाहन चालक से जानकारी लिया गया तो उन्होने बताया कि अरसीकन्हार में हो रहे कर्मचारी आवास भवन निर्माण कार्य के लिये ईंट को अरसीकन्हार ले जाने की बात कही, साथ ही जब हमारे संवाददाता ने निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण किया तब ग्राम अरसीकन्हार, मेचका और लीलांज में नये निर्माण हुए भवन के सामने गेट व शौचालय टंकी निर्माण में पुराने ईट का उपयोग होना पाया गया। इस दरम्यान नए भवन निर्माण हुए दीवारों पर कई दरारें मिली, जिससे गुणवत्ताहीन हुए भवन निर्माण साफ तौर पर पता चल रहा है।

ग्रामीण जल जगार कार्यक्रम को दिखाया जा रहा ठेंगा

नगरी/नवप्रदेश। एक एक बूंद को सहेजने और जल संसाधनों को सुरक्षित रखने का शपथ दिलाकर जल संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में जिला प्रशासन धमतरी द्वारा कुछ माह पहले ही ' जल जगार' कार्यक्रम को महोत्सव के रूप में मनाया गया था, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पधार कर जिला प्रशासन की पीठ थपथपाई थी। यह आयोजन 5 एवं 6 अक्टूबर 2024 को गंगरेल में संपन्न हुआ था, जिसमे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए थे, वही जिले के विभिन्न जगहों पर दीवाल लेखन,जगह जगह रैली, प्रतियोगिता इत्यादि अनेक कार्यक्रम हुए थे। इस कार्यक्रम के कुछ ही महीने के बाद इस भीषण गर्मी में इसी जिले में पानी की भयंकर बर्बादी देखने को मिल रही है। मामला है धमतरी जिले के नगरी सिहावा क्षेत्र का जहां आम जनता की निस्तारी के लिए तालाब, पोखरों में पानी की उपलब्धता बनाए रखने हेतु सिंचाई विभाग द्वारा सोढूर बांध से नहरों के माध्यम से जल प्रदाय किया जा रहा है। क्षेत्र के तालाबों को भरने के लिए विभाग द्वारा कोई ठोस व्यवस्था नहीं किया गया है, केवल नहरों से तालाबों तक पानी को छोड़ दिया गया है जिससे खेत लबालब होकर तालाब का आकार ले लिया है, आलम ये है कि यह पानी एक खेत से होकर दूसरों खेतों में बहते बहते बहुत बड़े क्षेत्र तक फैल गया है।

प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने किया पीईकेबी खदान का दौरा

■ **ग्राम जनार्दनपुर में किया गर्जन नाला पुलिया निर्माण के लिए भूमि पूजन**

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले के जनार्दनपुर ग्राम पंचायत में मंगलवार को गर्जन नाला पर पुलिया निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। कुल 15.63 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस पुलिया का निर्माण अदाणी फाउंडेशन द्वारा राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) के सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत किया जा रहा है। इस परियोजना से जनार्दनपुर और मेंड्रा के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा प्रेम नगर ब्लॉक से बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित होगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेम नगर विधायक माननीय भूलन सिंह मरावी ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि संत साहू, जनपद अध्यक्ष फुलेश्वर सिंह, जिला पंचायत सदस्य नयन सीरदार, मंडल अध्यक्ष मिथिला बंजारा, मंडल महामंत्री विजय सीरदार, युवा मोर्चा मण्डल महामंत्री महेंद्र प्रताप यादव, मेंड्रा सरपंच सरोज उईके, जनार्दनपुर सरपंच विजय सिंह, तारा सरपंच संपतिया देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री मरावी ने कहा,÷जनार्दनपुर ग्राम पंचायत में गर्जन नाला में पुल निर्माण के लिए आज मैंने भूमिपूजन किया है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा आरआरवीयूएनएल के सीएसआर से इसका निर्माण कराया जा रहा है। पहले ग्रामीणजनों को आवागमन में काफी दिक्कत और परेशानियों का सामना करना पड़ता था, खास तौर पर बारिश के मौसम में उनकी गाड़ियां फंस जाया करती थीं। स्वयं

मेरे एक परिचित की गाड़ी भी इस नाले में फंस चुकी है। निश्चित तौर पर इस पुल के निर्माण से ग्रामवासियों सहित आस-पास के पूरे क्षेत्र को कनेक्टिविटी में सहूलियत मिलेगी।

भूमि पूजन के पश्चात विधायक श्री मरावी ने परसा ईस्ट केते बासन खदान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण किया और अदाणी समूह द्वारा जिम्मेदारी पूर्वक किए जा रहे खनन प्रक्रियाओं को देखा और जाना। साथ ही खनन पश्चात पुनर्स्थापित किए जा रहे जंगल में लगे 15 लाख पेड़ों के बारे में जानकारी ली और पूरे कार्यों को भी करीब से देखा। उन्होंने समूह द्वारा किए जा रहे पर्यावरणीय गतिविधियों की सराहना की।

विधायक मरावी ने प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान का उल्लेख किया और सभी को इस अभियान से जुड़ने की वकालत की। उन्होंने कहा,÷आज मैं पीईकेबी खदान में आया। यहां प्लांटेशन क्षेत्र में पौधरोपण किया और खदान द्वारा अब तक लगाए गए 15 लाख से अधिक पौधों का निरीक्षण भी किया। उनकी नर्सरी में तकरीबन 6 लाख से अधिक पौधे हैं। इनका काम काफी सराहनीय है। 'साल' जैसे पौधे को रीजनरेट करके यहां पर लगाना एक कठिन कार्य है और मैंने पहली बार देखा है कि कोई खदान इस प्रकार की जिम्मेदारी के साथ पर्यावरण को लेकर काम कर रही है। यह देखकर मैं बहुत खुश हूं कि यहां उन्होंने लगभग सभी जंगली प्रजातियों के पौधों को यहां रोपित किया है जो अब एक घना जंगल का रूप लेते जा रहे हैं। खदान द्वारा पर्यावरण को बचाने की दिशा में जो कार्य हो रहा है, वह प्रशंसनीय और अनुकरणीय है।÷

आरआरवीयूएनएल द्वारा क्षेत्र में ढांचागत विकास की श्रंखला में खदान के पास के 14 गावों की बड़ी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकारी स्कूलों में मरम्मत तथा बाला पेंटिंग, अतिरिक्त कक्षाओं एवं पक्के शौचालयों का निर्माण, गांव में सड़क निर्माण एवं यात्री प्रतीक्षालयों के मरम्मत तथा सौंदरीकरण इत्यादि के कार्य शामिल है।

जम्बूरी की तैयारी के लिए समितियों का करें गठनः बृजमोहन

भारत स्काउट्स व गाइड्स की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। बुधवार को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ की राज्य कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष व सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य अभ्यागत में आयोजित हुई। श्री अग्रवाल ने प्रस्तावित डायमंड जुबली जम्बूरी का समापन, 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी तथा प्रथम विश्व गर्ल गाइड जम्बूरी के आयोजन को लेकर समितियों के गठन का निर्देश दिया।

रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में राज्य कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी उपस्थित हुए। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रस्तावित जम्बूरी की तमाम व्यवस्थाओं को न केवल भव्य बल्कि सुव्यवस्थित बनाना होगा। इसके लिए अभी से व्यवस्थागत टीमों का गठन कर तैयारी शुरू की जाए। टीम में स्काउट गाइड के पदाधिकारियों, लीडर्स के अलावा जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्यों को भी सम्मिलित किया जाए। जम्बूरी को सफल बनाना हमारे लिए एक चैलेंज है। श्री अग्रवाल ने जिलों के निष्क्रिय पदाधिकारी, लीडर्स को हटाने और उनके स्थान पर ऊर्जावान लोगों को नियुक्त करने कहा। उन्होंने कहा कि जो जिले और विकासखण्ड स्काउटिंग में कमजोर है, ऐसे जिलों और विकासखण्ड को सक्रिय करने की अतिरिक्त जवाबदारी राज्य व जिलों के तकनीकी रूप से दक्ष और सक्रिय पदाधिकारियों को दी जाए।

सांसद ने गरमी के सीजन में स्काउटिंग के माध्यम से जल संरक्षण के लिए योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाने पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव ने एजेंडा के अन्य विषयों पर अपनी बात रखते हुए बताया कि राज्य पुरस्कार एवं अलंकरण समारोह 23 अप्रैल को प्रस्तावित किया गया है। राज्य मुख्य आयुक्त ने प्रस्तावित वार्षिक युवा एवं एडल्ट कार्यक्रमों को लेकर जानकारी दी। राज्य मुख्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों के नियमतिकरण, वेतनमान एवं अनुदान आय व्यय पर चर्चा की गई। राज्य मुख्यालय के स्टोर की बिक्री बढ़ाने, शिविर हेतु यात्रा के दौरान भोजन शुल्क का निर्धारण, राज्य प्रशिक्षण केंद्र झांकी और झीपन के रखरखाव व विकास कार्य सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई तथा निर्णय लिए गए। कोषाध्यक्ष मुरली शर्मा ने वित्त वर्ष 2024- 25 का आय- व्यय प्रस्तुत किया। राज्य कार्यकारिणी के पदाधिकारियों, सदस्यों ने भी अपने सुझाव दिए।

अमिटी विवि में तंबाखू सेवन के दुष्परिणामों पर चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। अमिटी विश्वविद्यालय द्वारा आज भरुवाडीह ग्राम में तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों पर एक महत्वपूर्ण चर्चा का आयोजन किया । कार्यक्रम में ग्रामवासी, अमिटी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं, ग्राम के पूर्व सरपंच एवं जनपद सदस्य सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

चर्चा की शुरुआत अमिटी विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर बैद्यनाथ राम ने की। तंबाकू के सेवन से होने वाली विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं और सामाजिक बुराइयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके पश्चात, सहायक प्रोफेसर पवन कुमार ने विषय को आगे बढ़ाते हुए उपस्थित लोगों से खुलकर विचार-विमर्श किया। उन्होंने तंबाकू छोड़ने के उपायों और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर जोर दिया।इस अवसर पर अमिटी विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और ग्रामीणों के साथ अपने विचार साझा किए।

एमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ के माननीय कुलपति प्रो. पीयूष कांत पांडे ने छात्रों को ऐसे आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया और एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के उप निदेशक प्रो. विनय कुमार सिंह ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि वे भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहेंगे।

संक्षिप्त खबरें

अग्निवीर के लिए ऑलाइन आवेदन 25 अप्रैल तक

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय थल सेना द्वारा अग्निवीर की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है। अधिसूचना की विस्तृत जानकारी www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, कर्लक, ट्रेडमेन (8वीं एवं 10वीं) महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर मर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों के लिए जारी की गई है। सेना में भर्ती के लिए अब ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 25 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दी गयी है। आवेदकों को यदि ऑनलाईन आवेदन करने में किसी भी प्रकार की समस्या आ रही हो तो वे सेना भर्ती कार्यालय के दूरमाष क्रमांक 0771-2965212 अथवा 0771-2965214 पर संपर्क कर सकते है।

भारतीय सेना द्वारा यह भी अवगत कराया जाता है कि सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी एवं केवल योग्यता के आधार पर ही किया जाता है। इसलिए आवेदन भर्ती के लिए किसी भी अनाधिकृत व्यक्तियों के झांसे में ना आये।

बाल श्रम के खिलाफ रवि भवन में बड़ी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देशन में जिला पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग और एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन की टीम ने आज गोल बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित रवि भवन में छापा मारा। इस दौरान मोबाइल रिपेयरिंग की कई दुकानों से 15 से 16 साल के 06 नाबालिग बच्चों को बचाया गया।मामले की एफआईआर गोल बाजार थाने में दर्ज की गई है। यह अभियान जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास सुश्री शैल ठाकुर के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई श्रीमती रश्मि बाला तिवारी के दिशा निर्देश एवं डीएसपी सुश्री नंदनी ठाकुर, गोल बाजार की थाना प्रभारी श्रीमती अर्चना धुरंधर के नेतृत्व में चलाया गया। बचाव किए गए बच्चों में 02 बालिकाएं और 04 बालक हैं। यह बच्चे रायपुर शहर के अलग अलग क्षेत्र से आकर रवि भवन में मोबाइल रिपेयरिंग का कार्य कर रहे थे।मामले में नियोक्ता के विरूद्ध किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 तथा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियम) अधिनियम 1986 की धाराओं के तहत कार्यवाही की जा रही है।

भीषण गर्मी को देखते हुए तत्काल स्कूल बंद करें

रायपुर/नवप्रदेश। भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश के स्कूलों को बंद करने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए सरकार तत्काल प्रदेश के स्कूलों को बंद करें, मासूम बच्चों को गर्मी से राहत दे, ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा करें। प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। सुबह 8:00 बजे से ही लोग तेज धूप के चलते घर से बाहर निकलना बंद कर दिए हैं। ऐसे में स्कूलों में बिना पंखा, कूलर, पीने की पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के बाद स्कूल चालू रखना अमानवीय है। तेज गर्मी के चलते बच्चों के सेहत पर प्रभाव पड़ रहा है, बच्चे बीमार पड़ रहे हैं, डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहे है। पालक एवं शिक्षक भी परेशान हो रहे हैं। पालक, शिक्षक और बच्चों की पीड़ा को वातानुकूलित कमरे में बैठे मंत्री एवं अधिकारी अनदेखा कर रहे है। बच्चों को स्कूल भेजने के लिए दबाव बनाया जा रहा है, पढ़ाई में पिछड़ने का डर दिखाया जा रहा है। सरकार जोर जबरदस्ती मासूमों को बुला कर अत्याचार कर रही है।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के पास शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी है। लेकिन पालकों और बच्चों की समस्याओं का सुध लेने वाला कोई नहीं है। पालक और बच्चे आखिर किसके पास जाकर अपनी समस्या को रखें। अधिकारी मनमानी कर रहे हैं।

धान नीलामी से प्रदेश को होगा सात हजार करोड़ का नुकसान

■ फेल हुई डबल इंजन सरकार, नेता प्रतिपक्ष महंत का तंज

रायपुर/नवप्रदेश । राज्य सरकार द्वारा आज से की जा रही धान नीलामी पर तंज कसते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार फेल हुई है. उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय पूल में छत्तीसगढ़ के पूरे धान का चावल नहीं लिए जाने के कारण नीलामी के जरिए सरकार 35 लाख मीट्रिक टन धान का विक्रय कर रही है. इससे लगभग 7 हजार करोड़ रुपए की क्षति होने की आशंका है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की योजना भारत सरकार की योजना है, और राज्य सरकार के द्वारा केन्द्र की ऐजेंसी के रूप में धान उपार्जन का कार्य किया जाता है। इसलिए केन्द्र सरकार को चाहिए सम्पूर्ण सरप्लस धान का चावल केन्द्रीय पूल में ले।

उन्होंने कहा कि पंजाब में इसी सीजन में कुल 172 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन हुआ है, और इस सम्पूर्ण धान का चावल केन्द्रीय पूल में लिया जा रहा है. पंजाब में तो भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार भी नहीं है, जबकि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार होने के बाद भी हमारा पूरा सरप्लस चावल केन्द्रीय पूल में नहीं लिया जाना और 7 हजार करोड़ रुपए की क्षति का अनावश्यक आर्थिक भार राज्य के खजाने पर डालना अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण है।

व्यापारी के ठिकाने पर ईडी की छापेमारी

■ चार राज्यों में एक साथ बड़ी कार्रवाई

रायपुर/जयपुर/नवप्रदेश। महादेव बेटिंग ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध सट्टेबाजी मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ ईडी टीम ने जयपुर के सोडाला स्थित एपल रेजीडेंसी में ड्राई-फ्रुट व्यापारी भरत दाधीच के फ्लैट पर छापा मारा है। फ्लैट से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल सबूत जब्त किए गए हैं। टीम के साथ केंद्रीय बलों के जवान भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात हैं।

यह छापेमारी सिर्फ जयपुर तक सीमित नहीं रही। ईडी ने एक ही समय पर मध्य प्रदेश के भोपाल, पश्चिम बंगाल के कोलकाता, दिल्ली और राजस्थान के कुल 60 से अधिक ठिकानों पर एक साथ रेड डाली है। ईडी को जयपुर से मनी लॉन्ड्रिंग, क्रिप्टो करेंसी के ट्रांजैक्शन और शेल कंपनियों से जुड़े अहम सुराग मिले थे, जिसके आधार पर यह व्यापक स्तर पर कार्रवाई की गई। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की कार्रवाई में कई बड़े नेता, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी और महादेव बुक के मुख्य संचालकों के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है। जयपुर के कई बड़े व्यापारी भी ईडी के रडार पर हैं।

जिनके बैंक खाते और लेनदेन महादेव बेटिंग ऐप से जुड़े पाए गए हैं। ईडी को छापेमारी के दौरान कई डिजिटल डिवाइस, मोबाइल, लैपटॉप, पेन ड्राइव और बैंक रिकॉर्ड मिले हैं। कुछ सबूतों से संकेत मिल रहे हैं कि इस अवैध सट्टा नेटवर्क में कई प्रभावशाली हस्तियों की संलिप्तता है। जांच एजेंसी इन डेटा की गहराई से पड़ताल कर रही है और जल्द ही नए खुलासे की संभावना जताई जा रही है। महादेव बुक बेटिंग ऐप भारत का सबसे बड़ा अवैध ऑनलाइन सट्टा प्लेटफॉर्म माना जाता है, जो क्रिकेट, फुटबॉल और अन्य खेलों पर सट्टा लगवाने के साथ-साथ ऐप और वेबसाइट के जरिए करोड़ों रुपये का लेन-देन करता है। यह ऐप देशभर में कई स्तरों पर फैला हुआ है और इसका संचालन शेल कंपनियों, फर्जी खातों और क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से किया जाता है। पिछले साल भी ईडी ने महादेव ऐप से जुड़े कई ठिकानों पर छापे मारे थे, जिनमें करोड़ों की संपत्ति जब्त की गई थी और कुछ मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई थी। अब इस ताजा कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि ईडी इस रैकेट की जड़ तक पहुंचने की कोशिश में है।

कांग्रेस को जमीन और फंड लूटने का अधिकार नहीं: किरण देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव का सवाल : जहां कानून अपना काम कर रहा है, वहां कांग्रेस धरना-प्रदर्शन क्यों करना चाहती है?

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किए जाने के बाद पिछले दो दिनों से कांग्रेस ने जिस तरह देश और प्रदेश में झूठा नैरेटिव सेट करके जनमानस में भ्रम फैलाने का काम किया है, वह कोई नई बात नहीं है। पिछले लोकसभा चुनाव से कांग्रेस इसी तरह झूठ फैलाने का काम कर रही है। श्री देव ने कहा कि ईडी की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस धरना-प्रदर्शन कर रही है, वह एक राजनीतिक दल के तौर पर कांग्रेस का अधिकार तो है, लेकिन जिस कांग्रेस पर जमीन और सरकारी फण्ड लूटने का आरोप है, वह कांग्रेस उस विषय को लेकर जब धरना-प्रदर्शन करे तो आश्चर्य होता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने गुरुवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में कहा कि इस मामले में ईडी ने एक लम्बी जाँच प्रक्रिया से गुजरकर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है जिसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल हैं। यह निश्चित है कि इस मामले में कांग्रेस का देश को झकझोर देने वाला षड्यंत्र उजागर हुआ है। अब इस मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने और न्यायपालिका पर दबाव बनाने के लिए कांग्रेस ने अब धरना प्रदर्शन को अपराध संरक्षण का हथियार बना लिया है। पर यह नहीं भूला जाना चाहिए कि कांग्रेस को किसी भी सूरत में जमीन और फंड लूटने का अधिकार नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं।

श्री देव ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी बेल पर हैं। उन्होंने पूरी कार्रवाई को खारिज करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। सिर्फयही राहत मिली कि आप खुद कोर्ट में अपीयर न होकर अपने वकील के माध्यम से अपीयर हो सकते हैं। यह मामला पिछले कई सालों से चल रहा है, जिसमें राहुल गांधी और सोनिया गांधी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

सुशासन तिहार का असर: आवेदनों पर कार्रवाई शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर रायपुर जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। पहले चरण में आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे, अब इन पर कार्रवाई शुरू हो गई है। आमजनों के आवेदन पर जिले के अधिकारी गंभीरता से काम कर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं।आरंग विकासखंड के ग्राम भानसोज के निवासी श्री नरोत्तम साहू का ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बना पाया था। जब उन्होंने इस आयोजन के बारे में सुना तो समाधान पेटी में आवेदन डाला। साहू के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए परिवहन विभाग के अधिकारियों ने साहू से संपर्क किया और कार्यालय बुलाकर कागजी कार्यवाही पूरी की गई। उनका टेस्ट लिया और कुछ ही समय में उनका लर्निंग लाइसेंस बना दिया गया।

आरडीए अध्यक्ष नंदकुमार साहू की पहली समीक्षा बैठक

नगर विकास योजनाओं और रिडेव्हलेपमेंट की योजनाएं पर होगा काम

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू ने आज प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली और कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कमल विहार जैसी नई नगर विकास योजनाएं (टॉऊन डेव्हलेपमेंट स्कीम) बनाने और रिडेव्हलेपमेंट योजना पर कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। बजट की जानकारी लेते हुए उन्होंने पूर्ण विकसित हो चुकी योजनाओं को नगर पालिक निगम और विद्युत सब-स्टेशन विद्युत मंडल को हस्तांतरित करने तथा वर्तमान योजनाओं में साफ - सफाई, बकाया राशि वसूली पर जोर दिया।

समीक्षा बैठक में प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार के निर्देशन में तैयार किए गए पावर पाईंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से वर्तमान में चल रही विकास और निर्माण योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें कौशल्या माता विहार नगर विकास योजना, इन्द्रप्रस्थ रायपुरा, बोरियाखुर्द योजना निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माणाधीन फ्लैट्स, डिपाजिट योजना के अन्तर्गत देवेन्द्रनगर योजना में बन रहे प्रधानमंत्री एकता माल की भी जानकारी दी गई। चर्चा के दौरान प्राधिकरण की संपत्ति विक्रय का विवरण और शिकायतों के लिए इंटनेट के माध्यम से ऑनलाईन सुविधा प्रारंभ किए जाने के बारे में बताया गया कि इससे कोई भी भारतीय नागरिक रायपुर में प्राधिकरण की संपत्तियों को खरीदने के लिए देश - दुनियां के किसी भी कोने से आवेदन कर सकता है। यह प्रक्रिया काफी पारदर्शी है। इससे प्रापर्टी एजेंन्ट आम लोगों को परेशान नहीं कर पाएंगे।

समीक्षा बैठक में यह भी बताया गया कि आरडीए इस समय कर्ज से मुक्त संस्था है तथा टिकरापारा के पुराने 96 टिनामेन्टस के न्यू डेव्हलपमेंट पर कार्य कर रहा है। राज्य शासन व्दारा टिकरापारा के 96 टिनामेन्टस को जर्जर घोषित करने के बाद इसकी अंतिम घोषणा तथा निविदा प्रक्रिया किया जाना है। आरडीए अध्यक्ष श्री साहू को प्राधिकरण की उपलब्ध विक्रय योग्य संपत्तियों की भी जानकारी दी गई ।

विश्वसनीय हेल्थकेयर की पहचान | वी केयर सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल की नौवीं वर्षगांठ

100 बिस्तरों का अस्पताल पूर्णतः आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मेडिकल क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में गिने जाने वाले तेलीबांधा रिंग रोड नंबर 1 में स्थित वी केयर सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने सफलतापूर्वक नौ वर्ष पूर्ण कर दसवें वर्ष में प्रवेश किया। वी केयर हॉस्पिटल के प्रमुख डायरेक्टर डॉक्टर विवेक पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके हॉस्पिटल ने छत्तीसगढ़ वासियों के असीम सहयोग व विश्वास से तथा हॉस्पिटल के सभी साथी डॉक्टर्स, नर्स व कर्मचारियों के सहयोग से सफलतापूर्वक 9 वर्ष पूर्ण कर दसवें वर्ष में प्रवेश किया है। इस अपार स्नेह के लिए उन्होंने समस्त छत्तीसगढ़ वासियों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि विगत 9 वर्षों में वी केयर हॉस्पिटल ने लोगों का विश्वास हासिल किया है, जो अपने आप में गौरवपूर्ण उपलब्धि है। उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि विगत के वर्षों में 50 हजार से अधिक *OPD* 20 हजार से अधिक *सर्जरी* 25 हजार से अधिक *IPD* एवं अन्य जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक पूर्ण की गई ।

100 बिस्तरों का अस्पताल पूर्णतः आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है जिसमें एडवांस ऑर्थोपेडिक ट्रॉमा विभाग, घुटने एवं कंधे की ऑर्थोस्कोपी, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटर, न्यूरो सर्जरी, क्रिटिकल केयर यूनिट, स्त्री एवं प्रसूति रोग, जनरल सर्जरी, मिनिमल एक्सेस सर्जरी विभाग, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी एवं एंडोस्कोपी यूनिट, मेडिसिन एवं डायलिसिस यूनिट, श्वास एवं छाती रोग, थोरेसिक एवं वास्कुलर सर्जरी, पीडियाट्रिक विभाग, यूरोलॉजी विभाग, कान नाक एवं गला रोग विभाग, कैंसर केयर यूनिट, मनोरोग विभाग, प्लास्टिक सर्जरी विभाग, आदि विभागो की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

सभी विभागों में अनुभवी व दक्ष विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान कर रह

उपरोक्त सभी विभागों में अनुभवी व दक्ष विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। सुविधाओं का विस्तार करते हुए नए विभाग की सेवाए भी आरंभ की गई है । इनमें न्यूरोलॉजी एवं स्पाइन केयर, यूरोलॉजी स्टोन क्लीनिक भी आरंभ किया गया है। इसमें बहुत ही गुणी विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। भविष्य में इलाज के लिए लोगों को दूसरे राज्य ना जाना पड़े ,मरीजों को संपूर्ण इलाज यहां पर ही उपलब्ध कराया जा सके ऐसा प्रयत्न किया जा रहा है।

न्यूज़ गैलरी

जो गड़बड़ करेगा कार्रवाई होगी, ईडी-सीबीआई के गलत इस्तेमाल के आरोपों पर दो टूक

नई दिल्ली। विपक्ष की ओर से ईडी और सीबीआई के गलत प्रयोग की अलोचनाओं पर बोलते हुए जितिन प्रसाद ने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन है। उनके पास देश के लिए कोई पॉलिसी नहीं है। मोदी सरकार ने जो काम किए हैं वे सबके सामने हैं। अगर यह विपक्ष को नहीं दिखता है, तो यह उनकी परेशानी है। जहां तक ईडी और सीबीआई कर्रवाई की बात है, तो सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। जो गड़बड़ करेगा कार्रवाई होगी।देश की विपक्षी पार्टियां ईडी और सीबीआई के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाकर केंद्र सरकार की अलोचना करती रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने गुरुवार को लखनऊ में अमर उजाला संवाद के मंच पर इन आलोचनाओं का जवाब दिया। विपक्ष की ओर से ईडी और सीबीआई के गलत प्रयोग की अलोचनाओं पर बोलते हुए जितिन प्रसाद ने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन है। उनके पास देश के लिए कोई पॉलिसी नहीं है। मोदी और योगी सरकार ने जो काम किए हैं वे सबके सामने हैं। एयरपोर्ट बने हैं। हाइवे बने हैं। उत्तर प्रदेश का पूरे विश्वभर में पहचान बनी है। यह किसी से छिपा तो नहीं है। अब अगर विपक्ष इसपर कुछ नहीं कर पा रही है तो यह विपक्ष की हताशा है। ईडी-सीबीआई के गलत इस्तेमाल पर जितिन प्रसाद ने कहा कि कानून अपना काम कर रहा है। कानून और एजेंसियां अपने मुताबिक काम करतीं हैं। जो गड़बड़ करेगा उस पर कार्रवाई होगी। सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाती है। कोई भी बख्शा नहीं जाता है और यह सबके समान चीज है। जितिन प्रसाद ने कहा कि विपक्ष क्या कह रहा है, इस पर मैं नहीं जाना चाहता हूं। मैं तो देश की जनता को बताना चाहता हूं कि जो कार्य हो रहे हैं, भारत की गरिमा, भारत की प्रतिष्ठा, भारत के काम, भारत का डंका जो बज रहा है विश्व भर में वह सबके सामने है।

फिच ने भारत का वृद्धि दर अनुमान 10 आधार अंक घटाकर 6.4 फीसदी किया

नई दिल्ली। फिच रेटिंग्स ने वैश्विक व्यापार युद्ध से जुड़ी गंभीर चिंताओं को देखते हुए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को घटा दिया है। एजेंसी ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 10 आधार अंक घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया। फिच रेटिंग्स ने वैश्विक व्यापार युद्ध से जुड़ी गंभीर चिंताओं को देखते हुए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को घटा दिया है। एजेंसी ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 10 आधार अंक घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया। हालांकि, अगले वित्त वर्ष के लिए एजेंसी ने अपने अनुमानों को बरकरार रखा है। फिच ने तिमाही वैश्विक आर्थिक परिदृश्य (जीईओ) पर अपने विशेष अपडेट में कहा, ÷अमेरिकी व्यापार नीति के बारे में पूरे विश्वास के साथ भविष्यवाणी करना कठिन है।

जियो भारत फोन में यह सेवा बिना किसी अतिरिक्त शुल्क और डिवाइस के उपलब्ध

राजस्थान में छोटे व्यापारियों के लिए जियो साउंड पे ने आसान बनाया यूपीआई भुगतान

जयपुर। रिलायंस जियो के जियो भारत फोन का साउंड पे फीचर राजस्थान में छोटे व्यापारियों के लिए यूपीआई भुगतान को आसान और किफायती बना रहा है। जहां अन्य यूपीआई प्लेटफॉर्म 125 रुपए प्रति माह चार्ज करते हैं, वहीं जियो भारत फोन में यह सेवा बिना किसी अतिरिक्त शुल्क और डिवाइस के उपलब्ध है। इस सुविधा के जरिए व्यापारियों को रियल-टाइम ऑडियो पेमेंट अलर्ट मिलता है।

राजस्थान में लगभग 26.87 लाख एमएसएमई संचालित हैं, जिनमें थोक और खुदरा व्यापारी भी शामिल हैं। उनके लिए जियो भारत फोन एक किफायती डिजिटल लेनदेन उपकरण साबित हो रहा है। सिर्फ 699 रुपए की कीमत में मिलने वाला यह 4जी फोन सालाना 1500 रुपए की बचत कराता है। साथ ही, इसमें जियो पे, जियो सिनेमा, जियो सावन और 455 प्लस लाइव टीवी चैनल जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं। अजमेर की ई-मित्र संचालक गायत्री तुनवाल ने बताया कि अब वह यूपीआई भुगतान की जानकारी के लिए एंड्रॉयड फोन की जगह जियो भारत फोन इस्तेमाल कर रही हैं। उनका फोन यूपीआई पेमेंट की सूचना खुद देता है, जिससे महंगे साउंड बॉक्स की जरूरत खत्म हो गई।सवाई माधोपुर के मोबाइल दुकानदार दीपेश जैन ने बताया कि जहां अन्य प्लेटफॉर्म केवल भुगतान अलर्ट प्रदान करते हैं, वहीं जियो भारत फोन एक संपूर्ण डिजिटल पैकेज है, जो मनोरंजन और अन्य आवश्यक ऐप्स की सुविधा भी देता है। जयपुर के अचरोल क्षेत्र के बन्ना गुर्जर ने कहा, जियो भारत फोन पर स्विच करने से न केवल पैसे की बचत हुई है, बल्कि डिजिटल लेन-देन भी आसान हो गया है।जियो भारत फोन की यह सुविधा छोटे व्यापारियों के लिए यूपीआई भुगतान को अधिक किफायती और सुविधाजनक बना रही है।

बीते 24 घंटे में 1,477 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी

सोने ने बना डाला नया रिकार्ड, खरीदने वालों को अब जेब करनी होगी ढीली

नई दिल्ली। गोल्ड की कीमतों में लगातार तेजी जारी है और बुधवार को नया ऑल टाइम हाई बनाया। आईबीजेए के मुताबिक, 24 कैरेट गोल्ड की कीमत में बीते 24 घंटे में 1,477 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 24 कैरेट के गोल्ड की कीमत 1,477 रुपये बढ़कर 94,579 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 93,102 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट गोल्ड के दाम बढ़कर 92,310 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट गोल्ड की कीमत भी बढ़कर 76,610 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। हाजिर बाजार के साथ वायदा बाजार में भी गोल्ड की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर गोल्ड के 6 जून 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का भाव 1.90 प्रतिशत बढ़कर 95,435 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी गोल्ड की कीमतें ऑल-टाइम हाई पर बनी हुई है। गोल्ड के दाम 3,320 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गए हैं। गोल्ड के दाम में तेजी की वजह वैश्विक स्तर पर अस्थिरता को माना जा रहा है। इसके अलावा अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वार से लोग सुरक्षित माने जाने वाले गोल्ड में निवेश कर रहे हैं, जिससे गोल्ड की कीमतों को सहारा मिल रहा है। कोटक सिक्योरिटीज में कमोडिटी रिसर्च की सहायक उपाध्यक्ष, कायनात चैनवाला ने कहा कि बढ़ते व्यापार युद्ध से जुड़ी चिंताओं के कारण गोल्ड ने रिकॉर्ड ऊंचाई को छुआ।उन्होंने आगे कहा कि ट्रंप के नवीनतम नीतिगत कदमों से वैश्विक स्तर पर निवेशकों में घबराहट बढ़ रही है। निवेशक अब आगामी अमेरिकी खुदरा बिक्री डेटा और फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के भाषण पर कड़ी नज़र रख रहे हैं, जो बुधवार को होने वाला है।2025 की शुरुआत से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपये से 18,417 रुपये या 24 प्रतिशत बढ़कर 94,579 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है।

वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के परिधान निर्यात में जबरदस्त उछाल

नई दिल्ली। भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) के अनुसार, 31 मार्च, 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष के दौरान भारत के वस्त्र और परिधान निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में 6.32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस वृद्धि के लिए परिधान क्षेत्र अहम रहा। एक विश्लेषण से पता चलता है कि वस्त्र और परिधान के निर्यात में यह वृद्धि मुख्य रूप से परिधान निर्यात के कारण हुई है, जिसमें चालू वित्त वर्ष के दौरान 10.03 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।सीआईटीआई के अध्यक्ष राकेश मेहरा ने कहा, वैश्विक चुनौतियों के बीच परिधान निर्यात में मजबूत प्रदर्शन और वस्त्रों में स्थिर वृद्धि भारतीय वस्त्र और परिधान उद्योग की मजबूती, अनुकूलनशीलता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता को उजागर करती है।उन्होंने इसका श्रेय 'नए व्यापार गठबंधन बनाने' की बढ़ती गति और सरकार द्वारा सहायक नीतिगत निर्णयों को दिया, जिससे निर्यातकों के बीच विश्वास पैदा करने में मदद मिली।मेहरा ने इस बात पर भी जोर दिया कि उद्योग इस वृद्धि को बनाए रखने को लेकर खासकर विकसित हो रहे वैश्विक व्यापार गतिशीलता को देखते हुए आशावादी बना हुआ है।

कैरियर माइडिया इंडिया ने पैन-इंडिया स्टार रश्मिका को माइडिया एचवीएसी का ब्राण्ड अम्बेसडर बनाया

पटना। भारतीय एयर कंडीशनिंग उद्योग में जाने-माने नाम कैरियर माइडिया इंडिया ने एचवीएसी कैटेगरी में अपने माइडिया ब्राण्ड के लिए अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। भारत में एयर कंडीशनिंग के प्रतिस्पर्धी बाज़ार में माइडिया एचवीएसी की स्थिति को मजबूत बनाना और मार्केटिंग के ज़रिए ब्राण्ड की पंहुच बढ़ाना इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य है। यह साझेदारी ऐसे समय में की गई है जब बढ़ते शहरीकरण, बढ़ती डिस्पोज़ेबल आय और उर्जा दक्ष कूलिंग समाधानों पर बढ़ते फोकस के साथ भारत का एयर कंडीशनिंग सेगमेन्ट विकास के दौर से गुज़र रहा है। उम्मीद है कि अगले पांच सालों में यह सेक्टर अच्छी दर से विकसित होगा।

न्यायालय तहसीलदार पंडरिया जिला-कबीरधाम

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202503081100030
अ 20(1) 2024-2025
आवेदक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पंडरिया जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
विरूद्ध
छ.ग. शासन

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम पंडरिया प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. व तहसील पंडरिया को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर (नजूर शाखा) के ज्ञापन क्रमांक/1586/नजूल/2024-25 कबीरधाम दिनांक 04/03/2025 के अनुसार नगरीय क्षेत्र पंडरिया के शासकीय भूमियों को नजूल घोषित करने बाबत राजस्व पुस्तक परिचय खण्ड 4-1 एवं छ.ग. शासन राजस्व आपदा प्रबंधन तथा पुनर्वास विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर के पत्र दिनांक 19/01/2017 के अनुसार एवं कलेक्टर सिल कबीरधाम के आदेश क्रमांक/641/ स्थापना/ F-20 (V)/ 2025 कबीरधाम दिनांक 20/01/2025 के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अनुभाग पंडरिया का नजूल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। प्रकरण दर्ज कर सार्वजनिक ईश्तहार का पेपर प्रकाशन एवं अन्य औपचारिक कार्यवाही पूर्ण कर प्रकरण प्रेषित किए जाने हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में खसरा एवं रकबा वितरण की सूची पृथक से संलग्न है। जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 11/05/2025 को प्रात) 11.00 बजे तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

उपरोक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 11/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, पण्डरिया,जिला-कबीरधाम

श्रीमान पब्लिक नोटरी तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

शपथ-पत्र

कमलेश कुमार प्रजापति उम्र 28 वर्ष, पिता श्यामलाल प्रजापति, जाति कुम्हार, निवासी जोंधरा, तहसील मस्तुरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) .... शपथकर्ता

शपथकर्ता निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं :-

01. यह कि शपथकर्ता का नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
02. यह कि शपथकर्ता के पुत्र का जन्म दिनांक 24/02/2014 को स्थान ग्राम पंचायत जोंधरा में हुआ है जिसके नाम पर ग्राम पंचायत जोंधरा से जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है।
03. यह कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र में शपथकर्ता के पुत्र का नाम- सूर्या कुमार प्रजापति दर्ज है जो सत्य एवं सही है।
04. यह कि शपथकर्ता के पुत्र के आधार कार्ड क्र. 8940 8728 3903 में नाम- सूरज प्रजापति दर्ज है जो त्रुटिवश दर्ज हो गया है।
05. यह कि शपथकर्ता अपने पुत्र के आधार कार्ड में जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार नाम- सूर्या कुमार प्रजापति दर्ज कराने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा है।

सत्यापन :- मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि कंडिका 01 से 05 में दी गई जानकारी सत्य एवं सही जिसे आज दिनांक 08/04/2025 को मुकाम कसडोल में उपस्थित होकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूं।

शपथकर्ता

नाम-परिवर्तन

मै, संजय लक्ष्मीकांत मरघडे पिता श्री लक्ष्मीकांत मरघडे आयु 60 वर्ष निवासी एम.आई.जी.658 पद्माभपुर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक पेश करता हूं। यह कि में उपरोक्त पते पर निवास करता हूं। यह कि मेरे समस्त दस्तावेज स्कूल रिकार्ड, भारतीय स्टेट बैंक शाखा के पास बुक मे मेरा नाम संजय लक्ष्मीकांत मरघडे पिता श्री लक्ष्मीकांत मरघडे दर्ज है जो कि सही व सत्य है। यह कि मेरे आधार कार्ड कमांक 4762 6409 7065 मे मेरा नाम संजय मरघडे एवं पॅन कार्ड कमांक AEEPM2770Q मे मेरा नाम संजय मरघडे दर्ज है। यह कि मेरा नाम संजय लक्ष्मीकांत मरघडे, संजय मरघडे (S.L.MARGHADE) ये सभी नाम मेरा स्वयं का ही (एक व्यक्ति) का नाम है। यह कि अब मेरा नाम संजय मरघडे पिता श्री लक्ष्मीकांत मरघडे के नाम से जाने व पहचाने एवं समस्त दस्तावेज मे इस नाम दर्ज करवाने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है। अत: यह शपथ पत्र उपरोक्त जानकारी कि समर्थन मे श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
देवेन्द्र कुमार गेन्ड्रे

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00005 भेड़सर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430100900008 [illegible]

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तायार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104800125 [illegible]

[illegible] पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00005 गनियारी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430100800002 [illegible]

[illegible] आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

// सूचना //

मैं ललित दास मानिकपुरी प्रो. मेसर्स चंगोरी सेण्ड माईन, निवासी सल्का, तहसील कोटा, जिला - बिलासपुर (छ.ग.) यह सूचित करता हूं कि ग्राम-चंगोरी, तहसील-लवन, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के खसरा क्रमांक 909 (भाग) रकबा 4.9 हेक्टेयर पर रेत उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिए राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छ.ग. के पत्र क्रमांक 3034/एस.ई.आई.ए.ए., छ.ग./ रेत/ 2638 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 19/02/2024 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

मेसर्स चंगोरी सेण्ड माईन
प्रो. ललित दास मानिकपुरी
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

// सूचना //

मैं गणेश चंद्र शुक्ला प्रो. मेसर्स पिकरी सेण्ड माईन निवासी- रामदास नगर, टिकरापारा तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.) यह सूचित करता हूं कि ग्राम- पिकरी तहसील कसडोल जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के खसरा क्रमांक 1 (भाग) रकबा 4.9 हेक्टेयर पर रेत उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिए राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण छ.ग. के पत्र क्रमांक 3022/ एस.ई.आई.ए.ए., छ.ग./रेत/ 2637 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 16/02/2024 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

मेसर्स पिकरी सेण्ड माईन
प्रो. गणेश चन्द्र शुक्ला
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय सहायक संचालक उद्यान
शासकीय बीजोत्पादन एवं प्रगुणन प्रक्षेत्र, बाना
जिला- रायपुर (छ.ग.)
E-mail- horti-banaraipur.cg@gov.in

क्र./उ./तक./फल बहार नीलामी/ 2025-26/127 बाना, दिनांक 15/04/2025

आम फल बहार नीलामी सूचना

सर्व फल विक्रेताओं एवं इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि सहायक संचालक उद्यान शासकीय बीज प्रगुणन प्रक्षेत्र बाना अंतर्गत आम फल बहार वर्ष 2025-26 की नीलामी दिनांक 25.04.2025 दिन शुक्रवार दोपहर 2.30 बजे किया जाना है जो भी व्यक्ति नीलामी में बोली लगाकर आम फल बहार लेना चाहता है नीलामी के पूर्व नीलामी की नियम एवं शर्तें तथा आम फल बहार का अवलोकन सहायक संचालक उद्यान शासकीय बीज प्रगुणन प्रक्षेत्र बाना पर आकर कर सकते हैं। सरकारी बोली राशि रु. 150,000/- के ऊपर से नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति प्रक्षेत्र पर राशि रु. 3000 जमा कर कटहल फल बहार नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

अस्तु सूचनार्थ विज्ञापित

जी-252600347/2

सहायक संचालक उद्यान,
शास. बीज प्रगुणन प्रक्षेत्र
बाना रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)
क्रमांक: 236/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25
फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक पी.नानीचन्द्रा पिता पी. रमना राव निवासी म.क्र. 22/ई , स्ट्रीट नंबर 52, जोन नं. 02, सेक्टर 11, खुर्सीपार, भिलाई दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 490011 आवेदिका पल्लवी पिता वीर सिंग निवासी म.क्र. 10 , स्ट्रीट नंबर 52, जोन नं. 02, साई बाबा मन्दिर के पास सेक्टर 11, खुर्सीपार, भिलाई दुर्ग जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 490011 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 24/04/2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि. के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 19/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर — अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं देवेन्द्र कुमार ग्रेन्ड्रे पिता श्री भागवत प्रसाद गेन्ड्रे उम्र 43 वर्ष जाति - सतनामी निवासी- ग्राम घुघसीडीह तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का हूँ जो निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार हैं। यह कि, मेरी पुत्री गरिमा गेन्ड्रे (GARIMA GENDRE) का जन्म 27/02/2014 कों सांई हास्पिटल उतई दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग छ.ग. में हुआ है जिसका पंजीयन नगर पंचायत उतई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा किया गया है। यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम गरिमा गेन्ड्रे (GARIMA GENDRE) पिता क नाम श्री देवेन्द्र कुमार गेन्ड्रे (DEVENDRA KUMAR GENDRE) एवं माता का नाम श्रीमति पुष्पा गेन्ड्रे (PUSHPA GENDRE) दर्ज है, एवं मेरे पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम गरिमा गेन्ड्रे (GARIMA GENDRE) पिता क नाम श्री देवेन्द्र कुमार गेन्ड्रे (DEVENDRA KUMAR GEN-DRE) दर्ज हैं एवं पुत्री के माता के आधार कार्ड में उसका नाम पुष्पा बाई गेन्ड्रे (PUSH-PA BAI GENDRE) दर्ज हैं। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज माता का नाम श्रीमति पुष्पा गेन्ड्रे (PUSHPA GENDRE) त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर माता का नाम श्रीमति पुष्पा बाई गेन्ड्रे (PUSHPA BAI GENDRE) दर्ज कराना चाहती हूँ एवं ऑफलाईन दर्ज है जिसे मैं ऑन लाईन दर्ज कराना चाहती हूँ जिसके समर्थन मे यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
देवेन्द्र कुमार गेन्ड्रे

नाम-परिवर्तन

मैं मधु पति भूपेश कुमार उम्र 31 वर्ष जाति कुर्मी निवासी ग्राम पन्दर तह. पाटन व जिला दुर्ग छ.ग. की हूँ जो निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार हैं। यह कि, मेरी पुत्री वाणी वर्मा (VANI VERMA) का जन्म 04/12/2017 को महिमा हास्पिटल उतई, तह. व जिला दुर्ग छ.ग. में हुआ है जिसका पंजीयन नगर पंचायत उतई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा किया गया है। यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम वाणी वर्मा (VANI VERMA) पिता का नाम भूपेश कुमार वर्मा (BHOOPESH KUMAR VERMA) एवं माता का नाम मधु वर्मा (MADHU VERMA) दर्ज है। यह कि, मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम भूपेश कुमार वर्मा (BHOOPESH KUMAR VERMA) एवं माता का नाम मधु वर्मा (MADHU VERMA) त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर पिता का नाम भूपेश कुमार (BHOOPESH KUMAR) एवं माता का नाम मधु (MADHU) दर्ज कराना चाहती हूँ जिसके समर्थन मे यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
मधु पति भूपेश कुमार

नाम-परिवर्तन

शपथकर्ता हेमंत कुमार चौधरी पिता गजानंद चौधरी निवासी-25-ए., सडक नं. 6, सेक्टर-02 वार्ड नं 39 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन पूर्वक करता हूं यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि, मेरे नाम से जारी भारत सरकार आचार कार्ड नं. 8603 1255 9770 में मेरा नाम हेमंत कुमार चौधरी (HEMANT KUMAR CHOUDHARY) अंकित है। इसी प्रकार नाम मेरे पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड नं. 4909 1564 4898 में उसका नाम अनुराग चौधरी (ANURAG CHOUDHARY) पिता हेमंत कुमार चौधरी (HEMANT KUMAR CHOUDHARY) अंकित है। यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम अनुराग चौधरी (ANURAG CHOUD-HARY) पिता हेमंत कुमार चौधरी (HEMANT KUMAR CHOUD-HARY) अंकित है। यह कि मेरे पुत्र की जन्मतिथि 31/08/2015 है जो भिलाई स्टील संयंत्र भिलाई दुर्ग जिला दुर्ग छ.ग. में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत है जिसके अंकसूची एवं दाखिला पंजी में पुत्र का नाम ANURAG CHOUD-HARY पित्ता का नाम HEMANT CHOUDHARY अंकित है। मेरे पुत्र के सही व वास्तविक नाम अनुराग चौधरी (ANURAG CHOUDHARY) पित्ता हेमंत कुमार चौधरी (HEMANT KUMAR CHOUD-HARY) के नाम से गजट प्रकाशन करवाने इसी आधार पर मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अन्य दस्तावेजो में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेज श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
हेमंत कुमार चौधरी

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202504101000027
/अ-06/ सन्- 2024-25
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 202504101000027अ/6वर्ष 2024-25 में आवेदिका/आवेदक अखिलेश दुबे पिता रमेश चंद दुबे (आर.सी. दुबे) निवासी भाठापारा पुरानी बस्ती कुरुद भिलाई द्वारा ग्राम- कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 4323 रकबा 0.0300 वर्गफीट भूमि अखिलेश दुबे एवं रमेशचंद दुबे (आर.सी. दुबे) के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी रमेशचंद दुबे (आर.सी.दुबे) आ. यादव राम दुबे की मृत्यु दिनांक 26.12.2024 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर शेष खातेदारों का नाम राजस्व अभिलेख में यथावत् रखे जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज बी-01 की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति आदि प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 13/05/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
Email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत पिरदा, रायपुर में स्थित एल.आई.जी. भवन क्रमांक-42 को इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक 6258 दिनांक 30.11.2013 के द्वारा श्रीमती रंजीता पाणिग्रही पति श्री गोपाल रंजन पाणिग्रही के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5818 दिनांक 22.09.2018 को भवन का आधिपत्य प्राप्त कर उपपंजीयक कार्यालय से दिनांक 09.08.2018 में लीजडीड निष्पादित करा लिया गया है।

वर्तमान में आबंटी श्रीमती रंजीता पाणिग्रही पति श्री गोपाल रंजन पाणिग्रही निवासी कचना रेल्वे क्रासिंग के पास, नीलांचल विहार पो. शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री ध्यान सिंह पिता श्री रंजीत सिंह निवासी-पापटोली पौरी, गरवाल जिला गरवाल (उत्तराखंड) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त करने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-2, शंकर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पंचायत कुरूद
जिला- धमतरी (छ.ग.)
पता- पुराना बाजार चौक कुरूद, ई-मेल आईडी- kurudnp@gmail.com
क्रमांक/ 915/लो.नि.वि./वा.नि.आ.सू./2025-26 कुरूद, दिनांक 17/04/2025

-:: वार्षिक मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-

नगर पंचायत कुरूद, जिला-धमतरी को वर्ष 2025-26 (31.03.2026 तक) के लिए विभिन्न सामग्रियों के आपूर्ति, छपाई एवं मरम्मत-संधारण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/संस्था/ फर्म/ दुकानदार व व्यक्तियों से वार्षिक मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

निर्धारित तिथि एवं समय :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 25.04.2025 सायं 5.30 बजे तक
2. कोरे निविदा हेतु शुल्क राशि जमा करने की अंतिम तिथि - 29.04.2025 सायं 5.30 बजे तक
3. कोरा निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 05.05.2025 सायं 5.30 बजे तक
4. स्पीड पोस्ट से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 13.05.2025 दोपहर 3.00 बजे तक
5. निविदा खोले जाने का दिनांक - 13.05.2025 सायं 4.00 बजे

उपरोक्त कार्यों के लिए निविदा की विस्तृत/ सामान्य शर्तें, निर्धारित तिथि, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से एवं विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती। (कुल कार्यों की संख्या 12, कुल लागत राशि 84.00 लाख रु.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कुरूद
जिला-धमतरी (छ.ग.)

राज्य निर्माण के बाद नहीं हुआ शहरवासियों की उम्मीदों के अनुरूप दुर्ग का विकास : अलका बाघमार

अगले पांच साल में शहर में चौमुखी विकास की चमक बिखरेगी

कई स्तरों पर बनाए जाएंगे डवलपमेंट प्लान, होगा बेहतर तरीके से क्रियान्वयन, शहर में बेहिसाब अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात सबसे बड़ी समस्या

- आवारा कुत्ते और घुमंतू मवेशियों की समस्या से निपटना भी बड़ी चुनौती
- जलसंकट से निपटने पर दिया जाएगा विशेष ध्यान

हनीफनिजामी

दुर्ग/नवप्रदेश। महापौर अलका बाघमार ने पदभार ग्रहण करते ही शहर की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की दिशा में हर स्तर पर प्रयास शुरू कर दिया है। महापौर ने जागरूक नागरिकों से सुझाव लेने के बाद निगम की प्रशासनिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का प्रयास शुरू कर दिया है। पानी सप्लाई व्यवस्था, पार्किंग और अतिक्रमण के साथ आवारा कुत्तों और घुमंतू मवेशियों की समस्या से निबटने के लिये हर दिन बैठकें हो रही हैं। नवप्रदेश संवाददाता ने आज महापौर अलका बाघमार से शहर विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सवाल किये।

सवाल - राज्य निर्माण के बाद उम्मीदों के अनुरूप दुर्ग शहर का विकास हुआ या नहीं?

जवाब - राज्य निर्माण के बाद शहरवासियों को दुर्ग शहर के विकास की जितनी उम्मीदें थी, उतना विकास नहीं हो पाया है। लोगों को काफी अपेक्षाएं थी, लेकिन उस अनुपात में दुर्ग शहर का विकास नहीं हुआ है। अगले पांच साल में शहर का चौमुखी और समग्र विकास करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिये अलग-अलग वर्गों से चर्चा की गई है। लोगों की उम्मीदों के अनुरूप डपलपमेंट प्लान तैयार किये जाएंगे। केंद्र सरकार और राज्य सरकार के मार्गदर्शन में दुर्ग में विकास की चमक बिखेरी जाएगी।

सवाल - शहर की सबसे बड़ी समस्या क्या है?

जवाब - शहर में बेहिसाब अतिक्रमण, अव्यवस्थित यातायात और पार्किंग की विकराल समस्या है। पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रयास भी किया जाएगा। शहर का अंडरग्राउंड वाटर लेवल लगातार नीचे गिरता जा रहा है। भविष्य में भूजल स्तर और गिरने से रोकने के लिये प्लान बनाना जरूरी है। शहर को भविष्य में जल संकट से बचाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करना भी जरूरी है। इसके अलावा आवारा कुत्ते, सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों की समस्या से भी लोग परेशान हैं। इन समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

सवाल - अगले पांच साल में महापौर के रूप में शहर विकास को लेकर आपका विजन क्या है?

जवाब - व्यवस्थापन के साथ अतिक्रमण हटाने की योजना बन चुकी है। इसका क्रियान्वयन शीघ्र शुरू किया जाएगा। अतिक्रमण हटाने से पहले मुनादी कराई जाएगी। इसके बाद शहर को अतिक्रमणमुक्त करने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। इसके लिये कड़े फैसले लेना जरूरी है। पूरे शहर में ई रिक्शा की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। दो स्थानों पर ई रिक्शा स्टैंड बनाया जाएगा। कहीं भी ई रिक्शा खड़ा करने की बजाय व्यवस्थित तरीके से स्टैंड में ई रिक्शा खड़े करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जगह-जगह सड़कों पर ठेले खोमचे वाले खड़े होकर व्यवसाय कर रहे हैं। यह संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। सभी को व्यवस्थित तरीके से व्यवसाय करना होगा। सड़क पर अव्यवस्था फैलाने या कहीं भी ठेला पसरा लगाकर व्यवसाय करने से शहर का स्वरूप बिगड़ता है। शहर को संवारने की दिशा में बेहतर प्रयास किये जाएंगे।

सवाल - ट्रपल इंजिन की सरकार है। अगले पांच साल में क्या दुर्ग शहर स्मार्ट सिटी बनेगा?

जवाब - बिल्कुल। शहर को स्मार्ट सिटी बनाया जाएगा। अतिक्रमण, ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही अन्य समस्याओं का समाधान किया जाएगा। स्वच्छता, मल्ट लेवल पार्किंग और पिंक टायलेट सहित जनहित से जुड़ी अन्य छोटी-बड़ी समस्याओं का निराकरण करते हुए बेहतर सुविधाएं विकसित की जाएगी। मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री ने दुर्ग शहर के विकास के लिये भरपूर राशि देने का वादा किया है। अगले पांच सालों में दुर्ग शहर का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा। दुर्ग शहर को हर लिहाज से स्मार्ट सिटी बनाया जाएगा।

सवाल - शहर में पार्किंग समस्या, आवारा कुत्ते और मवेशियों की समस्या का समाधान कैसे होगा? क्या प्लान है?

जवाब - पार्किंग समस्या के लिये मल्टी लेवल पार्किंग बनाने की योजना है। प्रमुख सड़कों के किनारे वाहनों को बेतरतीबी से पार्किंग करने पर रोक लगाई जाएगी। इसके लिये जनता को भी सहयोग देना होगा। निगम प्रशासन की सजगता और आम जनता के सहयोग से पार्किंग की समस्या का समाधान किया जाएगा। आवारा कुत्तों की समस्या से निबटने के लिये डॉग हाउस बनाने का प्लान है। इसी तरह गौठान की चरमरा चुकी व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। यहां आवारा मवेशियों को रखा जाएगा।

सवाल - जलघर कॉम्पलेक्स और गंज मंडी कॉम्पलेक्स की दुकानें लेने के लिये व्यापारी तैयार नहीं हैं। शनीचरी बाजार में प्रस्तावित पालिका बाजार की दुकानें कौन लेगा?

जवाब - जलघर कॉम्पलेक्स और गंज मंडी कॉम्पलेक्स की दुकानों के मुद्दे पर नगरीय प्रशासन मंत्री से चर्चा की गई है। उन्होंने दुकानों के आवंटन प्रक्रिया का सरलीकरण करने का आश्वासन दिया है। प्रक्रिया का सरलीकरण होने के बाद दोनों कॉम्पलेक्स की दुकानों का आवंटन आसानी से हो जाएगा। जहां तक पालिका बाजार विकसित करने का मुद्दा है तो इसे पीपीपी मॉडल से विकसित किया जाएगा। इससे नगर निगम की आय भी बढ़ेगी और व्यवस्थित मार्केट का विस्तार भी होगा।

सवाल - 90 करोड़ की फेज टू योजना के बाद 150 करोड़ की अमृत मिशन योजना शुरू होने पर दावा गया कि शहरवासियों को 24 घंटे पानी सप्लाई किया जाएगा। दावे पूरा करना तो दूर, अभी तक नियमित पानी सप्लाई की व्यवस्था भी नहीं हो पा रही है।

जवाब - शहर की आबादी लगातार बढ़ रही है। इसके कारण नल कनेक्शन भी बढ़ रहे हैं। नल कनेक्शन बढने के कारण प्रेशर से पानी नहीं मिलता। इसके लिये तीन नई पानी टंकियों के निर्माण का प्रस्ताव है। नई टंकियों का निर्माण होने पर लोगों को भरपूर पानी मिलने लगेगा। कई बार मैकेनिकल या इलेक्ट्रिकल समस्या के कारण पानी सप्लाई में रुकावट आती है। यथासंभव इसे कम करने का प्रयास किया जाएगा। ताकि लोगों को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जा सके। नागरिकों को जलसंकट का सामना करना न पड़े, इसके लिये अधिकारियों को लगातार सजग होकर कार्य करने कहा गया है।

सवाल - करीब ढाई अरब रुपए के दो वाटर प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद भी शहर को टैंकर मुक्त नहीं किया जा सका है। नगर निगम द्वारा नए टैंकर खरीदे जा रहे हैं।

जवाब - कोशिश करेंगे कि अगले साल तक जलसंकट के लिये टैंकरों का उपयोग पूरी तरह बंद कर दिया जाए। इसके लिये पानी सप्लाई व्यवस्था बेहतर बनाने और मेंटेनेंस सहित सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का प्रयास कर रहे हैं। आम नागरिकों को मांगलिक कार्यों या निर्माण कार्यों के लिये अक्सर लोगों को पानी के टैंकरों की जरूरत पड़ती है। पुराने टैंकरों में लीकेज आदि की समस्या है। इसे देखते हुए नए टैंकर खरीदना जरूरी है।

सवाल - दुर्ग शहर को इंदौर की तर्ज पर क्लीन सिटी कैसे बनाएंगे?

जवाब - पब्लिक का सहयोग जरूरी है। कोई भी निकाय 24 घंटे सफाई व्यवस्था के लिये काम नहीं कर सकता है। आम जनता को सफाई व्यवस्था में सहयोग करना होगा। इधर-उधर कचरा फेंकने से गंदगी की समस्या रहेगी। हम सुधरेंगे तभी शहर सुधरेगा। आम जनता से सफाई व्यवस्था में सहयोग करने की अपील लगातार कर रहे हैं। आगे भी करेंगे। गंदगी फैलाने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

सवाल - कर्मचारियों को वेतन देने के लिये फंड का अभाव नगर निगम में सामान्य बात है। ठेकेदारों को भी करोड़ों का भुगतान नहीं हुआ है। नगर निगम की आर्थिक स्थिति कैसे सुधरेगी?

जवाब - नगर निगम की राजस्व वसूली बढ़ रही है। स्पैरो कंपनी ने टैक्स वसूली में काफी गड़बड़ी की है। नगर निगम की राजस्व विभाग की टीम ने काफी बेहतर काम किया है। यह व्यवस्था की जाएगी कि कर्मचारियों को समय पर वेतन मिले और अन्य जरूरी आवश्यकताएं भी पूरी होती रहे। विकास कार्य लगातार कराए जाएंगे। दो कॉम्पलेक्सों की दुकानों की आवंटन प्रक्रिया से भी निगम की आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

सवाल - मटन मार्केट और फिश मार्केट को मुख्य बाजार से हटाने की मांग अक्सर होती है। क्या प्लान है?

जवाब - मेन मार्केट में मछली मार्केट के कारण काफी समस्याएं हैं। कई साल पहले हाईजेनिक फिश मार्केट का निर्माण हो चुका है। मछली व्यवसाइयों को बहुत जल्द आधुनिक मछली मार्केट में शिफ्ट किया जाएगा। इससे मुख्य बाजार की सफाई व्यवस्था सुधरेगी। मटन मार्केट को भी बेहतर लोकेशन पर व्यवस्थित करने की योजना बनाई गई है। सड़क किनारे कहीं भी चिकन-मटन दुकान चलाने पर रोक लगाई जाएगी। इससे गंदगी बढ़ती है। व्यवस्था बिगाडने पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

सवाल - पूरे शहर में ठेले, पसरे की भरमार है। हर सड़क पर अवैध कब्जे हैं। अतिक्रमण कैसे हटाएंगे? कार्रवाई होती भी है तो कुछ दिन बाद स्थिति जस की तस हो जाती है। इस समस्या से कैसे निबटेंगे?

जवाब - सड़क किनारे मार्किंग की जाएगी। उस मार्किंग के भीतर ही ठेले, पसरे का संचालन करने की अनुमति दी जाएगी। जगह-जगह गुमटियां बनाई गई है। कई लोगों ने गुमटी लेकर ताला लगा दिया है। गुमटी का संचालन नहीं कर रहे हैं। अवैध ठेले और पसरे को व्यवस्थित किया जाएगा। कब्जे हटाकर व्यवस्थित किये जाएंगे। अतिक्रमण किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण हटने से यातायात व्यवस्था भी सुधरेगी।

संक्षिप्त खबरें

सीएम सचिवालय के चार अफसरों का ट्रांसफर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री सचिवालय में पदस्थ चार अधिकारियों का ट्रांसफर हो गया है। सामान्य प्रशासन से जारी आदेशानुसार राजेश जैन अनुभाग अधिकारी को मुख्यमंत्री सचिवालय से हटाकर पशुधन विकास विभाग, जयंत भगवान कोलते अनुभाग अधिकारी पशुधन विकास विभाग को मुख्यमंत्री सचिवालय, रीमती सरिता शंभरकर सहायक अनुभाग अधिकारी मुख्यमंत्री सचिवालय को राप्रवि-पुल, जितेश नागवंशी वरिष्ठ सचिवालय सहायक को राप्रवि पूल भेजा गया है।

ठगी का आरोपी यूपी में चढ़ा पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। थाना माना कैंप क्षेत्र के निवासी रविकांत कटारे से ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड एक्टिवेशन के बहाने ठगी करने वाले आरोपी को रायपुर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेन्द सिंह के निर्देश पर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के तहत की गई। जानकारी के अनुसार, घटना 2 वर्ष 9 माह पुरानी है। दिनांक 16 जुलाई 2023 को प्रार्थी रविकांत कटारे के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिसमें खुद को डीबीएस बैंक का प्रतिनिधि बताते हुए आरोपी ने क्रेडिट कार्ड एक्टिवेशन के नाम पर ओटीपी की जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद प्रार्थी के क्रेडिट कार्ड से 80,580 रुपये की धोखाधड़ी की गई। प्रकरण दर्ज होने के बाद सायबर सेल की तकनीकी सहायता से आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के रायबरेली निवासी विपीन कुमार पिता छितई प्रसाद के रूप में हुई। आरोपी विपीन कुमार द्वारा प्रार्थी से ओटीपी लेकर उनके खाते से रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए गए थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रधान आरक्षक संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रायबरेली में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक जितेंद्र दुबे, प्रधान आरक्षक संजय सिंह, आरक्षक कमलेश सिंह और सुनील ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी को रायपुर लाकर आगे की विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

सरजूबांधा तालाब को बचाने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के टिकरापारा स्थित प्राचीन सरूजबांधा तालाब में एक बार फिर से अतिक्रमण किया जा रहा है। उमंग कालोनी के पीछे से तालाब को 40-50 फीट तक पाटकर सड़क निर्माण किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का भी यहां खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। इसे लेकर आज कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल इस पर उचित कार्यवाही की मांग की है।

आबकारी विभाग की कड़ी कार्रवाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार धर-पकड़ अभियान चलाकर अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी उप निरीक्षक वृत्त राजनांदगाव ग्रामीण तुलेश्वरी देवांगन, मुख्य आरक्षक मिलाप मण्डावी, किशोरी कोर्राम, दीपक सिन्हा द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत गवालिंडिह नाला के पास अज्ञात 40 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची शराब एवं निर्माण सामग्री, पाईप, झुकनी सहित अन्य सामग्री जब्त किया गया।

आकाश तिवारी को मिली नई जिम्मेदारी

- कांग्रेस ने 10 नगर निगमों में घोषित किए नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम चुनाव में बुरी तरह पिछड़ने के बाद कांग्रेस ने दबदबा कायम करने के लिए बड़ा फेरबदर किया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने नगर निगमों में संगठनात्मक फेरबदल करते हुए नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष की नई सूची जारी कर दी है। प्रदेश के 10 नगर निगमों में कांग्रेस पार्षदों के बीच नई जिम्मेदारियां तय की गई हैं। रायपुर नगर निगम में आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष और जयश्री नायक को उप नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। कुछ दिन पहले पार्षद संदीप साहू को रायपुर नगर निगम का नेता प्रतिपक्ष घोषित किया गया था, लेकिन अब कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी समिति ने आदेश में संशोधन करते हुए आकाश तिवारी को यह जिम्मेदारी सौंपी है।

इन नगर निगमों में हुई नियुक्तियां

चिरमिरी
नेता प्रतिपक्ष -गायत्री बिरहा
उप नेता प्रतिपक्ष -मोहम्मद इकराम

अंबिकापुर
नेता प्रतिपक्ष -सफी अहमद
उप नेता प्रतिपक्ष- निम्मन राशि एक्का

रायगढ़
नेता प्रतिपक्ष -शेख सलीम नियारिया
उप नेता प्रतिपक्ष - विकास ठेठवार

कोरबा
नेता प्रतिपक्ष - कृपा राम साहू
उप नेता प्रतिपक्ष - डॉ. रामगोपाल कुर्रे

बिलासपुर
नेता प्रतिपक्ष -भरत कश्यप
उप नेता प्रतिपक्ष -संतोषी रामा बघेल

धमतरी
नेता प्रतिपक्ष -दीपक सोनकर
उप नेता प्रतिपक्ष -सत्येन्द्र देवांगन विशु

रायपुर
नेता प्रतिपक्ष -आकाश तिवारी
उप नेता प्रतिपक्ष -जयश्री नायक

दुर्ग
नेता प्रतिपक्ष-संजय कोहले
उप नेता प्रतिपक्ष - विजयंत पटेल

राजनांदगांव
नेता प्रतिपक्ष -संतोष पिल्लै
उप नेता प्रतिपक्ष -मुकेश साहू

जगदलपुर
नेता प्रतिपक्ष -राजेश चौधरी
उप नेता प्रतिपक्ष - कोमल सेना

10 जिलों में हल्की बारिश के आसार

- 38.6 डिग्री के साथ दुर्ग रहा सबसे गर्म, रात में सबसे कम तापमान भी यहीं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायपुर समेत 10 जिलों में आज हल्की बारिश के आसार हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोन सर्कुलेशन की वजह से छत्तीसगढ़ में मौसम बदला हुआ है। इसके चलते दिन और रात के तापमान सामान्य से कम बना हुआ है।

हालांकि, आंधी-बारिश के बावजूद बुधवार को सबसे गर्म दुर्ग रहा। यहां अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री टेम्प्रेचर दर्ज किया गया। वहीं, बस्तर संभाग के जिलों में बुधवार को अंधड़ के साथ बौछारें पड़ीं।

बस्तर संभाग में 20 अप्रैल तक हल्की बारिश

वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पिछले 24 घंटे में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ीं। मौसम विभाग के मुताबिक 20 अप्रैल तक संभाग के जिलों में मौसम बदला रहेगा और हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। बुधवार को जगदलपुर में अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री रहा जो सामान्य से 3.1डिग्री कम था। वहीं न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो औसत तापमान से 2.3 डिग्री कम रहा।

रायपुर में शाम को अंधड़ चलने की संभावना

रायपुर में आज मौसम साफ रहेगा लेकिन शाम होते तक तेज हवाएं और बादल छाने के आसार हैं। रायपुर में आज दिन का तापमान 39°Cऔर रात का तापमान 23°C के आसपास रहने का अनुमान है।

बुधवार को रायपुर में दिन का पारा 38.5 डिग्री रिकार्ड किया गया जो सामान्य से 1 डिग्री कम रहा। तापमान कम होने के बाद भी रायपुर में चुभन वाली गर्मी रही। वहीं रात का तापमान 23.6 डिग्री रहा जो सामान्य से कम रहा।

युवक से गाली-गलौज कर एक्टिवा को लगाया आग

रायपुर/नवप्रदेश। शमसान घाट सड्डू में एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर एक्टिवा वाहन में आग लगा दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनोज कुमार पांडेय 32 वर्ष इंद्रप्रस्थ कालोनी डीडीनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सोनू निर्मलकर साइट से लोहा लेकर जा रहा था, तभी प्रार्थी ने मना किया तो आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर उसके एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 06 जीए 9138 को आग के हवाले कर दिया।

78 महिलाओं से 30 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। दो महिलाओं ने 78 महिलाओं को रोजगार दिलाने का झांसा देकर 30 लाख से अधिक रुपए ठग लिए। प्रार्थिया की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी महिलाओं के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया त्रिवेणी जलत्री 32 वर्ष आरंग की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपिया राखी ध्रुव और पूनम नायक ने अपने आप को मां दंतेश्वरी लघु उद्योग एनजीओ चलाती हूं कहकर 78 महिलाओं को स्वरोजगार दिलाने का लालच देकर 40-40 हजार रुपए का लोग अलग-अलग बैंकों से निकलवा कर अपने पास रख लिया और प्रतिमाह 6 हजार रुपए मानदेय एवं रोजगार देने का आश्वासन देकर कुल 30 लाख 20 हजार रुपए का धोखाधड़ी किया। प्रार्थिया की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा, 7 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। मोबाइल में दोपहिया वाहन व पैसे देने का स्कीम चलाकर कई लोगों से 6 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी नेभन कुमार ताम्रकार 44 वर्ष गोवर्धन नगर नेवरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी रिषभ गोयल का रिषभ ऑटो मोबाइल्स नाम से दुकान है।

लापरवाही बर्दाश्त नहीं | मंत्री कश्यप ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश, सुशासन में प्राप्त आवेदनों का मई अंत तक करें निराकरण

टेंडर में फर्जी जानकारी : 108 ठेकेदारों पर कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आज शिवनाथ भवन, अटल नगर में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के प्रमुख सचिव, प्रमुख अभियंता सहित कार्यपालन अभियंता स्तर तक के सभी अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने बैठक में जल संसाधन विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि विभागीय कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जल संसाधन मंत्री कश्यप ने निर्देशों के बावजूद टेंडर प्रक्रिया में फर्जी जानकारी देकर भाग लेने वाले करीब 108 ठेकेदार जिनकी पहचान कर ली गई है। उन सभी पर एक सप्ताह के भीतर उनकी ईएमडी राजसात करने के साथ ही उन्हें एक वर्ष के लिए निविदा प्रक्रिया से बाहर करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री कश्यप ने प्रमुख अभियंता जल संसाधन को इस कार्रवाई का प्रतिवेदन देने के भी निर्देश दिए। मंत्री श्री कश्यप ने बैठक में 100 दिनों के भीतर सभी लंबित निविदाएं स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ कराए जाने के सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिम्मेदारी तय कर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को 100 दिन की समय-सीमा को ध्यान में रखने की विशेष हिदायत दी।

मंत्री कश्यप ने कहा कि वह स्वयं सभी संभागों का दौरा कर विभागीय कार्यों का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने बस्तर संभाग में देऊरगांव और मटनार योजना का कार्य शीघ्र शुरू कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय लोगों को जल समस्या से राहत मिलेगी और इंद्रावती नदी के जल का समुचित उपयोग हो सकेगा। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बेहतर हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने मुख्य अभियंता को 5 प्रतिशत निर्माण कार्यों का, अधीक्षण अभियंता को 10 प्रतिशत और कार्यपालन अभियंता अपने संभाग के 100 प्रतिशत कार्यों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की औचक जांच के लिए सभी संभागों में गठित उड़नदस्ता को सुशासन तिहार के दौरान निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

जल संसाधन मंत्री कश्यप ने प्रमुख सचिव को निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के तहत प्राप्त सभी जन शिकायतों व मांगों का वर्गीकरण कर मई माह के अंत तक उनका निराकरण किया जाए। प्राप्त आवेदनों में अन्य विभागों से संबंधित हैं, उन्हें दो दिवस के भीतर संबंधित विभाग को हस्तांतरित किए जाएं। उन्होंने सुशासन तिहार से संबंधित आवेदनों के निराकरण एवं समन्वय के लिए प्रमुख अभियंता कार्यालय में एक अधिकारी को नोडल की जिम्मेदारी देने के भी निर्देश दिए गए।

मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर समक्का, जोरानाला और पोलावरम जैसी परियोजनाओं से जुड़े अंतरराज्यीय जल विवादों को सुलझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वे स्वयं इन स्थलों का दौरा कर वस्तुस्थिति का जायजा लेंगे। बैठक के समापन पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण केवल नीति का विषय नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के प्रति हम सबकी जिम्मेदारी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com